


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 द्रविड़ का रवैया काफी सख्त था, गंभीर शांत हैं, अश्विन ने किया खुलासा

टिकट बेचे जा रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी जय तीरथ दहिया का बड़ा...12



वर्ष : 15 | अंक : 163 | नई दिल्ली, बुधवार, 25 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया इंडियन कोस्ट गार्ड कमांडर्स के 41वें सम्मेलन का उद्घाटन

- समुद्री सुरक्षा के मुद्दों पर तीन दिन मंथन करेंगे तटरक्षक बल के कमांडर
- स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए आईसीजी परियोजनाओं का होगा मूल्यांकन




नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को तटरक्षक मुख्यालय में कमांडरों के 41वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने तटरक्षक कमांडरों के साथ राष्ट्रीय और समुद्री सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की। 26 सितंबर तक चलने वाले सम्मेलन में कमांडर भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया' पहल के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई आईसीजी परियोजनाओं का मूल्यांकन करेंगे।

रक्षा मंत्री ने तटरक्षक बल के एडीजी एस परमीश और अन्य वरिष्ठ तटरक्षक कमांडरों के साथ राष्ट्रीय और समुद्री सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की। यह शीर्ष वार्षिक सम्मेलन तटरक्षक बल के वरिष्ठ कमांडरों के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मामलों पर सार्थक चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। यहां सभी भू-राजनीतिक परिदृश्यों और समुद्री सुरक्षा की जटिलताओं की पृष्ठभूमि में मंथन होगा। यह सम्मेलन आईसीजी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सम्मेलन के दौरान आईसीजी कमांडरों को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के साथ-साथ नौसेना प्रमुख और इंजीनियर-इन-चीफ के साथ बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा। सम्मेलन में की जाने वाली चर्चाएं समुद्री सुरक्षा के पूरे क्षेत्र में सेवाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए होंगी। साथ ही भारतीय तटरक्षक बल के विकास और बुनियादी ढांचे के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सम्मेलन में पिछले वर्ष किए गए प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और प्रशासनिक पहलों का मूल्यांकन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कमांडर समुद्री हितों की सुरक्षा के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण मील के पत्थरों पर विचार-विमर्श करेंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.0°C


न्यूनतम तापमान 24.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 75,800 |
| चांदी | 92,600 |
| संसेक्स | 84,577 |
| निफ्टी | 25,756 |

# मोदी ने की जेलेंस्की से मुलाकात, शांति प्रक्रिया में मदद की भारत की इच्छा दोहरायी

न्यूयॉर्क, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी।

गौरतलब है कि श्री मोदी और श्री जेलेंस्की की पिछले एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले श्री मोदी के यूक्रेन दौरे के दौरान दोनों नेता कीव में मिले थे।

श्री मोदी ने संघर्ष के समाधान के लिए भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को भी दोहराया और कहा कि दोनों पक्षों ( यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने के लिए एक मेज पर बैठना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक से पहले दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के मौके पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहरायी। मीडिया में जारी बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी ने 23 सितंबर को समिट ऑफ द फ्यूचर इन न्यूयॉर्क के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने श्री मोदी की हाल की यूक्रेन यात्रा को याद किया और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर सुदृढ़ीकरण पर संतोष व्यक्त किया। यूक्रेन की स्थिति और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने के तरीके पर भी उनकी प्रमुखता से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान श्री मोदी ने कूटनीति और संवाद के साथ-साथ सभी हितधारकों के बीच सहभागिता के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत के स्पष्ट, सुसंगत और रचनात्मक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने कहा कि संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

गौरतलब है कि पिछले तीन महीने से भी कम समय में दोनों नेताओं की यह तीसरी मुलाकात है। इस दौरान दोनों नेताओं ने निकट संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।

## भारतीय फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट तलवार केन्या की यात्रा पर मोम्बासा बंदरगाह पहुंचा



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना का फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तलवार केन्या की यात्रा पर है और 22 सितम्बर को मोम्बासा बंदरगाह पर पहुंचा है। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करना तथा रचनात्मक सहयोग और पारस्परिक विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। बंदरगाह पर जहाज के ठहरने के दौरान दोनों नौसेनाओं के कर्मी सहयोग बढ़ाने और अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के पेशेवर संपर्क और क्रॉस-एक्सचेंज यात्राओं में शामिल होंगे। भारत और केन्या सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंधों की नींव पर बने एक मजबूत बंधन को साझा करते हैं। हिंद महासागर से जुड़े भौगोलिक पड़ोसियों के रूप में दोनों राष्ट्र एक स्वाभाविक साझेदारी को संजोते हैं। पिछले कुछ वर्षों में नियमित उच्च-स्तरीय यात्राओं और बढ़ते व्यापार से निवेश मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्याई राष्ट्रपति विलियम समोई रूटो ने दिसंबर 2023 में केन्याई राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान संयुक्त विजन स्टेटमेंट जारी किया था। आईएनएस तलवार को 18 जून, 2003 को कमीशन किया गया था और यह पश्चिमी नौसेना कमान के तहत मुंबई में स्थित भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े का हिस्सा है।

## संक्षिप्त खबरें

### अदालत के बजट और इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में हम सरकार के साथ: सीजेआई

मुंबई। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि निःसंदेह कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के न्यायाधीश अपना काम पूरी स्वतंत्रता के साथ करते हैं। लेकिन जब भी बात बजट और बुनियादी ढांचे की आती है, तो हम सरकार के साथ खड़े होते हैं। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि बात जब अदालत के बजट और इन्फ्रास्ट्रक्चर की आए, तो कोर्ट सरकार के साथ खड़ी है।

### 10 हजार की रिश्वत लेते निदेशक पत्नी सहित रंगेहाथों गिरफ्तार, फरियादी से पत्नी ने ही लिए पैसे

इन्दौर। प्रशिक्षणार्थियों के नाश्ते एवं भोजन के बिल की राशि रूपए 1,93,167 रुपए के भुगतान हेतु रिश्वत लेने वाले स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बड़वानी के निदेशक सौजन्य जोशी व उसकी पत्नी जागृति जोशी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने उन्हीं के घर से रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के अनुसार आरोपियों को फरियादी पिंकी पति घनश्याम पवार की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सौजन्य जोशी का मूल पद बैंक ऑफ इंडिया में प्रबंधक का है और वो यहां बड़वानी स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक पद पर प्रतिनियुक्ति पर है।

## सिद्धरमैया की राज्यपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका उच्च न्यायालय में खारिज



बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक बड़ा झटका देते हुए उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने भू आवंटन मामले में उनके विरूद्ध जांच के लिए राज्यपाल थारवरचंद गहलोत द्वारा दी गयी मंजूरी को चुनौती दी थी।

मुख्यमंत्री ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा (एमयूडीए) पॉश क्षेत्र में उनकी पत्नी को किये गये 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में उनके खिलाफ राज्यपाल थारवरचंद गहलोत द्वारा दी गयी जांच की मंजूरी को चुनौती दी थी।

उन्नीस अगस्त से छह बैठकों में इस याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने 12 सितंबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त के अपने अंतरिम आदेश का भी विस्तार किया था। इस अंतरिम आदेश में विशेष अदालत (जनप्रतिनिधि) को (सिद्धरमैया की) इस याचिका के निस्तारण तक अपनी कार्यवाही (सुनवाई) टाल देने का निर्देश दिया गया था। विशेष अदालत (जनप्रतिनिधि) उनके (सिद्धरमैया के) खिलाफ शिकायत की सुनवाई करने वाली थी।

न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने व्यवस्था दी, याचिका में बताए गए तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता है। इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि याचिकाकर्ता का परिवार है। याचिका खारिज की जाती है। उच्च न्यायालय ने कहा, आज तक प्रभावी किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश समाप्त हो जाएगा। राज्यपाल ने शिकायतकर्ताओंप्रदीप कुमार एस पी, टी जे अब्राहम और स्नेहमयी कृष्णा द्वारा सौंपी गयी याचिकाओं में उल्लिखित कथित अपराधों के सिलसिले में 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत (जांच की) मंजूरी प्रदान की थी।

## रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरा रेल प्रशासन सतर्क: वैष्णव

जयपुर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरा रेल प्रशासन सतर्क और तोड़फोड़ की किसी भी संभावित कोशिश को रोकने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रेल दुर्घटना कराने की साजिश रचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, यह हमारा संकल्प है। वैष्णव ने कहा कि सरकार सुरक्षा खतरों को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा, बहुत गंभीरता के साथ रेलवे का पूरा प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सभी राज्य सरकारों के साथ, राज्यों के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) के साथ, गृह सचिवों के साथ लगातार संवाद चल रहा है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) भी इसमें शामिल है। उन्होंने कहा, जो भी कोई ऐसी दुर्घटना कराने की कोशिश करेगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कोटा तक के रेल मार्ग पर कवच सुरक्षा प्रणाली के 4.0 संस्करण की पहली स्थापना का निरीक्षण करेंगे।






**उद्घाटन** भारतीय संविधान ने कैग के कार्यालय को व्यापक अधिकार और पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की...

# लेखा परीक्षा और मूल्यांकन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करता है बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ता है : राष्ट्रपति




नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लेखापरीक्षा संस्थाओं द्वारा लेखापरीक्षा और मूल्यांकन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा होती है, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ता है। राष्ट्रपति नई दिल्ली में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा आयोजित 16वीं एशियाई सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थान संगठन (एएसओएसएआई) सभा के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत का कैग देश के सार्वजनिक वित्त में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह अकारण नहीं था कि भारतीय संविधान ने कैग के कार्यालय को व्यापक अधिकार और पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि कैग का कार्यालय संविधान निमार्ताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरा है। यह नीति संबंधी और नैतिक आचरण की एक सख्त संहिता का पालन करता है जो इसके कामकाज में सर्वोच्च स्तर की ईमानदारी सुनिश्चित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के ऑडिट का कार्य पारंपरिक ऑडिटिंग से आगे बढ़कर जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सभी नागरिकों को समान रूप से सेवा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि तेजी से प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में, अधिक से अधिक सार्वजनिक सेवाएं प्रौद्योगिकी का उपयोग करके प्रदान की जा रही हैं। इसलिए, ऑडिट को अपने निरीक्षण कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम होने के लिए तकनीकी विकास के साथ बने रहने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी जैसी उभरती डिजिटल प्रौद्योगिकियां आधुनिक शासन की रीढ़ बन रही हैं। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) नागरिकों को प्रदान की जाने वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के कामकाज को समर्थन देने और बढ़ाने के लिए आधार के रूप में कार्य करती है। डिजिटल पहचान से लेकर ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म तक, डीपीआई में सार्वजनिक सेवाओं और वस्तुओं की डिलीवरी में क्रांति लाने की क्षमता है, जिससे वे अधिक सुलभ, कुशल और समावेशी बन सकें। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों की डिजिटल तकनीकों तक पहुंच कम है, डिजिटल कौशल विकसित करने के कम अवसर हैं और डिजिटल अर्थव्यवस्था में उनका प्रतिनिधित्व कम है।

# केजरीवाल दे रहे मुफ्त बिजली और मोदी जी अडानी को दे रहे जनता से लूट की छूट- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित राज्यों में जनता को मिल रही महंगी बिजली के पीछे बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा किया है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि एक तरफ अरविंद केजरीवाल दिल्ली में 200 यूनिट और पंजाब में 300 यूनिट मुफ्त बिजली दे रहे हैं और दूसरी तरफ मोदी जी अपने दोस्त अडानी को बिजली के नाम पर जनता से खुली लूट की छूट दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने सोलर और कोयले से बनी बिजली लेने के लिए मिक्स टेंडर निकाला और मोदी जी के दोस्त अडानी को 6600 यूनिट बिजली का टेंडर दे दिया। वहीं, राजस्थान की भजन लाल सरकार ने 11200 यूनिट बिजली के लिए अडानी से पहले एमओयू साइन कराया और इसके बाद मिक्स टेंडर निकाला है। पूरी फील्ड पहले से ही तैयार है और यह टेंडर भी मोदी जी के दोस्त अडानी को ही मिलेगा।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बिजली के नाम पर पूरे देश में संगठित और सुनियोजित तरीके से जनता को लूट रही है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में 200 यूनिट बिजली मुफ्त मुहैया कराया है और पंजाब में भी आप की सरकार 300 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है। एक तरफ आम आदमी पार्टी की सरकारें अपनी जनता को मुफ्त बिजली दे रही है और दूसरी तरफ भाजपा बिजली के नाम पर खुली लूट कर रही है, जनता की जेब काट रही है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले मार्च 2024 में महाराष्ट्र की सरकार ने 6600 मेगावाट बिजली आपूर्ति करने का टेंडर जारी किया। भारत के इतिहास में पहली बार हुआ कि महाराष्ट्र सरकार ने मिक्स टेंडर निकाला। सरकार ने कहा कि हमें थर्मल और सोलर से एक साथ बिजली चाहिए। आमतौर पर थर्मल और सोलर बिजली के लिए अलग-अलग ठेका निकलता है।

संजय सिंह ने कहा कि 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने देश में बिजली के निकलने वाले ठेकों में प्रतियोगिता बढ़ाने का निर्देश दिया था, ताकि जनता को सस्ती बिजली मिल सके। यह निर्देश मोदी सरकार को दिया था और भाजपा की महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार है। महा मानव मोदी जी ने कहा कि कोई प्रतियोगिता नहीं होनी चाहिए, सुप्रीम कोर्ट के आदेश को किनारे कर दो। 5 हजार मेगावाट सोलर और 1600 मेगावाट थर्मल से बिजली लेने का टेंडर निकाल दिया गया। इतनी बिजली की आपूर्ति महामानव के दोस्त के अलावा कोई और नहीं दे सकता। पूरे देश में दो-तीन लोग ही हैं, जो इतनी बड़ी मात्रा में बिजली देने के लिए टेंडर कर सकते हैं। इन चुनिंदा लोगों ने टेंडर कर दिया और इसी सितंबर में टेंडर खुल गया और यह टेंडर मोदी जी के सबसे करीबी दोस्त अडानी को मिला। अडानी को यह टेंडर 25 साल के लिए दिया गया है। मोदी जी, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे को बताना चाहिए कि महाराष्ट्र की जनता को लूटने की खुली छूट अडानी को कैसे मिल गई। अगले 25 साल में बिजली के नाम पर महाराष्ट्र की जनता से करोड़ों रुपए की लूट की जाएगी।

संजय सिंह ने राजस्थान में बिजली का ठेका देने पर कहा कि राजस्थान में मोदी जी के दोस्त आडनी को बिजली के ठेके के लिए राजस्थान सरकार के साथ एमओयू साइन करने के लिए कहा गया। राजस्थान में अडानी का थर्मल पावर प्लांट है। अडानी से थर्मल पावर प्लांट में 3200 मेगावाट तक विस्तार के लिए सरकार में आवेदन करने के लिए कहा गया। इसके लिए कागजी कार्रवाई हम पूरा करते रहेंगे। इसके अलावा, 8 हजार मेगावाट सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए भी राजस्थान सरकार से एमओयू करने के लिए कहा गया।

## स्कूटी की डिक्की का लॉक तोड़ रुपये ले उड़े बदमाश



नई दिल्ली। पंजाबी बाग इलाके में 20 सितंबर को अज्ञात बदमाशों ने एक स्कूटी की डिक्की का लॉक तोड़ कर उससे लाखों रुपये चोरी कर लिए। वारदात के समय पीड़ित स्कूटी खड़ी कर मेडिकल स्टोर में दवाई लेने के लिए गया था। मामले की सूचना मिलने के बाद पंजाबी बाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर चोरों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित 29 वर्षीय बिजेन्द्र अपने परिवार के साथ नांगलोई में रहते हैं। 20 सितंबर को वह पश्चिम विहार स्थित बैंक गए थे। बैंक से उन्होंने एक लाख 90 हजार रुपये निकाले। दोपहर करीब दो बजे वह पंजाबी बाग स्थित एक दवाई की दुकान पर गए। कुछ देर बाद वह बाहर आए तो देखा स्कूटी की डिक्की का लॉक टूटा हुआ है और अंदर रखे रुपये गायब हैं।

# दिल्ली: एक सप्ताह में डेंगू के 300 और मामले सामने आये; मलेरिया, चिकनगुनिया के मामलों में भी वृद्धि

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में पिछले सात दिनों में डेंगू के 300 से अधिक मामले सामने आए हैं, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में मच्छर-जनित बीमारियां भले ही धीमी रफ्तार से, लेकिन लगातार बढ़ रही हैं। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से प्राप्त हुई है। पिछले साल की तुलना में अभी तक सामने आये मलेरिया के मामले काफी अधिक हैं। दिल्ली में इस महीने तक मलेरिया के 363 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि 2023 में इसी अवधि के दौरान यह आंकड़ा 294 था। पिछले साल मलेरिया के कुल 426 मामले थे। मलेरिया के सबसे ज्यादा मामले पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र से सामने आए हैं।

चिकनगुनिया के अब तक 43 मामले सामने आए हैं। यह पिछले साल के मुकाबले लगभग दोगुना है, उस वक्त यह आंकड़ा 23 था। पिछले साल इस वायरस के कुल 65 मामले सामने आए थे। इस साल चिकनगुनिया के सबसे ज्यादा मामले दक्षिण दिल्ली जोन से सामने आए हैं। मीडिया ने खबर दी थी कि पिछले सप्ताह, दिल्ली में सात दिनों में डेंगू के लगभग 250 मामले सामने आये।

अब तक, दिल्ली में डेंगू के कुल 1,229 मामले सामने आए हैं, जिसमें लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में 54-वर्षीय एक व्यक्ति की मौत शामिल है, अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की थी। दिल्ली नगर निगम के 21 सितंबर तक के आंकड़े के अनुसार, दिल्ली में इस महीने डेंगू के 651 मामले सामने आए हैं। पिछले महीने दिल्ली में डेंगू के कुल 256 मामले सामने आए थे। अगस्त से मामलों की संख्या तीन अंकों में हो गई है। हालांकि, ये संख्या पिछले साल समग्र रूप से और महीने दर महीने के आधार पर दर्ज किए गए मामलों की संख्या से तुलनात्मक रूप से कम है। पिछले साल, दिल्ली में इसी महीने तक डेंगू के 3,013 मामले सामने आए थे, जो 2022 के 525 से कई गुना अधिक थे। पिछले वर्ष दिल्ली में पूरे साल में कुल 9,266 मामले सामने आए थे, जबकि डेंगू से 19 मौतें हुई थीं। अकेले सितंबर में, यह आंकड़ा 2023 में 2,141 मामलों पर पहुंच गया था। इस साल सबसे ज्यादा मामले नजफगढ़ जोन से 180 दर्ज किए गए हैं। एक हफ्ते में, इस इलाके में 45 मामले सामने आए हैं, जो दक्षिण जोन को छोड़कर सभी जोन में सबसे ज्यादा है, जहां इस हफ्ते समान संख्या में मामले सामने आए।

आंकड़े के अनुसार, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी), दिल्ली कैंट और रेलवे जैसी अन्य एजेंसियों द्वारा शासित गैर-एमसीडी क्षेत्रों में डेंगू के कुल 312 मामले सामने आए। इस आंकड़े में वे मरीज शामिल नहीं हैं जिन्हें संक्रमण तो हुआ लेकिन वे दिल्ली के निवासी नहीं हैं, अथवा जिन्होंने अधूरा या गलत पता दिया और उस पते पर मरीज नहीं मिला।निकाय अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी इस साल डेंगू के मामलों की संख्या कम रखने में सक्षम रही है, क्योंकि मच्छर-जनित बीमारियों से निपटने के लिए बहुआयामी प्रयास किये गये

# 116 किलो गांजे के साथ दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 116 किलो गांजा बरामद हुआ है। आरोपी उड़ीसा और आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों से गांजा लेते थे और देश के विभिन्न हिस्सों में भेजते थे। आरोपियों में बिहार निवासी नितेश और रोहित शामिल हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है। गांजे की कीमत 58 लाख रुपये बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच ने बताया कि गांजा की तस्करी में एक अंतरराज्यीय गिरोह संचालित होने की जानकारी मिली थी। पता चला कि यह गिरोह कूरियर के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा की दिल्ली में सप्लाई कर रहा है। इसी दौरान पता चला कि मीरा बाग के पास यह गिरोह गांजा के पार्सल की डिलीवरी करने वाला है। यहां दो तस्कर इसे लेकर जाएंगे। इसके बाद पुलिस ने जांच कर पार्सल में रखा करीब 116 किलो गांजा बरामद किया और पार्सल लेकर आने वालों के बारे में जानकारी एकत्र कर उन्हें हरियाणा के यमुना नगर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे पिछले 2-3 साल से हरियाणा के यमुनानगर स्थित प्लाई फैक्टरी में काम कर रहे थे। एक दिन उनकी मुलाकात अविनाश कुमार से हुई। उसने बताया कि कुछ साल पहले वह भी उसकी तरह फैक्टरी में काम करता था, लेकिन बाद वह गांजे की सप्लाई करने लगा और काफी पैसा कमाया। इसके बाद वे भी अविनाश के साथ काम करने लगे। उन्होंने खुलासा किया कि इस नेटवर्क में कई लोग शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग भूमिकाएं सौंपी गई है। पार्सल के जरिए आंध्र प्रदेश से दिल्ली, हरियाणा तक गांजा सप्लाई होती है।

## हाशिम बाबा ने जिम मालिक की हत्या के दिए थे निर्देश

नई दिल्ली। ग्रेटर कैलाश जिम संचालक हत्याकांड मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि गैंगस्टर हाशिम बाबा ने अपने गुर्गों को नादिर शाह पर हमले का आदेश दिया था। इस दौरान हाशिम बाबा के संपर्क में कई शूटर थे। हाशिम को हिरासत में लेकर पुलिस इस मामले से संबंधित अन्य जानकारियां हासिल करने का प्रयास कर रही है। फोन को तोड़कर फेंक दिया सूत्रों के मुताबिक जिस फोन से हाशिम और लॉरेंस बिश्नोई के बीच संपर्क हुआ, उसे तोड़कर फेंक दिया गया है। जांच में सामने आया है कि नादिर शाह की हत्या लॉरेंस बिश्नोई के निर्देश पर हाशिम बाबा ने कराई है। इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य शूटर मधुर और राजू अभी भी फरार हैं। हालांकि, इन दोनों के अलावा स्पेशल सेल ने हाशिम के गुर्गे बॉबी उर्फ कबूतर की तलाश शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि बॉबी ने ही मधुर और राजू को गाड़ी, हथियार समेत अन्य मदद मुहैया कराई थी।

# गरीबों को बिजली मुफ्त देने पर जेल में डाला : केजरीवाल

प्रात: किरण संवाददाता



चंडीगढ़/नई दिल्ली, 24 सितंबर (वेब वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर प्रहार तेज करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए गिरफ्तार कर जेल में डाला गया क्योंकि उन्होंने दिल्ली और पंजाब में गरीबों को मुफ्त बिजली और पानी दिया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें दोषी दिखाना चाहती है लेकिन उनके कट्टर शत्रु भी मानते हैं कि वह भ्रष्ट नहीं हैं। केजरीवाल ने पांच अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए ह्यआप प्रत्याशी हरपिंदर सिंह के समर्थन में सिरसा के रानिया विधानसभा क्षेत्र में एक रोडशो किया। केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद आप नेता आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

रोडशो के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्हें बिना किसी कारण के जेल में साढ़े पांच महीने बिताने पड़े। उन्होंने कहा, मेरी क्या गलती थी? मेरी गलती पिछले 10 साल से दिल्ली का मुख्यमंत्री बने होने की है, मैंने गरीबों के बच्चों के लिए अच्छे सरकारी स्कूल बनवाए। पहले दिल्ली में सात-आठ घंटे बिजली कटौती होती थी लेकिन अब 24 घंटे बिजली आती है। क्या ये मेरी गलती है कि मैंने दिल्ली तथा पंजाब में बिजली मुफ्त कर दी। उन्होंने कहा, मेरी गलती है कि मैंने बुजुर्ग लोगों के लिए निशुल्क तीर्थ यात्रा शुरू की। दिल्ली और पंजाब में कई काम किए गए। कोई भ्रष्ट व्यक्ति यह नहीं कर सकता।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उसकी पार्टी की सरकार वाले हर राज्य में बिजली बहुत महंगी है। उन्होंने कहा, हरियाणा में बिजली मुफ्त नहीं है, यह बहुत महंगी है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि भ्रष्ट कौन है-बिजली मुफ्त करने वाला या बिजली महंगी करने वाला। केजरीवाल ने कहा, उन्होंने मुझे जेल में क्यों डाला? मैं ईमानदार हूं। मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। वे यह कहना चाहते हैं कि केजरीवाल भ्रष्ट है क्योंकि वह पांच महीने तक जेल में रहा। आप नेता ने कहा कि लेकिन जब वह जेल से बाहर आए तो कोई यह स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं था कि वह भ्रष्ट हैं। मेरे कट्टर से कट्टर दुश्मन कहते हैं कि केजरीवाल कुछ भी हो लेकिन भ्रष्ट नहीं है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि जेल में उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। वे मेरा संकल्प तोड़ना चाहते हैं लेकिन वे यह नहीं जानते कि मैं हरियाणा से आता हूं। आप किसी का भी संकल्प तोड़ सकते हैं लेकिन हरियाणा वाले का नहीं।

हम हरियाणा में स्कूल बनाएंगे और निशुल्क बिजली देंगे

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं यहां वोट मांगने आया हूं। यह सत्ता मिलने के लिए नहीं है। मैं सत्ता छोड़कर आया हूं। मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। आज के जमाने में कोई चपरासी का पद भी नहीं छोड़ता। किसी ने मेरा इस्तीफा नहीं मांगा था। उन्होंने कहा कि वह सत्ता के भूखे नहीं हैं। उन्होंने कहा, आपके बेटे और भाई ने देश तथा दुनिया में हरियाणा का नाम रोशन किया है। मैंने पंजाब और दिल्ली में सरकार बनाई। हमें हरियाणा की सेवा करने का एक मौका दीजिए। हम हरियाणा में स्कूल बनाएंगे और निशुल्क बिजली देंगे। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में उनके बिना सरकार नहीं बनेगी।

# भाजपा कार्यालय पहुंचे मार्शल, नौकरी बहाली की मांग

- दिल्ली के सात भाजपा सांसदों में से एक भी सांसद उनके धरने में समर्थन देने नहीं पहुंचे थे।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नौकरी से निकाले जाने के बाद एक साल से आंदोलन कर रहे बस मार्शलों ने मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर नौकरी बहाली की मांग की। मार्शलों ने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार मिलकर उनके रोजगार की समस्या का समाधान करे। भाजपा कार्यालय पहुंचे मार्शलों का कहना है कि दिल्ली सरकार के कई विधायक, मंत्री सौरभ भारद्वाज उन्हें समर्थन दे चुके हैं। दिल्ली सरकार नौकरी बहाली के लिए फाइल पास कर चुकी है और उनका दावा है कि अब मामला उपराज्यपाल के हाथों में है।

उनका कहना है कि दिल्ली के सात भाजपा सांसदों में से एक भी सांसद उनके धरने में समर्थन देने नहीं पहुंचे थे। ऐसे में भाजपा को भी इस मुद्दे पर अपना रुख साफ करना होगा। इस मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में बस मार्शल मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर एकत्र हो गए थे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से मिलने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं मिल पाए। बस मार्शल मुकेश ने बताया कि पार्टी कार्यालय में मीटिंग चलने की बात कहकर उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। इसके बाद सभी मार्शल कार्यालय के बाहर ही बैठ गए और शाम तक मौजूद रहे। बाद में भाजपा के नेताओं ने इस मामले में साथ देने का आश्वासन दिया। परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल : बस मार्शलों का कहना है कि 10,792 लोग एक साल से बेरोजगार हैं। उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि जब तक सभी बस मार्शलों की नौकरी बहाल नहीं की जाएगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उनका कहना है कि एक तरफ होमगार्ड में भर्ती करके युवाओं को रोजगार देने की पहल की जा रही है, दूसरी तरफ लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है। अब उनकी आयु भी किसी अन्य भर्ती में शामिल होने वाली नहीं रही है। ऐसे में बेरोजगार हुए लोगों को दोबारा उनके स्थान पर रोजगार देकर तैनात किया जाए।

# दीपावली के कारण सीए फाइनल परीक्षा की तिथि बदली



नई दिल्ली ।द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने नवंबर में आयोजित होने वाली सीए फाइनल परीक्षा की तिथियों में बदलाव की घोषणा की है। संस्थान ने दीपावली को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, परीक्षा अब नई तिथियों पर आयोजित की जाएगी। ग्रुप-1 की परीक्षाएं 3, 5 और 7 नवंबर को आयोजित होंगी। ग्रुप-2 की परीक्षाएं 9, 11 और 13 नवंबर को आयोजित होंगी। अन्य परीक्षाओं में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आईसीएआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि नवंबर में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराधान-असेसमेंट टेस्ट और इंश्योरेंस और रिस्क मैनेजमेंट टेक्निकल परीक्षा की तिथियों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह परीक्षाएं पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी। यदि परीक्षा के दौरान कोई तिथि सार्वजनिक अवकाश घोषित होती है तो भी परीक्षा के कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं होगा। 18 जुलाई को जारी की गई महत्वपूर्ण घोषणा में अन्य सभी विवरण यथावत रहेंगे। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अद्यतन जानकारी प्राप्त करते रहें और अपनी तैयारी उसी अनुसार करें। उम्मीदवार आईसीएआई की वेबसाइट ६६६ॄ.ङ्क१ॅ पर नजर बनाए रखें और किसी भी संशोधन या अन्य जानकारी के लिए नियमित रूप से अपडेट प्राप्त करें।

## शौच करने गई नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 22 सितंबर को खुले में शौच करने गई एक नाबालिग बच्ची का उसके भाई के सामने अपहरण कर दुष्कर्म करने की कोशिश का मामला सामने आया है। बच्ची के भाई ने घर जाकर परिजनों को वारदात की जानकारी दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने बच्ची की काउंसलिंग और मेडिकल के बाद मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दिए बयान में नाबालिग ने बताया कि 22 सितंबर को वह अपने भाई के साथ शौच करने गई थी। वहां आरोपी हरेंद्र ने उसे जबरन पकड़ लिया और एक खाली झुग्गी में ले गया। पीड़िता का भाई भागकर अपने घर पहुंचा और वारदात के बारे में पिता को बताया। पिता परिवार के बाकि सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पीड़िता को बचाकर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया।

# पुलिसकर्मी बनकर लूटपाट करने वाले दो दोस्त गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

छावला थाना पुलिस ने 23 सितंबर को पुलिसकर्मी बनकर लोगों के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों दीपक यादव और सुमित के पास से पुलिस ने दो मोबाइल और एक गाड़ी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 19 सितंबर को नजफगढ़ में रहने वाले संदीप सुहाग ने पुलिस को शिकायत दी। पीड़ित ने बताया कि वह शाम करीब 4.30 बजे गोयला चौक के पास यूईआर-क्क पर घूमने के लिए गए थे। इसी दौरान एक गाड़ी उनके पास आकर रुकी और उसमें बैठे लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर पीड़ित को जबरन गाड़ी में बैठा लिया। आरोपियों ने उसे गिरफ्तार करने की बात कही और छोड़ने की एवज में उससे अपने अकाउंट में पांच हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद आरोपी कुछ दूरी पर पीड़ित को छोड़ कर फरार हो गए। छावला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसएचओ इंस्पेक्टर राजेश शर्मा की टीम ने सीसीटीवी फुटेज, अकाउंट की जानकारी और तकनीकी निगरानी की मदद से आरोपियों की जानकारी जुटाई। आरोपियों के खाते से पुलिस ने उनका मोबाइल नंबर प्राप्त किया और फिर उसकी सीडीआर निकलवाई। इसके बाद दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# माय रहउ खर जितिया कैले !

- सनातन धर्म की व्यवस्था में एक पर्व है जितिया- जिउतिया यानी जीवित्पुत्रिका व्रत!

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

जीवित्पुत्रिका व्रत माता के लिए बहुत ही कठिन व्रत है, जिसे निभाना बहुत ही कठिन है। इस व्रत में निर्जल रहकर उपवास तो करना रहता ही है-यह भी विशेष रूप से शामिल रहता है कि इस व्रत के दौरान कोई भी माँ चाकू से कोई फल नहीं काटती है ,हँसुए से सब्जियाँ नहीं काटती हैं।अगर बहुत जरूरी होता है काटना तो किसी और से( किसी पुरुष से )कटवा लेती हैं।कहने का तात्पर्य यह है कि खर का भी वह टुकड़ा नहीं करती है,सूखे तृण का भी टुकड़ा नहीं करती है। इसीलिए बिहार में इसे ह्लखर जितियाह्व कहा जाता है यानि की इस दिन माता ने इस व्रत और उपवास के दौरान एक खर को भी दो टुकड़ा नहीं किया,उसे तोड़ा नहीं।

इस भावना से कि उसका बेटा सकुशल रहे और किसी भी प्रकार का संकट उसके जीवन में नहीं आवे।आपने सुना होगा कि जब बहुत ही खतरनाक स्थिति में किसी की जान बच जाती है तो कहा जाता है-ह्वजो जो तुम्हारी मां ने खर जितिया किया था, इसलिए तुम बच गए!ह्व माता के द्वारा किया गया यह ह्लखरजितिया व्रतह्व पुत्र के लिए इतना ज्यादा असरकारी-प्रभावकारी और लाभकारी होता है कि इस व्रत करने वाली माँ के बेटे का बाल भी बाँका नहीं हो सकता है और वह जीवन में संकट मुक्त होकर जीता है।एक माँ की यही अभिलाषा होती है।माँ अपने बेटे के लिए इतना कठिन व्रत करती है, प्यास से गला सूखता है अन्न के बिना शरीर काम नहीं करता है-इसके बाद भी अपने बेटे के निष्कंटक जीवन की लालसा में वह यह सब कष्ट सहन करती है और इस व्रत को संपूर्ण कर पारण करती है।

आज इस जितिया व्रत को करने वाली समस्त माताओं को मैं प्रणाम करता हूँ और ऐसे उन सभी मित्रों को शुभकामनाएँ देता हूँ ,जिनकी माँ अब ह्लखर जितियाह्व करने के लिए जीवित नहीं है, लेकिन उनका आशीर्वाद स्वर्ग से भी उनके बेटे पर अभी भी रहता है;क्योंकि आज के दिन हर माँ चाहे धरती पर हो-चाहे स्वर्ग में -वह अपने बेटे के निष्कंटक जीवन जीने की कामना रखती है और अपने बेटों को आशीर्वाद देती है।

# टाटा पावर-डीडीएल को सेल्फ-रीजेनरेटिंग ब्रीदर टेक्नोलॉजी के लिए मिला पेटेंट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

## डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मरों का बढ़ेगा जीवन काल



नॉर्थ दिल्ली में 2 मिलियन से अधिक ग्राहकों को बिजली सप्लाई देने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल को उसके अनोखे सेल्फ-रीजेनरेटिंग ट्रांसफार्मर ब्रीदर पर 20 वर्षों के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है। सेल्फ-रीजेनरेटिंग ट्रांसफार्मर ब्रीदर एक ऐसा डिवाइस है जो ट्रांसफार्मर को नमी से बचाता है और इस तरह इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मरों का जीवनकाल लंबा करता है।

यह पेटेंटेड टेक्नोलॉजी, टाटा पावर-डीडीएल के इनोवेटिव सफर की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है। इससे ट्रांसफॉर्मर ब्रीदर को नमी से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए उसमें सिलिका जेल को बदलने संबंधी रखरखाव कार्यों में कमी आएगी।

ज्ञात हो कि इस टेक्नोलॉजी के चलते, सिलिका जेल को केवल ट्रांसफॉर्मर मेंटीनेंस के दौरान ही जांचा या बदला जाएगा, जो कि आमतौर से दो वर्षों में एक बार किया जाता है। इससे उलट, पारंपरिक डिजाइन में सिलिका जेल को प्रत्येक 2 साल की मेंटीनेंस अवधि में 4 से 6 बार बदला जाता है।

टाटा पावर-डीडीएल की इंजीनियरिंग टीम ने दिसंबर 2015 में सेल्फ-रीजेनरेटिंग ट्रांसफार्मर ब्रीदर टेक्नोलॉजी का सफलतापूर्वक टेस्ट किया था। इसके बाद, 2016-17 में, 20 ब्रीदर्स का पायलट-इंस्टॉलेशन किया गया, जिनके शानदार परिणाम मिले हैं। कंपनी ने 2016 में, सेल्फ-रीजेनरेटिंग ट्रांसफार्मर ब्रीदर के लिए पेटेंट संबंधी आवेदन किया था।

हवा में नमी होने से कई बार आउटेज की समस्या होती है और इसके कारण ट्रांसफॉर्मर का जीवनकाल भी घटता है। लेकिन यह नई टेक्नोलॉजी ट्रांसफॉर्मर की टॉप प्लेट पर उत्पन्न होने वाली हीट (जो अन्यथा बेकार होती है) का इस्तेमाल डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर (डीटी) ब्रीदर के वायु मार्ग की नमी को सुखाने के लिए करती है। इस प्रक्रिया में, नमी अवशोषित करने वाला सिलिका जेल भी रीचार्ज होता है, परिणामस्वरूप आउटडोर एप्लीकेशनों में इस सिलिका जेल का जीवनकाल भी 3 साल तक बढ़ जाता है।

इस आविष्कार के बारे में टाटा पावर डीडीएल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री गजानन एस काले ने कहा, ह्लटाटा पावर-डीडीएल में हम मौजूदा चुनौतियों से उबरने के लिए लगातार इनोवेशन पर काम करते हैं और अपनी मजबूत आरएंडडी की मदद से नई टेक्नोलॉजी तैयार करने पर बल देते हैं ताकि हमारे उपभोक्ताओं को बिजली की बेरोकटोक सप्लाई मिलती रहे। यह पेटेंट भी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हमारी क्षमताओं का सबूत है, तो मौसम की विषम परिस्थितियों में भी पावर सप्लाई को इंफ्रा तैयार रखेगी।

## यमुना में छलांग लगाने वाले छात्र का शव बरामद

नई दिल्ली। वजीराबाद सिग्नेचर ब्रिज पर बाइक खड़ी कर यमुना में छलांग लगाने वाले छात्र का शव गोताखोरों की टीम ने तीन दिन बाद सोमवार शाम को ढूंढ निकाला। शव सिग्नेचर ब्रिज से कई किलोमीटर दूर ओखला बैराज के पास से बरामद किया गया। मारे गए छात्र की पहचान 17 वर्षीय अंशु चौधरी के तौर पर हुई है। खुदकुशी के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक अंशु चौधरी अपने परिवार के साथ गाजियाबाद के लोनी स्थित इंद्रापुरी में रहता था। अंशु के भाई आकाश ने पुलिस को बताया कि उसका भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता था और यमुना विहार में कोचिंग सेंटर पढ़ने के लिए जाता था। शनिवार को वह घर से कोचिंग सेंटर के लिए निकला था, लेकिन यह पता चला कि उस दिन कोचिंग सेंटर की छुट्टी थी। परिजनों को उसी दिन करीब सात बजे सूचना मिली कि अंशु ने सिग्नेचर ब्रिज पर बाइक खड़ी कर नदी में छलांग लगा दी है।

# अपराध में साथ नहीं दिया तो मार दी थी गोली, धरा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे बदमाश को गिरफ्तार किया है, जिसने अपराध में साथ देने से मना करने पर अपने ही जानकार को गोली मारकर घायल कर दिया था। बदरपुर इलाके में छह अक्टूबर 2021 को हुई इस वारदात में आरोपी वांछित था। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी की पहचान मैदनगढ़ी निवासी अभिषेक उर्फ भोला के तौर पर हुई है। इसपर हत्या के प्रयास, डकैती, झपटमारी, चोरी और आर्म्स एक्ट के नौ मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच के मुताबिक बदरपुर इलाके में आरोपी अभिषेक उर्फ भोला ने विक्की और उसके दोस्तों को छीना-झपटी, लूट और डकैती जैसे अपराध में उसकी मदद करने के लिए कहा था। जब उन्होंने सहयोग करने से इनकार कर दिया तो उसने जान से मारने की धमकी दी और विक्की पर गोली भी चला दी थी। गोली विक्की के पास से गुजरी और राजा उर्फ बबली के कंधे पर जा लगी थी।

# चोरी के मोबाइल बेचने जा रहा आरोपी पकड़ा

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने 23 सितंबर को बसों और सार्वजनिक स्थानों पर चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी धीरज उर्फ दीपेश के पास से छह चोरी के मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र की टीम को सूचना मिली कि चोरी के मोबाइल बेचने के लिए एक बदमाश एशियन मार्केट रेड लाइट, पुष्प विहार आने वाला है। पुलिस टीम ने मौके पर ट्रेप लगाया और आरोपी धीरज को दबोच लिया।

# सौ से ज्यादा वारदात को अंजाम देने वाला बदमाश गिरफ्तार



नई दिल्ली । मादीपुर पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों ने सौ से ज्यादा वारदात को अंजाम दे चुके कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। 22 सितंबर को गिरफ्तार आरोपी अर्जुन उर्फ सांगा के पास से पुलिस ने तीन चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। ये वाहन उसने इलाके में मौजूद विभिन्न पार्किंग में खड़े किए थे। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि 22 सितंबर की रात एसआई संदीप बिश्नोई, हेडकांस्टेबल नीरज, कांस्टेबल अक्षय और नफे सिंह गश्त पर थे। कूड़ा खट्टा के पास झील पार्क में उन्होंने आरोपी को आते हुए देखा और जांच के लिए रुकने का इशारा किया। आरोपी ने पुलिस को देखकर अपनी स्कूटी मोड़ ली और भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा कर दबोच लिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 25 सितम्बर, 2024

# मैं सत्ता पाने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता छोड़कर आपकी सेवा करने के लिए हरियाणा आया हूं- केजरीवाल

**यह लोग जेल में मुझे तोड़ना चाहते थे, लेकिन इनको नहीं पता कि मैं हरियाणा का बेटा हूं, जिसे को नहीं तोड़ सकते- केजरीवाल**

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को रानियां विधानसभा से पार्टी के उम्मीदवार हैप्पी रानिया के समर्थन में मेगा रोड शो किया। इस दौरान उमड़ी लोगों की भीड़ ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया और समर्थकों ने बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल के जमकर नारे लगाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं सत्ता पाने के लिए यहां वोट मांगने नहीं आया हूं, बल्कि दिल्ली में मुख्यमंत्री का पद छोड़कर आपकी सेवा करने के लिए आया हूं। हरियाणा की जनता सेवा करने का मौका देती है तो दिल्ली की तरह यहां भी बिजली मुफ्त कर दूंगा, शानदार स्कूल, अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनवा दूंगा। इस अवसर पर आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

रानियां में रोड शो को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने मुझे 5 महीने झूठे केस में जेल में डाल दिया था। मेरा कसूर केवल इतना था कि 10 साल से दिल्ली के लोगों की सेवा ईमानदारी से कर रहा था। पूरे देश में केवल दो राज्य दिल्ली और पंजाब हैं, जहां 24 घंटे और मुफ्त बिजली मिलती है। 22 राज्यों में इनकी सरकार है वहां बिजली महंगी मिलती है। जनता बताए कि मुफ्त बिजली देने वाला चोर है या महंगी बिजली देने वाले चोर हैं। उन्होंने कहा कि मैंने 10 साल में शानदार सरकारी स्कूल बनाए, शिक्षा माफिया का खात्मा किया, बिजली और पानी मुफ्त किया, अच्छी सड़कें बनाई और शानदार अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनाए। दिल्ली में बिजली मुफ्त करने में 3000 करोड़ रुपए लगे। यदि मैं चोर होता तो ये रुपए अपनी जेब में डाल लेता। इन्होंने मुझे जेल में इसलिए डाला क्योंकि ये मेरी ईमानदार पर चोट करना चाहते हैं। इनका मकसद केजरीवाल पर कीचड़ फेंकना था, ताकि जनता को लगे कि केजरीवाल ने कुछ किया होगा। जब मैं जेल से आया तो आज पूरी दिल्ली वाले कह रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है।

उन्होंने कहा कि इन्होंने जेल में मुझे तोड़ने की बहुत कोशिश की, तरह-तरह की यातनाएं दीं। इनका मकसद किसी भी तरह मुझे झुकाना था। जेल में जो सुविधाएं सामान्य आरोपियों को मिलती हैं, मुझे वो भी नहीं दी गई। कई दिनों तक इन्होंने मेरी दवाई भी बंद रखी थी, पता नहीं मेरे साथ क्या करना चाहते थे? ये मुझे तोड़ना चाहते थे लेकिन इनको ये नहीं पता कि मैं हरियाणा का हूं। मेरी रगों में हरियाणा का खून दौड़ रहा है। ये किसी को भी तोड़ सकते हैं लेकिन हरियाणा वाले को नहीं तोड़ सकते।

उन्होंने कहा कि चुनाव आ रहे हैं मैं आपसे वोट मांगने आया हूं। इसलिए वोट मांगने नहीं आया कि हमें सत्ता चाहिए, सत्ता छोड़कर आया हूं, दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर आया हूं। आज के समय में कोई अपनी चपरासी की नौकरी नहीं छोड़ता और मैं खुद त्याग पत्र देकर आया हूं। मैंने दिल्ली की जनता से कहा कि यदि आपको लगता है कि केजरीवाल चोर है तो मुझे वोट मत देना। यदि आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है तभी मुझे वोट देना। दिल्ली की जनता को लगता है कि मैं ईमानदार हूं और मुझे जिताएगी, तभी मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। उन्होंने कहा कि आपके हरियाणा के बेटे ने पूरी दुनिया में हरियाणा का नाम रोशन किया है। हरियाणा से पढ़ लिखकर निकलने के बाद आपके बेटे ने दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाई। आज दिल्ली और पंजाब में जो काम हो रहे हैं वो आजादी के 78 साल बाद किसी भी सरकार ने उस तरह के काम नहीं किए। आज दिल्ली और पंजाब में 24 घंटे और मुफ्त बिजली दी जा रही है। अब आपसे हरियाणा के लिए सेवा करने का मौका मंगने आया हूं। मेरी गारंटी है कि हरियाणा में भी बिजली मुफ्त कर दूंगा। ये पार्टियां कुछ नहीं करने वाली। लोग पूछते हैं कि हरियाणा में आपकी सरकार बन रही है क्या। मैं कहता हूं कि हरियाणा में हमारे बिना भी किसी की सरकार नहीं बन रही।

# बैड कैरेक्टर हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




द्वारका जिला के एंटी बरगलरी सेल की टीम ने दिल्ली पुलिस के घोषित बेड कैरेक्टर को गिरफ्तार किया है। जिसके ऊपर कई मामले पहले से चल रहे हैं। इसके पास से दो मोबाइल और हथियार भी बरामद किया गया है। इसकी गिरफ्तारी से तीन मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल प्रजापति के रूप में हुई है। यह दुर्गा पार्क, सागरपुर का रहने वाला है। पहले से स्नैचिंग, चोरी और गैंबलिंग एक्ट के 18 मामलों में शामिल रहा है।

डीसीपी ने बताया कि यह किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहा था। इस दौरान एंटी बरगलरी सेल की टीम को इसके बारे में इनफॉरमेशन मिल गई। इंस्पेक्टर विवेक मंडोला की देखरेख में पुलिस टीम ने रात में विजय एंक्लेव के सूर्य उपासना पार्क के पास ट्रैप लगाकर इसको दबोचा। इसके पास से हथियार और मोबाइल बरामद किए गए। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हीरोइन के साथ महिला आरोपी गिरफ्तार

**● महिला तस्कर हुई गिरफ्तार**

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




द्वारका जिला के एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने हीरोइन तस्करी के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 12 ग्राम फाइन क्वालिटी की हेरोइन बरामद की गई है। गिरफ्तार महिला की पहचान अनीता के रूप में हुई है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर सुभाष चंद, सब इंस्पेक्टर सपना शर्मा की टीम ने इस महिला के बारे में पता लगाया था।

जब यह जानकारी मिली कि ओम विहार इलाके में हीरोइन लेकर जा रही है। पुलिस टीम ने वहां पर ट्रैप लगाकर इसे पकड़ा। जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से हेरोइन मिली। यह उत्तम नगर की रहने वाली है, हीरोइन कहां से खरीदकर लाती थी और आगे कहां-कहां सप्लाई करती थी। इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। जिससे पुलिस टीम सोर्स तक पहुंच सके।

# कार में लाया था भरकर हरियाणा से शराब, द्वारका में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




द्वारका जिला के एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शराब तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1200 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है और शराब तस्करी में इस्तेमाल एक कार को भी पुलिस ने जप्त किया है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामकुमार और कन्हैया के रूप में हुई है। यह दोनों मोहन गार्डन, उत्तम नगर के रहने वाले हैं। रामकुमार पहले से जनकपुरी, राजौरी गार्डन, द्वारका नॉर्थ, नजफगढ़ और मोहन गार्डन में थाना के पांच मामलों में और कन्हैया विकासपुरी के मामलों में शामिल रहा है।

यह लोग हरियाणा से शराब की खेप कार में भरकर दिल्ली लाए थे। लेकिन इसकी इनफॉरमेशन इंस्पेक्टर सुभाष चंद की देखरेख में हेड कांस्टेबल जय भगवान और संदीप की टीम को मिल गई जिसके आधार पर पुलिस टीम ने द्वारका सेक्टर 16 नाला रोड पर कार को ट्रैप किया। गाड़ी में 24 कार्टून भरी हुई थी, जिसमें से 1200 क्वार्टर बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ द्वारका नॉर्थ थाना में मामला दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हरीनगर में पकड़ा गया 20 मामलों का वांटेड

हरी नगर पुलिस चौकी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजीव उर्फ करण के रूप में हुई है। यह 20 मामलों में पहले से शामिल रहा है। इसके पास से मोबाइल और स्कूटी बरामद की गई और इसकी गिरफ्तारी से दो मामलों का खुलासा किया गया है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल बलराम और करण की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान इस शख्स को संदिग्ध हालत में जाते हुए देखा था। जब इसे रुकने का इशारा किया तो यह भागने लगा पुलिस टीम को शक हो गया उसका पीछा करके पकड़ा। पूछताछ की गई तो पता चला जिस स्कूटी से भाग रहा था, वह सागरपुर इलाके से चुराई गई थी। तलाशी ली गई तो उसके पास से हरीनगर से चुराया गया एक मोबाइल भी बरामद किया गया। रिकॉर्ड चेक किया गया तो पता चला कि यह पहले से लूट, स्नैचिंग, चोरी के 20 मामलों में शामिल रहा है।

### रघुबीर नगर में पकड़ा गया स्कूटी चोर

ख्याला थाना के रघुवीर नगर पुलिस चौकी के टीम ने एक झपटमार/स्कूटी चोर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान गोलू खान के रूप में हुई है। यह 9 वारदात को अंजाम दे चुका है। इसके पास से चोरी की दो स्कूटी भी बरामद की गई है।

डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि हेड कांस्टेबल अजय को इसके बारे में एक इनफार्मेशन मिली थी। जिसके आधार पर चौकी इंचार्ज सुदीप पुनिया की टीम ने रघुवीर नगर इलाके में आर ब्लॉक झुग्गी के पास इसे पकड़ा। पूछताछ में इसकी पहचान की गई और जिस स्कूटी से यह जा रहा था वह कृष्णा नगर से चोरी की निकली। पता चला कि यह 9 आपराधिक मामलों में शामिल है। इसकी निशानदेही पर एक और चोरी की स्कूटी बरामद की गई।

# द्वारका में मेट्रो स्टेशन के पास दबोचे गए दो लुटेरे

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



द्वारका नॉर्थ थाना की पुलिस टीम ने दो शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। जो मोबाइल स्नैचिंग और मोबाइल चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। इनके पास से लूटे गए और चुराए गए मोबाइल के अलावा बटनदार चाकू भी बरामद किया गया है।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान पवन और उसके साथी सचिन के रूप में हुई है। पवन पहले से लूट और चोरी के 22 मामलों में शामिल रहा है। इनकी गिरफ्तारी से 10 मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है।

एसीपी मदनलाल मीणा की देखरेख में एसएचओ गिरीश कुमार सिंह की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इनके बारे में पता लगाना शुरू किया था। इसी बीच पेट्रोलिंग के दौरान सेक्टर 14 मेट्रो स्टेशन के पास से इन दोनों को पकड़ा गया। तलाशी में मोबाइल और चाकू बरामद किए गए। इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इनकी गिरफ्तारी से द्वारका नॉर्थ थाना के मामले खुले हैं आगे की छानबीन की जा रही है।

# 90 मामलों को दे चुका अंजाम,,, पुलिस को देखकर स्कूटी लेकर भागा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



पंजाबी बाग थाना के मादीपुर पुलिस चौकी की टीम ने 90 आपराधिक मामलों में शामिल कुख्यात बदमाश अर्जुन उर्फ राहुल उर्फ सांगा उर्फ बादल को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी के तीन टू व्हीलर भी बरामद किया गया है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि एसीपी विजय सिंह की देखरेख में एसएचओ संजय दहिया और चौकी इंचार्ज संदीप बिश्नोई की टीम ने यह शातिर बदमाश को झील पार्क के पास ट्रैप लगाकर गिरफ्तार किया। हालांकि यह जब मौके से भागने लगा तो पुलिस टीम ने काफी दूर तक पीछा किया और फिर इसे पकड़ा। जिस स्कूटी से यह भाग रहा था, वह द्वारका के डाबड़ी थाना इलाके से चुराई गई थी। पूछताछ में इसकी पहचान की गई और इसकी निशानदेही पर दो स्कूटी और मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस के अनुसार इसकी गिरफ्तारी से तिलक नगर, राजौरी गार्डन और डाबड़ी थाना के तीन मामलों का खुलासा किया गया है। आगे की और कार्रवाई की जा रही है।

# आउटर AATS ने 2 ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया

बाहरी जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने दो आटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की दो स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुलदीप सिंह और दलवीर के रूप में हुई है। यह दोनों तिलक विहार इलाके के रहने वाले हैं। कुलदीप दो मामलों में और दलबीर 10 मामलों में पहले से शामिल है। डीसीपी आउटर जिमी चिराम ने बताया कि एसीपी नरेंद्र खत्री की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार की टीम ने इन दोनों को निहाल विहार 50 फुटा रोड से पकड़ा। जिस स्कूटी से जा रहे थे वह तिलक नगर थाना इलाके से चुराई गई थी। दोनों की फिर पहचान की गई और इनकी निशानदेही पर एक और स्कूटी बरामद की गई। जो नागलोई थाना इलाके से चुराई गई थी। पुलिस को इन्होंने बताया कि वह अच्छी लाइफस्टाइल के लिए स्कूटी चोरी की वारदात करते थे। फिर उससे मिले पैसे से अपनी जरूरतें पूरा करते थे।

### केजरीवाल के खिलाफ बहुत षड्यंत्र रचे गए : आतिशी

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप), दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बहुत षड्यंत्र रचे गए लेकिन हनुमान जी ने हर संकट से रक्षा की। सुश्री आतिशी ने आज यहां कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और सभी की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने एक्सपर कहा, कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। पिछले दो सालों में आम आदमी पार्टी, दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बहुत षड्यंत्र रचे गए। लेकिन हनुमान जी ने हर संकट से हमारी रक्षा की। संकट मोचन से यही प्रार्थना है कि, उनका आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे, हम दिल्लीवालों के काम करते रहें और आने वाले चुनाव के बाद एक बार फिर अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री बनें। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि, हनुमान जी हमारे संकट मोचन रहे है। पिछले दो सालों में आम आदमी पार्टी पर, दिल्ली सरकार पर, हमारे नेता अरविंद केजरीवाल जी पर हमारे दुश्मनों द्वारा हर तरह के हमले हुए। उन्होंने कोशिश की कि, हमें तोड़ दें, हमें दबा दें, हमें चुप करा दें, दिल्ली वालों के काम रोक दें।

# दोस्तों ने नये फोन की पार्टी नहीं देने पर किशोर की चाकू मारकर हत्या की

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



पूर्वी दिल्ली के शकरपुर में तीन दोस्तों ने 16-वर्षीय एक किशोर की उस वक्त कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी, जब उसने नये फोन की खुशी में पार्टी देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी किशोर हैं और उन सभी की उम्र भी करीब 16 साल है एवं वे नौंवी कक्षा में पढ़ते हैं। पुलिस के अनुसार, हत्या के सिलसिले में तीनों को पकड़ लिया गया है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गश्ती टीम ने सोमवार को शाम करीब सवा सात बजे शकरपुर स्थित रामजी समोसा की दुकान के करीब सड़क पर खून के धब्बे देखे और जांच शुरू कर दी।

उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने टीम को बताया कि लड़कों के एक गुट ने एक अन्य लड़के पर चाकू से हमला कर दिया था और उसे लोकनायक जयप्रकाश (एनएनजेपी) अस्पताल ले जाया गया है।

अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की पहचान 16-वर्षीय सचिन के तौर पर की गई है, जो घटनास्थल के पास ही रहता था। अधिकारी के अनुसार, यह घटना दिन-दहाड़े हुई है। गुप्ता ने बताया कि सचिन की मौत अस्पताल में घटना के करीब एक घंटे बाद हुई और उसकी पीठ पर दो जगह चाकू घोंपा गया था।

डीसीपी ने कहा कि जांच के दौरान जानकारी मिली कि सचिन और उसका एक दोस्त मोबाइल फोन खरीदकर घर लौट रहे थे, तभी उनकी मुलाकात तीन लड़कों से हुई।

गुप्ता ने बताया, तीन लड़कों के समूह ने नया फोन खरीदने की खुशी में पार्टी देने की मांग की, लेकिन सचिन ने इनकार कर दिया। इसे लेकर कहासुनी हुई और अंततः आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा-103(1) और 3(5) के तहत शकरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है और तीनों आरोपियों को मंगलवार को इलाके से पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीर का इस्तेमाल किया। पुलिस ने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

# डीएमआरसी को मिली ह्यमेक इन इंडिया चालक रहित मेट्रो ट्रेन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

**● विज्ञप्ति के मुताबिक मेक इन इंडिया पहल के तहत, महानगरीय रेलगाड़ियों को भारत में श्री सिटी में एल्सटॉम की निर्माण इकाई में डिजाइन किया जा रहा है**

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को सोमवार को चालक रहित तकनीक से लैस पहला मेट्रोपोलिस मेट्रो ट्रेनसेट प्राप्त हुआ जो एक मूल उपकरण निमार्ता (ओईएम) को आउटसोर्स की गई पहली परियोजना का हिस्सा है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने बताया, दिल्ली मेट्रो परिवार के लिए ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हमने चौथे चरण के गलियारों को शुरू करने की दिशा में एक और अहम कदम उठाया है।

कुमार ने कहा कि नये चरण के विस्तार के लिए पहले ट्रेन सेट को आंध्र प्रदेश के श्री सिटी से रवाना कर दिया गया है और हम अपने यात्रियों के लिए विस्तारित सुविधाओं और पर्यावरण हितैषी यात्रा के नये युग में प्रवेश कर रहे हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक मेक इन इंडिया पहल के तहत, महानगरीय रेलगाड़ियों को भारत में श्री सिटी में एल्सटॉम की निर्माण इकाई में डिजाइन किया जा रहा है और ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन (जीओए)-4 चालक रहित प्रौद्योगिकी से लैस किया गया है।

इसमें कहा गया कि ट्रेनसेट को 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सुरक्षित तरीके से संचालित करने और 85 किमी प्रति घंटे तक की परिचालन गति पर संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस ट्रेन सेट को दिल्ली मेट्रो की तीन लाइन पर परिचालित किया जाएगा जिनमें दो विस्तारित लाइन और नई गोल्ड लाइन-10 शामिल है जिसकी लंबाई करीब 64.67 किमी है।विज्ञप्ति के मुताबिक 31.2करोड़ यूरो मूल्य की इस परियोजना में 15 साल का रखरखाव शामिल है, जो डीएमआरसी द्वारा किसी ओईएम को इस तरह की पहली आउटसोर्सिंग है। एल्सटॉम के प्रबंध निदेशक ओलिवियर लोइसन के मुताबिक मेट्रो ट्रेन सेट नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और शहर के विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विज्ञप्ति के मुताबिक यह ठेका चौथे चरण के परिचालन के मद्देनजर नवंबर 2022 में दिया गया था और इसके तहत छह डिब्बों वाले कुल 52 ट्रेन सेट की आपूर्ति करने का लक्ष्य है।

### चोरी की स्कूटी के साथ वाहन चोर पकड़ा गया

नई दिल्ली। रघुबीर नगर पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों ने एक वाहन चोर हातिम उर्फ गोलू खान को 19 सितंबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की दो स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी दोपहिया वाहन चोरी कर उन्हें कबाड़ में बेच देता था। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि एसआई सुदीप पुनिया की टीम को कुख्यात बदमाश हातिम के अपने घर आने की सूचना मिली।

# कैलाश गहलोत ने कार्यभार संभाला, दिल्ली के परिवहन मंत्री के रूप में वापसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत ने मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह, प्रशासनिक सुधार और महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया। गहलोत को वही विभाग दिए गए हैं जो पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार में उनके पास थे।

कार्यभार संभालने के बाद गहलोत ने कहा, मेरा एकमात्र लक्ष्य पहले की तरह दिल्ली की जनता के लिए काम करना और हमारे नेता अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है। मुख्यमंत्री आतिशी और उनके तीन मंत्रियों गोपाल राय, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने सोमवार को अपने-अपने विभागों का कार्यभार संभाला था। उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाए जाने के बाद स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को कार्यभार संभाला था।

गहलोत ने उम्मीद जताई कि फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है।

# राजस्थान-महाराष्ट्र में थर्मल और सोलर बिजली का टेंडर अडानी को, 25 साल तक मिलेगी महंगी बिजली : संजय सिंह

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**





आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि देश भर में भाजपा सुनियोजित तरीके से भ्रष्टाचार कर रही है। संगठित तरीके से भ्रष्टाचार कर रही है। देश की जनता को खुलेआम लूट रही है। ये लूट देश की जनता से बिजली के नाम पर की जा रही है। उसी बिजली को दिल्ली और पंजाब में हमारी सरकार फ्री में देती है। आरोप है कि महाराष्ट्र और राजस्थान में सोलर और थर्मल बिजली के लिए संयुक्त टेंडर निकाला गया है और ये टेंडर अडानी को दिया गया है। ये बिजली अन्य बिजली से 1 से 1.5 रुपये प्रति यूनिट महंगी होगी। 25 साल तक के इस टेंडर में जनता पर लाखों करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

महाराष्ट्र में 6600 मेगावाट बिजली सप्लाई का टेंडर अडानी को मिला : आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि बीते मार्च में चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले 6600 मेगावाट बिजली सप्लाई का टेंडर महाराष्ट्र में जारी किया गया। भारत के इतिहास में ये पहली बार हुआ कि जिसमें सोलर और थर्मल बिजली का टेंडर एक साथ है। जबकि दोनों तरह की बिजली के लिए अलग अलग टेंडर निकलता है।

संजय सिंह बोले-महाराष्ट्र में महामानव की सरकार : 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि देश में जो भी बिजली के ठेके निकलेंगे उसमें प्रतियोगिता बढ़ाइए, जिससे जनता को सस्ती बिजली मिल सके। 2014 में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने थे। मोदी को महामानव बताते हुए संजय सिंह ने कहा कि आज महाराष्ट्र में महामानव की सरकार है। जहां पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर टेंडर निकाला गया कि 5000 मेगावाट सोलर बिजली चाहिए और 1600 मेगावाट थर्मल बिजली चाहिए। इतनी बड़ी बिजली की सप्लाई महामानव के मित्र के अतिरिक्त कोई और नहीं दे सकता है।

अडानी की सोलर और थर्मल बिजली का दाम ज्यादाः सितंबर में टेंडर खुला तो पता चला कि पीएम मोदी के सबसे करीबी दोस्त अडानी को मिल गया। पूरे देश में सोलर बिजली सरकार को 2.5 रुपये यूनिट मिल रही है। कोयले की बिजली 2 रुपये, 2.5 रुपये और 3 रुपये प्रति यूनिट सरकारों को मिल रही है। लेकिन अडानी से 6600 मेगावाट बिजली 4 रुपये प्रति यूनिट के दर से ली जा रही है। महाराष्ट्र को लोगों से ध्यान देने की बात कहते हुए कहा कि मोदी 1 से 1.5 रुपये यूनिट महंगी बिजली का भुगतान जनता को ही करना होगा।

25 साल तक महाराष्ट्र के लोगों को लूटने की छूट अडानी को मिली:संजय सिंह संजय सिंह ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि 25 साल के लिए महाराष्ट्र के लोगों को लूटने की छूट अडानी को कैसे मिल गई। नरेंद्र मोदी और देवेंद्र फडनवीस इसका जवाब दें। 25 साल में महाराष्ट्र की जनता को करीब 1 लाख करोड़ रुपये का चूना लगेगा। राजस्थान में अडानी से कहा गया कि यहां पर जो थर्मल पावर प्लांट है उसकी क्षमता 3200 मेगावाट बढ़ाने के आवेदन कर दो। बाकी की कागजी कार्यवाही पूरी हो जाएगी।

इसके साथ ही, राजस्थान नें 8000 मेगावाट सोलर प्लांट का सरकार के साथ अडानी से एमओयू साइन कराया गया। महाराष्ट्र की तरह राजस्थान में भी 11200 मेगावाट की सोलर और थर्मल बिजली के लिए टेंडर निकाला गया है। राजस्थान में भी ये ठेका पीएम मोदी के दोस्त अडानी को दिया जाएगा। 25 साल तक राजस्थान की जनता को लूटा जाएगा। जनता तय करे आरोपी कौन? संजय सिंह ने कहा कि देश की जनता को तय करना होगा कि जिस तरह भाजपा संगठित अपराध कर रही है। पीएम मोदी द्वारा राजस्थान और महाराष्ट्र के अंदर जनता से लाखों करोड़ रुपये लूटने की तैयारी की गई है। लोग समझ सकते हैं कि इसमें अपराधी कौन है। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि राजस्थान और महाराष्ट्र में निकाले गए टेंडर में ऐसे नियम बनाए गए हैं, जिससे कि अडानी को ही फायदा हो और उन्हें ही टेंडर मिले।

# सीएम आतिशी ने कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए

**संकट मोचन के आशीर्वाद से हर बाधाओं से लड़ते हुए हम दिल्लीवालों के काम करते रहेंगे-आतिशी**

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



सीएम आतिशी ने मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जाकर हनुमान जी के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की और सभी की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। मंदिर के महंत ने सीएम को तिलक लगाकर ध्वज भेंट लिया। इसके बाद उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाया।

इस बाबत एक्स पर साझा करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि, कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। पिछले 2 सालों में आम आदमी पार्टी, दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता और हमारे नेता अरविंद केजरीवाल जी के खिलाफ बहुत षड्यंत्र रचे गए। लेकिन हनुमान जी ने हर संकट से हमारी रक्षा की। उन्होंने आगे लिखा कि, संकट मोचन से यही प्रार्थना है कि, उनका आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे, हम दिल्लीवालों के काम करते रहे और आने वाले चुनाव के बाद एक बार फिर अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री बनें। हनुमान मंदिर में दर्शन के बाद सीएम आतिशी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि, हनुमान जी हमारे संकट मोचन रहे है। पिछले 2 सालों में आम आदमी पार्टी पर, दिल्ली सरकार पर, हमारे नेता अरविंद केजरीवाल जी पर हमारे दुश्मनों द्वारा हर तरह के हमले हुए। उन्होंने कोशिश की कि, हमें तोड़ दे, हनें दबा दे, हमें चुप करा दे, दिल्ली वालों के काम रोक दे।

उन्होंने कहा कि, हनुमान जी ने हर संकट में आम आदमी पार्टी की रक्षा की, अरविंद केजरीवाल जी की रक्षा की, दिल्ली सरकार की रक्षा की, दिल्लीवालों की रक्षा की।

सीएम आतिशी ने कहा कि, आज हनुमान जी से मैंने यही प्रार्थना की कि, जिस तरह से उनका आशीर्वाद हमेशा हम सभी पर बना रहा है, वैसे ही बना रहे। हम उनके आशीर्वाद के साथ दिल्लीवालों के काम करते रहे और उनके आशीर्वाद के साथ आने वाले चुनाव में अरविंद केजरीवाल जी को वापस दिल्लीवालों का मुख्यमंत्री बनाए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 25 सितम्बर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### दो ग्रामीण सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास

संग्रामपुर (मुंगेर) ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में बनने वाली दो ग्रामीण सड़कों का मंगलवार को स्थानीय विधायक राजीव कुमार सिंह के द्वारा शिलान्यास किया गया। प्रखंड क्षेत्र के दीदारगंज पंचायत के कहुआ गाँव में चंदपुरा राणा डीह पथ से कहुआ उत्तर टोला पथ पर 42.69 लाख की लागत से एवं रामपुर पंचायत के खैरा गांव में मँझगाई मनियां ग्रामीण पथ से खैरा गांव तक 31.80 की लागत से सड़क का निर्माण किया जाना है। इसी दोनों सड़कों का शिलान्यास विधायक राजीव कुमार सिंह के एवं विधायक के साथ मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार के द्वारा फीता काटकर संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन की सरकार में हर गांव तक सड़क एवं बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे लगभग पूर्ण कर लिया गया है। वैसे गांव जिसका संपर्क पथ जर्जर है उन्हें भी तुरंत दुरुस्त करने का कार्य मौजूदा सरकार के द्वारा किया जा रहा है। खैरा एवं कहुआ के ग्रामीणों की मांग पर इन दोनों सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर विधायक के साथ जदयू प्रखंड अध्यक्ष कमलनयन सिंह, जदयू जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु के अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### संग्रामपुर थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में तारकेश्वर कुमार सिंह ने किया पदभार ग्रहण

संग्रामपुर (मुंगेर) ।संग्रामपुर थाना के नये थानाध्यक्ष के रूप में मंगलवार को तारकेश्वर कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व में टेटिया बंबर थाना अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे ।पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने थाने के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक जान-पहचान की। उसके बाद थाने का जायजा लिया। साथ ही नए थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था के साथ साथ क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, शराब तस्करों पर शिकंजा, शांति व्यवस्था कायम रखना व नागरिकों के बीच पुलिस की बेहतर कार्य कुशलता व छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# मुख्य सचिव ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई बिहार में विकासात्मक कार्यों में तीव्र गति लाने के मद्देनजर मुख्य सचिव, बिहार श्री अमृत लाल मीणा के द्वारा मंगलवार 24 सितम्बर को 11:00 बजे अपराह्न से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी। इस दौरान मुख्य सचिव ने कार्यों की समीक्षा के साथ साथ कई दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने एनआईसी में समीक्षा बैठक में भाग लिया।

मुख्य सचिव ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, संसदीय कार्य विभाग, निगरानी विभाग, निर्वाचन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, वित्त विभाग, खान एवं भू तत्व विभाग, मध निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, परिवहन विभाग, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, खेल विभाग कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा विधि विभाग आदि के आंकड़ों से रूबरू हुए और कार्यों में तीव्र गति लाने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने मौजूद विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर देय दायित्वों का निर्वहन किये जाने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें और प्रदेश के बदलाव में अहम भूमिका निभाएं।

जिलाधिकारी श्रीमती शर्मा ने मौके पर सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिये जाने का निर्देश सभी सम्बन्धित पदाधिकारी को देते हुए कहा कि किसी भी सूरत मे अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, भूमि उप समाहर्ता समेत सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रतनपुर में जिलास्तरीय सक्षम दिव्यांग संगठन की टीम ने चलाया दिव्यांगों के लिए जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई/गिद्धौर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के साह टोला बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को सक्षम संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। मौके पर श्री पांडे ने कहा कि दिव्यंगता कोई अभिशाप नहीं, बल्कि जीवन की एक चुनौती है। जिस प्रकार हर मानव अपने जीवन को चलाने के लिए संघर्ष करता है उसी प्रकार दिव्यांगता को भी एक चुनौती मानकर काम करते रहने से वह व्यक्ति सफल होता है। आगे उन्होंने कहा कि सफलता की कुंजी संघर्ष है, इसलिए हर एक कठिन काम को लक्ष्य के साथ पूरा करने के लिए व्यक्ति को हमेशा आगे रहना चाहिए। ऐसा करने से सफलता अवश्य मिलती है ।बैठक में रतनपुर पंचायत के दिव्यांगों की समस्याओं को सुना। यहां के दिव्यांगजनों को दिव्यांग सर्टिफिकेट, बैटरी ट्राई साइकिल, बैसाखी, पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य समस्याओं को सबों ने रखा। जिलास्तरीय चलंत टीम के जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी हर दिव्यांगों के घर-घर जाकर उनकी समस्या को सुनेंगे और निवारण करने का प्रयास करेंगे। मौके पर चलंत टीम जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार दुबे, जिला युवा प्रमुख विपिन कुमार, बरहट प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राव, विजय कुमार साह, सुरेश मेहता, जयंत राज, जितेंद्र कुमार, मंटू कुमार साह, पिंटू कुमार, संजय साह, नित्या साह आदि अन्य दिव्यांग ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को नगर पंचायत संग्रामपुर के कार्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज ने किया। जहां सर्वप्रथम नगर पंचायत के पदाधिकारी एवं सफाई कर्मियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर नगर पंचायत के साफ सफाई हेतु स्वच्छता की शपथ लिया। मौके पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा नगर पंचायत संग्रामपुर में कार्यरत सफाई कर्मियों को चिकित्सा सेवा प्रदान की गईं। जहां सफाई मित्र के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधित सुझाव एवं परामर्श देते हुए आवश्यक दवाइयां दी गई। कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। उन्होनें स्वच्छता अभियान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भलाई के लिए आवश्यक है। सफाई मित्रों के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वच्छता के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना असंभव है। उन्होंने सभी को स्वच्छता बनाए रखने और एक स्वस्थ समाज की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर नगर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक जय प्रकाश सफाई कर्मी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# जिले के सरकारी स्कूलों की होगी रैकिंग,दिए जाएंगे अंक

प्रात : किरण संवाददाता



● शिक्षा विभाग की ओर से नंवबर और मार्च में स्कूलों की रैकिंग करने की योजना,शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने दिया दिशा-निर्देश

गिद्धौर। जिले के सरकारी विद्यालयों में रैंकिंग की जाएगी। विभाग के अनुसार सरकारी योजनाओं व विभागीय निदेर्शों के पालन की जांच कर वर्ष में दो बार रैंकिंग की जाएगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने डीईओं को एक पत्र भेजा गया है। विद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षक शिक्षिकाओं के शैक्षणिक गुणवत्ता की भी ग्रेडिंग की जाएगी। सरकारी विद्यालयों में संचालित विभिन्न गतिविधियों,शिक्षण,संसाधन उपयोग, साफ-सफाई स्वच्छता, शिकायत निवारण सह शैक्षणिक गतिविधियां आदि के लिए 100 अंक तय किए गए हैं। रैंकिंग की प्रविष्टि सभी शिक्षकों के वार्षिक मूल्यांकन में अनिवार्य रूप से की जाएगी। साल में दो बार होगी रैकिंग शिक्षा विभाग की ओर से इसको लेकर वर्ष में दो बार नवंबर और मार्च माह में विद्यालयों की रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए प्राथमिक,मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रपत्र तैयार किए गए हैं। संसाधन उपयोग पर भी मिलेंगे अंक नामांकित छात्रों के अनुपात में कक्षा की उपलब्धता पर दो रनिंग वाटर, जलापूर्ति की व्यवस्था व ओवरहेड टैंक की कार्यात्मक स्थिति पर दो, आईसीटी लैब के उपयोग पर दो, विज्ञान लैब के उपयोग पर दो, तथा पुस्तकालय के उपयोग पर दो अंक निर्धारित किए गए हैं। व्यायाम व खेल नियमित रूप से आयोजित करने पर भी मिलेंगे अंक चेतना सत्र में बच्चों की सक्रिय भागीदारी पर दो,योग,व्यायाम व खेल नियमित रूप से आयोजित करने पर दो,स्वास्थ्य जांच,आयरन की गोलियां व आंखों की जांच पर दो तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल दिवस के लिए वार्षिक दिवस पर दो अंक मिलेंगे। शिकायत निवारण के लिए तीन अंक निर्धारित किए हैं। इन मानकों पर की जाएगी ग्रेडिंग पिछले तीन माह में छात्रों की औसत उपस्थिति पर 10,छात्रों के क्लासवर्क,होमवर्क व वर्कशीट की नियमित जांच पर पांच,विद्यालय अवधि के बाद मिशन दक्ष के तहत कक्षा पर 3 व नियमित रूप से शिक्षक अभिभावक आयोजन पर दो अंक अर्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा का औसत अंक पर 20,मासिक जांच परीक्षा में औसत अंक पर 10 अंक मिलेंगे। इसी तरह कटे नाखून,संवरे वाल व साफ पोशाक युक्त छात्र पर 2.5,रसोईघर की साफ-सफाई,विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व शोचालय की साफ-सफाई प्रत्येक पर 2.5 अंक निर्धारित किए गए है।

# नहाए- खाए के साथ जितिया व्रत शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र में संतान के दीघार्यु की कामना के लिए महिलाएं 25 सितंबर बुधवार को जीवित्पुत्रिका व्रत करेगी। व्रत के एक दिन पूर्व 24 सितंबर मंगलवार को नहाय खाय के साथ यह व्रत शुरू हो गया। प्रत्येक वर्ष आश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को किया जाता है। महिलाएं इस व्रत में 24 घंटे तक निर्जला व निराहार रहकर अपनी संतान के लिए मंगल कामना करती है। उपवास के पूर्व ओठगन की परंपरा रही है। लेकिन इस बार सप्तमी का प्रवेश 24 सितंबर मंगलवार शाम 5:57 तक रहेगा। इसके बाद 5:58 से अष्टमी का प्रवेश हो जाएगा ।इस बार ओठगण नहीं है। ज्योतिष दिपू पांडे ने बताया कि काशी पंचांग के अनुसार बुधवार 25 सितंबर को शाम 4:56 तक अष्टमी है। उदिया तिथि के अनुसार पारण 26 सितंबर गुरुवार को व्रती महिलाएं करेंगी। काशी पंचांग के अनुसार 27 सितंबर 2024 शुक्रवार शाम 4:10 से हथिया नक्षत्र शुरू होगा। हथिया नक्षत्र में वायु वेग के साथ सामान्य वृष्टि होने के योग हैं ।ज्योतिषी दिपू पांडे ने बताया की सप्तमी मिला हुआ अष्टमी नहीं करना चाहिए। जिस दिन उदिया तिथि का अष्टमी हो,उसी दिन यह व्रत करना चाहिए नहीं तो व्रत का फल नहीं मिलता है ।कृतसार, निर्णय सिंधु के अनुसार सप्तमी मिश्रित अष्टमी तिथि का व्रत नहीं करना चाहिए,जिस दिन शुद्ध उदिया तिथि की अष्टमी हो उसी दिन इस व्रत को करें ।जीवित्पुत्रिका व्रत में महिलाएं फल,पकवान व मिठाई से डलिया भरेगी। मिथिला पंचांग के अनुसार नहाए-खाए सोमवार 23 सितंबर को है व सुबह में ओठगण होगा। वही 24 सितंबर मंगलवार के दिन संध्या 6:06 तक सप्तमी तिथि है। मिथिला पंचांग के मानने वाले को सप्तमी मिला हुआ ही अष्टमी करना पड़ेगा। 24 सितंबर मंगलवार को संध्या 6:07 से अष्टमी का प्रवेश होगा जो बुधवार 25 सितंबर शाम 5:05 तक अष्टमी रहेगा। उसके बाद महिलाएं पारण कर सकती है। काशी पंचांग और मिथिला पंचांग में तालमेल नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसलिए उदिया तिथि के अनुसार 25 सितंबर बुधवार को व्रत करें और पारण 26 सितंबर गुरुवार को प्रातः काल सूर्योदय होने के बाद करें।

# राजद नेताओं ने बाढ़ की समस्या को देखते हुए की बैठक



● बाढ़ पीड़ित परिवार को आपदा राशि शीघ्र उपलब्ध यदि प्रशासन नहीं करेंगे तो होगा आंदोलन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला राजद के आजाद चौक स्थित कार्यालय में राजद प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार यादव प्रदेश सचिव सह राजद राज्य परिषद सदस्य गजेंद्र कुमार हिमांशु ने मुंगेर में आई बाढ़ की विभिषिका से अभी ठीक तरह से उबरे भी नहीं हैं कि बाढ़ का पानी घटने के बाद गंदे पानी का जल जमाव से होने वाले महामारी को लेकर सशंकित है, साथ ही मुंगेर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय निर्माण हेतु जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत जबायत पंचायत में मुंगेर विश्वविद्यालय भवन हेतु जमीन अधिग्रहण की प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू किये जाने से उत्पन्न परिस्थिति को लेकर विरोध का स्वरूप फूटने लगा है ।

राजद नेताओं ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इस तरह का अविवेकपूर्ण निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण होगा क्योंकि मुंगेर में विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर लगातार राजद द्वारा जनआन्दोलन चलाये जाने के परिणाम स्वरूप पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी के दबाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा मुंगेर में विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा एवं स्वीकृति मिलने के पश्चात मुंगेर डीजे कालेज परिसर में कुलपति कार्यालय भवन का निर्माण और उद्घाटन कराया गया, लेकिन विश्वविद्यालय का कार्यालय भवन हेतु जमीन अधिग्रहण नहीं कराया जा सका जबकि विश्वविद्यालय कार्यालय भवन जिला मुख्यालय में अनिवार्य रूप से होना चाहिए जबकि मुख्यालय में सरकारी भूमि प्रर्याप्त है । राजद नेताओं ने शासन, प्रशासन से मांग किया कि बाढ़ के बाद होने वाले संभावित महामारी के मद्देनजर सफाई, कीटनाशक दवाई का छिड़काव, बीमारी के रोकथाम के लिए चिकित्सकों की टीम का कैम्प लगाकर जाँच कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को आपदा राशि शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग किया है । राजद नेताओं ने कहा कि बाढ़ राहत और मुंगेर विश्वविद्यालय कार्यालय भवन निर्माण हेतु मुख्यालय भूमि अधिग्रहण नहीं कराया जाता है तो राजद द्वारा उग्र आन्दोलन करने पर मजबूर होगा ।

# 440 वोल्ट का विधुत तार टुटकर गिरने से बाल बाल बचे सोनो बाजार के लोग



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : मंगलवार की सुबह सोनो बाजार में 440 वोल्ट की विधुत तार टुटकर गिरने से सोनो बाजार निवासी गौरेलाल राय, बिनय राय , गणेश बरनवाल , संजु मंडल एवं मजदूरी करने जा रहे गोपाल साह करेंट की चपैट में आने से बाल बाल बच गये । सोनो बाजार निवासी गोपाल पांडेय, पिंटु कुमार लाल, संतोष बरनवाल, सुनिल पांडेय , दुखी राय, चुनचुन बर्मा, किशुन पांडेय तथा गौरेलाल राय आदि लोगों ने बताया कि सोनो चोक से चरका पत्थर जाने वाली मार्ग के मुख्य बाजार सोनो मे लगी 440 पावर वोल्ट की विधुत तार मंगलवार की सुबह अचानक टुटकर गिर गई , जिसमे आधी दर्जन से अधिक लोग विधुत की चपेट में आने से बाल बाल बच गये । ग्रामीणों ने बताया कि इसकी जानकारी तुरंत विधुत विभाग को दी गई है लेकिन 12 घंटे व्यतीत हो जाने के बाद भी इस तार की मरम्मती के लिए कोई पदाधिकारी या विधुत कर्मि अब तक नहीं पहुंची है । बताया गया है कि इस विधुत तार के टुटकर गिरने से इस उमस भरी गर्मी में लोगों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है । ग्रामीणों ने विधुत विभाग के वरिय पदाधिकारी से टुटकर गिर चुके विधुत तार को अविलंब मरम्मती कराने की मांग की हे ।

ज्ञात हो कि विधुत तार के टुटकर गिरने से जहाँ ग्रामीणों को भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है वहीं विधुत विभाग को प्रतिदिन हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है ।

# मुंगेर में विश्वविद्यालय मेडिकल कॉलेज सहित महाविद्यालय विकास संघर्ष मोर्चा का देन है : प्रोफेसर विनय कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। स्थानीय शहीद स्मारक भवन किला क्षेत्र मुंगेर में मंजिलें विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के साथियों की एक अति आवश्यक बैठक मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि मुंगेर में विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं वानिकी महाविद्यालय की स्थापना के लिए प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा के लंबे समय तक संघर्ष किया उसी का आज परिणाम है कि आज मुंगेर में इंजीनियरिंग कॉलेज एवं बनिकी विद्यालय बनकर तैयार है और वहां सत्र भी चालू हो चुका है। मेडिकल कॉलेज का भवन निर्माण का कार्य भी चालू है। मोर्चा के संरक्षक नरेश सिंह यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा मुंगेर विश्वविद्यालय स्थल चयन के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी नवीन कुमार सिंह एवं आयुक्त मुंगेर के साथ मोर्चा के नेताओं की संयुक्त बैठक कई बार हुई अंत में तपोभूमि ऋषि कुंड में विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए सहमति बनी। इस बीच बिहार सरकार के शिक्षा सचिव भी भूमि का निरीक्षण करने जिला अधिकारी मुंगेर के साथ ऋषिकुंड पहुंचे और उन्होंने अपनी सहमति दी इसके पश्चात भूमि अधिकग्रहण का कार्य शुरू हो गया 20 एकड़ सरकारी जमीन भी मिली तथा शेष जमीन के लिए वहां के स्थानीय किसानों से भी बढ़ता हुई मोर्चा के साथियों को यह विश्वास हो गया कि अब मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना तपोभूमि ऋषि कुंड में ही होगी। लेकिन इसी बीच अखबार के माध्यम से यह सूचना मिली की मुंगेर के माननीय सांसद श्री ललन सिंह एवं जमालपुर के विधायक श्री अजय कुमार सिंह के मिली भगत से विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए एक साजिश के तहत मुंगेर प्रमंडल से काफी दूर खड़गपुर प्रखंड के तेलियाडीह पंचायत के बिराजपुर मौजा मैं स्थल चयन किया गया है जिसका प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर पुरजोर विरोध करती है तथा राज सरकार से इस बैठक के माध्यम से करती है कि विश्वविद्यालय भवन का निर्माण पूर्व चिन्हित ऋषिकुंड के पास ही किया जाए अनाथ मजबूर होकर मोर्चा को सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बैठक में मोर्चा के पुराने साथी वकील राम ने एक प्रस्ताव के माध्यम से मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन को यह अधिकार दिया कि आप आंदोलन का रूप रेखा तैयार करें हम सभी साथी तन मन धन से आपके सहयोग करेंगे। उपस्थित सभी साथियों ने ध्वनि मत से इसका समर्थन किया। बैठक को राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री देवकीनंदन सिंह, अशोक रजक, सीपीएम के संजीवन कुमार सिंह, मंटू यादव, सीपीएम के लखन कुमार, मोहम्मद कौसर फैयाज, अशोक चौधरी, समीर कुमार, जोगी यादव, शैलेंद्र कुमार शर्मा, प्रकाश चंद्र , शैलेंद्र कुमार यादव, निरंजन कुमार यादव, डॉक्टर फातमी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मोर्चा के वरिष्ठ साथी विजय कुमार गुप्ता, सरवन यादव, मोहम्मद शकील अहमद, नवल यादव, जर्मन यादव, छोटू कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा सह लक्ष्मीपूजा संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। मंगलवार को थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक प्रताप सिंह व सीओ सह दंडाधिकारी आरती भूषण की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मौजूद ग्रामीणों व पूजा समिति के सदस्यो ने थानाध्यक्ष पंकज कुमार से मेले में होनेवाली परेशानी को लेकर समुचित विधि व्यव्स्था का आग्रह किया। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को मां के दर्शन को लेकर किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े इसे लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। पुलिस निरीक्षक प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने ग्रामीणों व शांति समिति के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेले की व्यवस्था को सुचारू रूप से कायम करने के लिए अधिकाधिक पुलिस बल तैनात किये जायेगें। उन्होंने कहा कि मेले में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिये गिद्धौर बाजार में चिन्हित स्थलों पर भिड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश निषेध रहेगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो इसके लिये मेले में यात्री वाहनों का पड़ाव मेले परिसर से दूर चिन्हित स्थलों पर किया जायेगा। दंडाधिकारी आरती भूषण ने कहा कि शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पुजा समिति गिद्धौर के सदस्यों से मेले परिसर में आने वाले श्रदालुओं की सुविधा व मनचलों पर कड़ी नजर रखने के लिये सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया ।व थानाध्यक्ष ने कहा कि मेला परिसर में किसी भी प्रकार की श्रद्धालुओं को असुविधा होने पर गिद्धौर पुलिस को अविलंब सूचित करें। मौके पर बैठक में बीडीओ सुनिल कुमार,प्रखंड प्रमुख पंकज कुमार,सीओ आरती भूषण, शारदीय दुर्गा पुजा व लक्ष्मी पूजा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव साव पिंकू,सचिव शंभू केशरी,उप सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष महेश रावत,अजीत कुमार रावत कारू,कोषाध्यक्ष सुबोध केशरी,राजीव वर्णवाल,संतोष सिंह,राजेश कुमार पाजो रतनपुर पंचायत के मुखिया भोला यादव,रामाशीष साह,बबलू यादव,पवन यादव,शेखावत मियाँ के अलावे श्रवण यादव ,बंदी सिंह,अभिषेक सिंह,सुमन पांडे व दुर्गा पूजा समिति के दर्जनों सदस्य बैठक में मौजूद थे।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना**
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–31 वर्ष 2024–25
(विशेष शर्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट state.bihar.gov.in/.prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 03.10.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कोटेशन का मूल्य (रूपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार हैः रू0 0 से 50,000.00 तक रू0 250/– रू0 50,001 से रू0 2,50,000.00 तक रू0 500/– रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक रू0 750/– रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक रू0 1250/– रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक रू0 2500/– एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत तथा कम से कम रू0 30,000) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
कार्य का विवरणी :–

| क0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ | मात्रा | इकाई | उद्वत की जानेवाली दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | S/F/F/ Cupboard & Modular Kitchen in BType quarter (Block-2 Flat No-119,120 & 121) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 | | | |

PR. No.008770 (BCD) 2024-25
कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।**
**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–32 वर्ष 2024–25**
(विशेष शर्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट state.bihar.gov.in/.prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04.10.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कोटेशन का मूल्य (रूपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार हैः रू0 0 से 50,000.00 तक रू0 250/– रू0 50,001 से रू0 2,50,000.00 तक रू0 500/– रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक रू0 750/– रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक रू0 1250/– रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक रू0 2500/– एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत तथा कम से कम रू0 30,000) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
कार्य का विवरणी :–

| क0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ |
|---|---|
| 1 | S/F/F/ Cupboard & Modular Kitchen in B -Type quarter (Block -2 Flat No -116,117 & 118) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 |

➤विशेष जानकारी हेतु सूचनापट्ट अथवा वेबसाईट state.bihar.gov.in/.prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

PR- 008783 ( B C D ) 2024-25
कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

सम्पादकीय

# श्राद्ध पक्ष में नफरत के तर्पण की जरूरत



दिशाहीन, कसैली, विषैली सियासत पर लिखते-लिखते अब ऊब होने लगी है। इसलिए आज श्राद्ध पक्ष पर लिख रहा हूँ। भारत में श्राद्ध पक्ष का बहुत महत्व है। मान्यताएं हैं, अस्थायें हैं। हमारे पूर्वजों ने पूर्वजों की आत्मशांति और उनके प्रति श्रृद्धा व्यक्त करने के लिए पूरे पन्द्रह दिन मुकर्रर किये हैं। पंचभूत में विलीन हमारे पूर्वजों की देह हम नदियों में प्रवाहित कर देते हैं किन्तु उनकी आत्माओं के बारे में हमारे पास कोई प्रबंध नहीं है। हमें लगता है कि पूर्वजों की आत्माएं भटकतीं है। उन्हें भूख-प्यास भी लगती है इसलिए ब्राम्हणों के जरिये, कौवों के जरिये, पशु- पक्षियों के जरिये हम उन्हें भोजन, वस्त्र और न जाने क्या-क्या पहुँचाने की कोशिश करते हैं। और जब थक जाते हैं, पक जाते हैं, तो पिंडदान कर देते हैं।



**राकेश अचल**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)

स्थापित मान्यताओं के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना, क्योंकि ये आज का विषय नहीं है। मेरा तो आग्रह ये है कि हम इस श्राद्ध पक्ष में यदि कुछ तर्पण करना ही चाहते हैं, पिंडदान करना ही चाहते हैं तो हमें नफरत का, ईर्ष्या का, घृणा का पिंडदान करना चाहिए ताकि समाज, देश, आसपड़ोस सुख से रह सके। सुख अब दिनों-दिन अलभ्य होता जा रहा है। लोग सुख देने के बजाय उसे छीनने की स्पर्द्धा में जुटे हुए हैं। भारत में ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में ये छीना-झपटी चल रही है। छीना-झपटी का चरम युद्ध में तब्दील होजाता है। दुनिया में कहाँ-कहाँ ये नफरत युद्ध में तब्दील हो चुकी है, ये आप सभी जानते हैं।

बात नफरत की चली तो मुझे भारतीय राजनीति की कुछ महिलाओं की याद आ गयी। दिल्ली की नयी-नवेली मुख्यमंत्री आतिशी भाजपा की नफरत से परेशान हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुर्सी खाली रखकर कामकाज करने का फैसला किया तो भाजपा को उदरशूल होने लगा। भाजपा के तमाम भद्र नेता मुख्यमंत्री आतिशी पर राशन-पानी लेकर चढ़ बैठे। उनका कहना है कि ये चमचत्व की पराकाष्ठा है जबकि आतिशी कहतीं हैं कि वे दिल्ली में भरत राज का अनुकरण कर रहीं हैं। कलियुग में भरत राज का अनुकरण अविश्वनीय है, क्योंकि यहां तो भरत के रूप में चम्पाई सोरेन का उदाहरण हैं जो सत्ता कि लालच में अपने ही दल को लात मार चुके हैं। आतिशी चम्पाई सोरेन नहीं हैं, आतिशी है। उनका सम्मान किया जाना चाहिए। नफरत की आग भाजपा की कलाकार संसद सुश्री कंगना रावत कि दिल में भी धधक रही है। वे भी सन्निपात की शिकार दिखाई देतीं है। वे कब , क्या बोलेंगीं ये उनका दल भाजपा भी नहीं जानता और इसीलिए कुछ दिन पहले ही कंगना कि एक बयान से भाजपा ने अपने आप को लग कर लिया था। अब वही कंगना रनौत फिर सुर्खियों में है। उन्होंने कहा है कि -हिमाचल प्रदेश सरकार कर्ज लेती है और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की गोद में डाल देती है। इस तरह वह कांग्रेस की झोली भर रही है। सोनिया गांधी ने राज्य के खजाने को खोखला कर दिया है और हिमाचल की ये दुर्दशा हुई है। हिमाचल के बच्चों के भविष्य पर कुल्हाड़ी मारी जा रही है। यह देखकर उन्हें बहुत दुख होता है। उनका दुःख कब सुख में बदलेगा हम और आप नहीं जानते।

हरियाणा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा भी इस समय अपनी पार्टी और भाजपा की नफरत का शिकार है। नाराज हैं। चुनाव प्रचार में नजर नहीं आ रही। भाजपा ने उन्हें कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने का न्यौता दिया है लेकिन सैलजा ने बिभीषण बनने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि उनकी देह कांग्रेस कि झंडे में ही लिपटकर विदा होगी। ऐसा समर्पण अब कहाँ देखने को मिलता है।

नफरत की राजनीति कि शिकार देश कि अल्पसंख्यक भी हैं और वे लोग भी जो तिरुपति तिरुमला देवस्थान में लड्डुओं के लिए देशी घी के नाम पर कुछ और सप्लाई करते आये हैं।

# भ्रष्टाचार मिटें कैसे...? वैसी सरकारी पहल भी तो हों...?


**-ओमप्रकाश मेहता-**

एक जमाना था, जब राजनीति को सही अर्थों में जनसेवा का सशक्त माध्यम माना जाता था, किंत अब यही माध्यम भ्रष्टाचार का सशक्त माध्यम बन गया है और आज के सत्ताधीश इस सामाजिक कोढ को मिटानें के नही, बल्कि इसके विस्तार के माध्यम बने हुए है, सवाल अब सिर्फ भ्रष्टाचार को सिर्फ आगे बढ़ानें का नही बल्कि उसे कानूनी रूप से रोकने या खत्म करने की शपथ वाली एजेंसियां भी इस कोढ के विस्तार का माध्यम बना दी गई है, आज की राजननीति नें सीबीआई, सीआईडी जैसी सरकारी जोंच ऐजेंसियों को अपने तुच्छ इरादों और मकसदों का माध्यम बना रखा है और इन तथाकथित स्वतंत्र जांच एजेंसियों पर कब्जा कर इन्हें इनके कार्य व दायित्व को ईमानदारी से निभानें में अवरोध पैदा करना शुरू कर दिया है, इन्हें स्वतंत्र रूप से अपने दायित्व निर्वहन की अनुमति ही नही दी जा रही है, इसका ताजा उदाहरण हाल ही में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीबीआई) द्वारा जारी रिपोर्ट है, जिसमें खुलासा किया गया है कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) गंभीर भग्रष्टाचार सें सम्बन्धित 212 मामलों की जांच करके दोषियों को दण्डित करना चाहती है, लेकिन चूंकि इस जांच के लिए केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों की मंजूरी कानूनी तौर पर जरूरी है और केंद्र व सम्बन्धित राज्य सरकारों में विराजित आरोपित अधिकारी व नेता जांच करवाना नही चाहतें, इसलिए सीबीआई इनकी जॉच नही कर पा रही है, सीबीआई के पास ऐसी जॉच की अनुमति के प्रकरण पिछले वर्षो से लम्बित है और सम्बन्धित भ्रष्ट अधिकारी व नेता यह जॉच होनें नही देना चाहते ? अब यहां सवाल यह है कि जिनकी जॉच होना है, वे ही भला जॉच की अनुमति कैसे देगें ? यह अनुमति का प्रावधान रखा ही क्यों गया ? जब सीबीआई, सीआईडी कों स्वतंत्र जॉच एजेंसी का दर्जा दिया ग्रया है तो फिर उनकी ह्यस्वतंत्रताह्न क्यों छीन ली गई ? आज इसी बात को लेकर केंद्रीय सतर्कता जॉच आयोग (सीबीआई) कॉफी परेशान है, फिर सवाल यह भी है कि सीबीसी (सतर्कता आयोग) जब कानूनी रूप से स्वतंत्र है तो सलाहो को केन्द्र व राज्य सरकारें मानती क्यों नही है ? सीबीआई ने दिसम्बर 2023 तक की जारी अपनी रिपोर्ट में उन मामलों का भी जिक्र किया है, जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दर-किनार कर दिया गया इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंन्द्र सरकार के अधीन संस्थाऐं (पीएसयू बैंक आदि) शामिल है, सीबीसी केंन्द्रीय मंत्रालायों और पीएसयू बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीबीओ) के जरिए भ्रष्टाचार पर अनियमितताओं पर नजर रखता है। इस रिपोर्ट में मुख्य राज्य सरकारों व केंद्र शासित राज्यों में लम्बित मामलों की जानकारी भी दी गई है, जिनमें महाराष्ट्र में तीन, उत्तरप्रदेश में दस, पश्चिम बंगाल में चार, जम्मू-कश्मीर में चार, पंजाब में चार, मध्यप्रदेश में एक व अन्य पन्द्रह मामलें है, इन 41मामलों में 149 अधिकारी शामिल बताए गए है। इनके अलावा 81 अन्य मामलें तीन माह से ज्यादा पुराने है। लम्बित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले लम्बित है, इनकी लम्बे समय से जॉच रिपोर्ट आ जाने के बाद भी अभियोजन की मंजूरी के अभाव मे ये मामले लम्बित है और सरकार के विभिन्न पदों पर अभी भी विराजित ये अधिकारी अपनी भ्रष्टाचार की भूख को शांत नही कर पा रहे है और उसमे दिन दूनी रात चौगनी अभिवृद्धि हो रही है।

# बिहार में सरकार के इकबाल पर सवाल

**अब इतिहास फिर से उसी मोड़ पर जा पहुंचा है, जहां केंद्र में भाजपा की सरकार है और चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत भाजपा के साथ हैं, वहीं रामविलास पासवान के बेटे चिराग भी एनडीए के साथी हैं। चिराग पासवान ने इस घटना की निंदा तो की है, लेकिन फि लहाल जिस तरह भाजपा और एनडीए के बाकी दलों के दलित, वंचित विरोधी चेहरे सामने आए हैं, उसमें निंदा करना पर्याप्त नहीं होगा। एनडीए के एक और साथी जीतनराम मांझी इस घटना के पीछे यादव समाज का हाथ बता रहे हैं और लालू प्रसाद को चुनौती दे रहे हैं। लेकिन सच तो ये है कि नवादा आगजनी कांड से न केवल नीतीश कुमार बल्कि पूरी एनडीए कटघरे में है। तेजस्वी यादव ने इस घटना के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर महा जंगलराज!**





**-कुमार कृष्णन-**
**(स्वतंत्र पत्रकार)**

बिहार के सुशासन बाबू यानी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विभिन्न मंचों से यह कहते नहीं थकते कि बिहार में कानून का राज है। कानून व्यवस्था की धज्जियां किस कदर उड़ चुकी हैं, इसका नवादा की घटना है। नवादा ज़िले के ददौर गांव की कृष्णानगर नाम की एक दलित बस्ती में दबंगों ने कई राउंड फायरिंग करने के बाद आग लगा दी, जिसमें करीब 80 घर जलकर खाक हो गए। कई जानवरों के मरने की सूचना है, लेकिन किसी इंसान को हानि नहीं पहुंची है, क्योंकि इस हमले की आशंका से लोग पहले ही अपने घरों को छोड़कर चले गए थे। इस मामले के बाद अब तक 15 लोगों को गिरफ़्तार कर लिया गया है, जिसमें घटना का मास्टरमाइंड बताया जा रहा नंदू पासवान भी शामिल है। जातीय हिंसा के लिए बदनाम बिहार में इस मामले ने कुछ ही समय में राजनीतिक तूल पकड़ लिया है।

जहां मुख्य विपक्षी राजद ने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए इसे महा-जंगल राज करार दिया है, वहीं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे यादवों द्वारा महादलितों पर हमला बताया है। इस मामले में सबसे ज्यादा प्रभावित मांझी समुदाय से आते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, कुछ दबंग यादवों ने कुछ दलितों को बहकाया-फुसलाया ताकि यह लगे कि यह दलितों पर दलितों द्वारा किया गया हमला है।

नंदू बिहार पुलिस का रिटायर्ड जवान है। नंदू का बेटा भी पुलिस गिरफ्त में है। उसका बेटा नागेश्वर पासवान भदोखरा वार्ड नंबर 16 (कृष्णा नगर) का वार्ड सदस्य है। वहीं, नंदू की बहू सरिता भारती आंगनबाड़ी सेविका का काम करती है। जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने इस कांड को अंजाम दिया। जिस जगह पर आगजनी की गई, वहां की जमीन का मुकदमा न्यायालय में केस चल रहा है। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के अनुसार कृष्णा नगर के संजय मांझी के बेटे व्यास मुनी ने पर बताया कि उक्त जमीन पर वर्तमान में नवादा कोर्ट में टाइटल सूट संख्या 22/1995 चल रहा है। इस दलित बस्ती में रहने वालों का दावा है कि यहाँ ये लोग साल 1964 से रह रहे हैं। ये लोग बताते हैं कि ये जमीन सईदा खातून निशा उर्फ.रज़िया बेगम की है, जो किसी नवाब साहब की बेटी है। बस्ती के वीरेंद्र प्रसाद बताते है कि ये 15 एकड़ 59 डेसीमिल जमीन का विवाद है। रजिया बेगम ने ये जमीन किसी को नहीं दी थी तो ये जमीन अनाबाद बिहार सरकार है। 1964 में दलित लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर लिया। फिर हम लोगों ने ये जमीन अपनी मेहनत से जोती और वही खा रहे है। अनाबाद बिहार सरकार की जमीन का मतलब खासमहल, भूदान से मिली जमीन है। इस जमीन के मालिकाना हक को लेकर 90 के दशक में विवाद शुरू हुआ. जिसको लेकर टाइटल सूट का केस मुंसिफ कोर्ट नवादा में (केस नंबर 22/95) दायर है। इस केस में याचिकाकर्ता वीरेन्द्र प्रसाद है। उनके मुताबिक ह्लउन्होंने रमजान मियां पर केस किया है। रमजान मियां अपनी जमीन के साथ-साथ बस्ती की भी जमीन बेचने लगा। तब मैंने ये केस किया। केस के बावजूद जमीन की खरीद बिक्री हुई। दबंगों ने ये जमीन लिखा ली। केस जब चल रहा था, तो जमीन की खरीद बिक्री नहीं होनी चाहिए थी। लेकिन खरीद बिक्री भी हुई और दाखिलखारिज भी हो गया। रमजान मकी मृत्यु कई साल पहले हो चुकी है। नवादा प्रशासन के रिकार्ड में इस जमीन की जमाबंदी (एक तरह से जमीन का रिकार्ड) रमजान मियां पिता चुल्हन मियां की है। नंदू पासवान के पिता का नाम सौखी पासवान है। इस परिवार का दावा है कि सौखी पासवान और उनके तीन भाइयों सहदेव, जगदीश और सुमेश्वर ने ये जमीन खरीदी थी। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लोहानी बिगहा गाँव और नालंदा ज़िले के रहुई थाना क्षेत्र के भी अभियुक्त हैं।


लोहानी बिगहा और रहुई से नामजद अभियुक्त यादव समाज और बेलदार जाति से आते हैं। बेलदार बिहार में अति पिछड़ा कैटेगरी में आते हैं। यह महत्वपूर्ण सवाल है कि आखिरकार जमीन के विवाद ने इतना हिंसक रूप कैसे अख्तियार कर लिया ?दलित बस्ती में रहने वालों का दावा है कि पहले भी यहाँ गोली चलती रही है। पीड़ितों का कहना है कि हम लोगों की तीन पीढ़ी यहाँ पर रही है. ये लोग यहाँ आकर पहले भी गोली चलाएं और गाली दिए है लेकिन पुलिस कुछ नहीं की। बीते साल भी यहाँ गोली छूटा तो प्रशासन ने रुपया खाकर कोई कार्रवाई नहीं की। अक्सर होता है कि शासन प्रशासन पीड़ितों के न्याय के लिए खडे. होने की जगह दबंगो के साथ खडे होती है। यह वारदात साफ इशारा करती है कि बिहार में सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है। सरकार की पुलिस प्रशासन पर पकड़ कमजोर है और कानून-व्यवस्था गर्त में जा चुकी है। ज्यादा पुरानी बात नहीं है, इसी साल मई माह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा शासन और खासकर नरेन्द्र मोदी के शासन को लेकर लंबे-चौड़े दावे किए थे। श्री नड्डा ने कहा था नरेंद्र मोदी के 10 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के रहे। एक तरफ सेवा है, सुशासन है, गरीब कल्याण है, तो दूसरी तरफ राजद-कांग्रेस के शासन की लूट, कुशासन और उनके परिवार का कल्याण था। दोनों में तय आपको करना है। श्री नड्डा लोकसभा के लिए जनता का वोट मांग रहे थे, लेकिन जिस तरह उन्होंने राजद और कांग्रेस के शासन को कोसा, उससे जाहिर है कि वे नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में साथ आने को सही ठहरा रहे थे। नीतीश कुमार ने भी मन न लगने को कारण बताते हुए ही राजद और कांग्रेस से किनारा करके फिर से भाजपा से दोस्ती की और राज्य की सत्ता में भाजपा को दोबारा आने का मौका दिया था। अब उसका नतीजा सामने है कि जिस सुशासन के दावे नीतीश कुमार को लेकर किए जाते रहे, उसकी हकीकत क्या है। एक बार फिर जातीय हिंसा की भयावह याद ताजा कराती नवादा की घटना घटी है।

इसी बिहार में 27 मई 1977 को मात्र एक कट्ठा जमीन के विवाद पर 11 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी, जिनमें आठ दलित और तीन सोनार जाति के लोग थे। मरने वालों में एक 12 बरस का विक्षिप्त बच्चा भी था। तब मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री थे और इंदिरा गांधी आपातकाल के बाद चुनाव हार गई थीं, लेकिन फिर भी वे बेलछी तक गईं और भारी बारिश के कारण चलना मुश्किल हुआ तो हाथी पर बैठ कर गईं। इसके बाद कांग्रेस में किस तरह नयी जान पड़ गई, ये अलग इतिहास है। बहरहाल, बेलछी हत्याकांड से केंद्र की जनता दल सरकार बुरी तरह घिर गई थी, तत्कालीन गृहमंत्री चौधरी चरण सिंह ने इस हत्याकांड में जाति के एंगल को नकारा, तो यह दांव उन्हीं पर उल्टा पड़ गया। हालात संभालने के लिए सरकार ने आठ सदस्यीय सांसदों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया, जिसमें एक सदस्य रामविलास पासवान भी थे।

# मेहनतकश किसानों के प्रति नीति और नजरिया बदलना आवश्यक

**कई बार मध्य प्रदेश के किसानों ने अपने अधिकारों और मांगों के लिए आंदोलन किया। 2017 में मंदसौर का किसान आंदोलन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां किसान अपने उत्पादों के उचित मूल्य की मांग कर रहे थे। भाजपा सरकार ने आंदोलन को पुलिस के जरिए कुचलने की कोशिश की। संघर्ष में कई किसानों की जान चली गई। मध्य प्रदेश के इतिहास की यह सबसे बड़ी घटना भाजपा सरकार की किसान विरोधी मानसिकता दर्शाती है। किसानों की मांग के बावजूद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना और अन्य योजनाओं का लाभ अधिकांश किसानों तक नहीं पहुंच सका। भ्रष्टाचार, बिचौलियों और अफसरशाही ने इन योजनाओं को कमजोर कर दिया। कई बार किसानों को प्रीमियम भरने के बावजूद बीमा कंपनियों से सही समय पर मुआवजा नहीं मिला, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गई।**





**-जीतू पटवारी-**
**(लेखक मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हैं।)**

मध्य प्रदेश में बीती 10 सितंबर से किसान आंदोलनरत हैं। किसानों का गुस्सा सरकार के प्रति है। कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा का नेतृत्व करते हुए मैं प्रदेश के कई जिलों में हजारों किसानों से प्रत्यक्ष मिल चुका हूं। आक्रोश के ये स्वर सरकार की नीतियों के विरोध में हैं। सोयाबीन के सबसे बड़े उत्पादक राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश में इस साल किसानों को औसत कीमत वही मिल रही है, जो दस साल पहले थी। केंद्र और राज्य सरकार ने आंशिक मूल्य वृद्धि का खेल जरूर खेला, लेकिन उससे भी किसानों को कोई फायदा नहीं हुआ। आज भी किसानों का सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब खेती की लागत 4, 000 रुपए प्रति क्विंटल के करीब है, तब फसल का मूल्य 3, 800 रुपए क्यों दिया जा रहा है? मध्य प्रदेश में सोयाबीन की नई फसल फिर सबूत के रूप में सामने है कि किसानों की आय दोगुनी करने का बीजेपी का वादा झूठा है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की आय दोगुना करने का सरकारी वचन बार-बार, लगातार दोहराया है। बीजेपी ने गेहूं एवं धान के लिए क्रमशः 2, 700 रुपए और 3, 100 रुपए एमएसपी देने का वादा किया था, लेकिन यह सिर्फ किसानों से झूठ बोलकर, उनके वोट लेने की नौटंकी थी। 2014 से 2024 के बीच मोदीजी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किसानों की स्थिति सुधारने के जितने दावे किए, किसानों की बदहाली उतनी ही बढ़ती गई। देश का मेहनतकश किसान यह जानता है कि प्रधानमंत्री ने 2014 में सत्ता में आते ही दोगुनी किसान आय का लक्ष्य रखा। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की योजना को राष्ट्रीय एजेंडा बताया। लेकिन, किसी भी कोशिश और योजना का सीधा लाभ किसानों को नहीं मिला। कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर भी सवाल उठते रहे, इसलिए कई बार किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचना पड़ी।

## किसानों के आंदोलन ने बताया खेती का सच

2017 और 2020 के दौरान हुए बड़े किसान आंदोलन हुए थे। 2017 में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में किसान आंदोलन हुए, जहां किसानों ने कर्ज माफी और उचित दाम की मांग की। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर हुए किसानों के आंदोलन ने देश को हिला कर रख दिया। इन कानूनों के तहत कृषि बाजार में निजी कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने की बात थी। लेकिन, किसानों ने आशंका जताई कि इससे एमएसपी प्रणाली खत्म हो जाएगी और उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलेगा। इस आंदोलन के दौरान हजारों किसान दिल्ली की सीमाओं पर डटे रहे, जिसके चलते सरकार को अंततः कानूनों को वापस लेना पड़ा। 2019 में केंद्र सरकार ने किसानों की आय में सुधार के लिए पीएम-किसान योजना की शुरूआत की। किसानों ने तर्क के साथ कहा कि यह राशि पर्याप्त नहीं है। इतने कम धन में किसानों की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता।

## कर्ज का संकट, न्यूनतम समर्थन मूल्य का झूठ

2014 से 2024 के बीच किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या कर्ज की थी। भाजपा शासित राज्यों में कर्ज माफी का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो सका। इससे किसान आत्महत्याओं की घटनाएं बढ़ीं। कर्ज का पुराना बोझ भी किसानों को परेशान करता रहा। 2018 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2014 से 2018 के बीच हर साल औसतन 10, 000 से अधिक किसान आत्महत्याएं हुईं। किसान संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाया कि उनकी नीतियां छोटे और सीमांत किसानों के बजाय बड़े व्यापारियों और कंपनियों को लाभ पहुंचाती हैं। एमएसपी में बढ़ोतरी का दावा तो सरकार द्वारा किया गया, लेकिन किसानों की शिकायत रही कि फसलें एमएसपी पर बिकने के बजाय व्यापारियों द्वारा कम कीमतों पर खरीदी जाती रहीं। विशेष रूप से गेहूं, चावल, दाल और गन्ने जैसी प्रमुख फसलों की उचित कीमत न मिलने की शिकायत किसान लगातार करते रहे, लेकिन सरकारों ने सुनवाई नहीं की।

## फसल बीमा योजना की चुनौतियां

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा देना था। परंतु, इसके क्रियान्वयन में गंभीर समस्याएं सामने आईं। बीमा कंपनियों ने किसानों को मुआवजा देने में देरी की। किसानों को नुकसान के बावजूद सही मुआवजा नहीं मिल पाया। इससे योजना के प्रति किसानों का विश्वास घट गया। मोदी सरकार ने 2014 से 2024 के बीच ग्रामीण सड़कों, बिजली और सिंचाई व्यवस्था में सुधार के कई दावे किए। मीडिया को झूठे प्रमाण देकर बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और सौभाग्य योजना से गांवों में बिजली और सड़कों का विस्तार हुआ। परंतु, इनका प्रभाव कृषि उत्पादकता और किसानों से जुड़े लाभ पर अब तक दिखाई नहीं दे रहा है।

## कृषि कानूनों से कैसे हो सकता था कृषि सुधार?

क्या 2020 में पारित तीन कृषि कानून किसानों की उपज के बेहतर मूल्य और कृषि बाजार को सुधारने के उद्देश्य से लाए गए थे? यह 100% झूठ है! इसीलिए, लाखों किसानों ने विरोध किया और इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताया। किसानों का कहना है कि ऐसे कानून निजी कंपनियों को कृषि में अधिक प्रभावी बना देंगे और छोटे किसानों को नुकसान ही होगा। लगभग एक साल तक चले आंदोलन के बाद सरकार ने कानून तो वापस लिए, लेकिन किसानों को लेकर गहरे किस्म की दुर्भावना और घृणा मन में रख ली। तभी तो यह मामला किसानों और सरकार के बीच संबंधों में बड़ी दरार की तरह देखा गया। इस आंदोलन ने सरकार की किसान नीतियों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के तहत कृषि क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा का झूठा दावा किया। कागजों में भारत ने कृषि उत्पादों का निर्यात तो बढ़ाया, लेकिन इसका सीधा लाभ छोटे किसानों को नहीं मिला। बड़े व्यापारी और कृषि-व्यवसायिक कंपनियां ही ज्यादातर लाभान्वित हुईं। सरकार ने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर जोर दिया। ई-नाम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) जैसी योजनाएं लाई गईं, जिनका उद्देश्य कृषि उत्पादों के ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा देना था। परंतु, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीकी जागरूकता की कमी के कारण इसका लाभ भी किसानों तक नहीं पहुंच सका। यही सबसे बड़ी परेशानी है कि केंद्र सरकार ने किसान कल्याण के नाम पर झूठा प्रचार तो बहुत किया, लेकिन सच्चाई से मुंह फेर लिया।

बात अब केंद्र के साथ राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार को लेकर भी की जानी चाहिए। भाजपा ने जब से मध्य प्रदेश की सत्ता संभाली, तब से लेकर अब तक किसानों के लिए जो नीतियां लागू की गईं, वे ज्यादातर किसान हितैषी कम और किसान विरोधी अधिक साबित हुईं।

# स्वच्छ भारत मिशन ने बदली भारत की छवि

**-मधुकर पवार-**

इन दिनों समूचे भारत में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, कार्यालयों, सार्वजनिक व पर्यटक स्थलों, रेलवे स्टेशनों तथा आसपास के परिसरों आदि की साफ-सफाई के लिये विशेष सफाई अभियान चलाकर आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि स्वच्छता अभियान सतत चलता रहे। विगत 19 सितम्बर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उज्जैन प्रवास पर थीं। इस दौरान उन्होंने महाकाल परिसर में झाड़ू लगाकर श्रमदान कर यह संदेश दिया कि चाहे कोई व्यक्ति कितने ही बड़े पद पर क्यों न हो, स्वच्छता उनकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि पिछले 10 वर्षों में स्वच्छता अभियान देशव्यापी जन आंदोलन बन गया है। मध्य प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये राष्ट्रपति ने कहा कि इंदौर ने लगातार सात बार देश का स्वच्छतम शहर बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। भोपाल को सबसे स्वच्छ राजधानी होने का गौरव प्राप्त है। राज्य के अनेक शहर वाटर प्लस और ओडीएफ डबल प्लस की श्रेणी में पुरस्कृत हुए हैं। उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में मध्य प्रदेश की उपलब्धियों का श्रेय अग्रिम पंक्ति के सफाई मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण सन 2025 तक चलेगा। इस दौरान हमें संपूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को पूरा करना है।

हाल ही में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भी राजस्थान के झुंझुनू जिला में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के अधिकांश परिवारों में शौचालयों का नहीं होना एक अभिशाप था। इससे सबसे ज्यादा बेटियों और महिलाओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ती थी लेकिन अब स्वच्छ भारत मिशन से उनका सम्मान और गौरव बढ़ा है। यूनिसेफ के सर्वे में यह बात उभरकर सामने आई है कि अब करीब 93 प्रतिशत महिलाएं मानती हैं कि उन्हें सम्मान मिला है और वे सुरक्षित महसूस करती हैं। हाल ही में एक शोध में पाया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के शुरू होने के बाद नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। शोध के निष्कर्ष में बताया गया है कि भारत में सन 2014 के बाद से हर साल 60, 000 से 70, 000 नवजात शिशुओं की जान बच रही है।

भारत में स्वच्छ भारत मिशन को शुरू हुए लगभग 10 साल हो गए हैं। इस दौरान चरणबद्ध तरीके से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए स्वच्छता अभियान के सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। इस अभियान से बच्चे, युवा, जवान और बुजुर्ग सभी जुड़े और यह देखते ही देखते जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित हो गया। गांव-गांव और शहर- शहर में स्वच्छता को लेकर होड़ सी लग गई और इसके परिणाम स्वरूप गांव, जिला और प्रदेश सहित समूचे भारत में स्वच्छता की बयार बहने लगी। पूरे भारत में आम जनता की सक्रिय भागीदारी से खुले में शौच से मुक्त यानी ओडीएफ घोषित कर दिया गया। करीब 10 साल पहले स्वच्छता को लेकर हमारी मानसिकता पर जो गर्द जमी हुई थी, वह अब पूरी तरह साफ हो गई है। हमारी नजरें अब स्वच्छता के बीच केवल गंदगी पर ही जाकर टिकती है। जब चारों ओर स्वच्छता का वातावरण बन रहा है तब कहीं जरा सी भी गंदगी रहती है, वहीं हमारी नजरें ठहर जाती हैं। यह स्वच्छता को लेकर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है।

स्वच्छता को लेकर प्रशासन के साथ आम नागरिकों में भी जुनून सवार है तभी तो मध्य प्रदेश का इंदौर शहर भारत में सबसे स्वच्छ शहर का तमगा लेकर 7 सालों से शीर्ष पर बना हुआ है। इसमें आम नागरिकों और स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग अतुलनीय है। इंदौर को केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भी स्वच्छतम शहर के रूप में मान्यता मिली हुई है। इसका परिणाम यह हुआ है कि अन्य शहर भी इंदौर से स्वच्छता के विभिन्न मापदंडों पर बराबर आने या इससे आगे निकलने की होड़ में शामिल होने के लिए जी तोड़ मेहनत करने लगे हैं। चूंकि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है और निरंतर स्वच्छता को लेकर सजग रहकर इसके विभिन्न मापदंडों के स्तर को बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण होता है। अब स्वच्छता धीरे झ धीरे आम नागरिकों की आदत में शामिल होने लगा है। इसी का परिणाम है कि आज स्वच्छता के मापदण्डों पर भारत की छवि एक स्वच्छ राष्ट्र के रूप में बन रही है। भारत में सन 2014 से पहले निर्मल भारत अभियान चलाया जा रहा था जिसमें केवल शौचालय बनाना ही एकमात्र लक्ष्य था लेकिन राशि इतनी कम (मात्र 4600 रुपए) थी कि इससे किसी तरह शौचालय ही बना पाते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने किया सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद

अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स जी की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से एक-एक करके संवाद किया। जिलाधिकारी ने पूछा जो योजना चलाई जा रही है उसका लाभ आपको मिल रहा है या नहीं कोई दिक्कत तो नहीं समय से पैसा मिल जाता है सहित अन्य बिंदुओं पर जिलाधिकारी ने बच्चों और उनके अभिभावकों से बातचीत किया। जिलाधिकारी ने महिला कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जो विभाग द्वारा चलाई जा रही हैं उनसे लाभान्वित करें। कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कन्या सुमंगला योजना का पात्र लाभार्थी है तो उसे लाभ दिया जाए। जो भी आवेदन प्राप्त हो उनका सत्यापन कर शीघ्र लाभ दिया जाए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

### इज्जत मेहनत की सम्मान इंसान का : सुभाष गुप्ता



गाजियाबाद। दुनियावी दिखावे से दूर रहना बड़ी समझदारी मेहनत की रोटी खाओ और खिलाओ, इज्जत मेहनत की सम्मान इंसान का, कहते हैं कि बात निकलती है तो फिर दूर तलक जाती है, कम समय में गलत तरीके से कमाए धन से बड़ा आदमी बनना यानी पैसा इज्जत शोहरत भले ही मिल जाए लेकिन सुकून नहीं मिल सकता, रातों की नींद और दिन का सुकून मिलना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन होता है, समाजसेवी और रेड क्रास सोसायटी के सभापति सुभाष गुप्ता ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि हमें इज्जत और शोहरत के साथ सुकून भी मिलेगा परन्तु हमारे काम के आधार पर उन्होंने कहा कि भले ही धीरे-धीरे आपकी तरक्की हो पर अच्छे काम करने वाली तरक्की में कभी बाधा नहीं उत्पन्न होती, उन्होंने साफगोई के साथ कहा कि इज्जत तो मेहनत की है और सम्मान इंसान का है परन्तु इस बात को जानते हुए भी लोगों की भावना जाग्रत नहीं होती, सुभाष गुप्ता कहते हैं कि माना कि आप तरक्की थोड़ी देर से करेंगे परन्तु अच्छा कार्य करने वाली तरक्की में कभी बाधा इसलिए नहीं आती चूंकि आपके द्वारा कमाया गया धन मेहनत पसीने की कमाई का है, उन्होंने कहा कि तमाम तरह से लोग गलत धन कमाते हैं लेकिन एक दिन ऐसा आता है जब वह किसी दीन के नहीं रहते, और तब उन्हें पछतावा होता है कि काश मैंने भी मेहनत से किया होता तो आज ये दिन न देखने पड़ते, बता दें कि सुभाष गुप्ता गाजियाबाद की ऐसी शख्सियत के इंसानों में शुमार हैं जिनके बारे में हर एक खासोआम भलीभांति परिचित है, समाजसेवा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित कर सुभाष गुप्ता ने गरीबों की हर समस्या को समझा और उसपर खरे उतरे।

## लैंगिक एकीकरण पर पीएसआई इंडिया के सहयोग से कार्यशाला आयोजित

### कार्यशाला में स्वास्थ्य व शिक्षा समेत कई विभागों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

प्रात: किरण, संवाददाता



अमरोहा। स्वास्थ्य सम्बन्धित गतिविधियों और सेवाओं को बिना किसी भेदभाव के समुदाय स्तर तक व्यवस्थित तरीके से पहुँचाने और लैंगिक एकीकरण व समानता पर जागरूकता को लेकर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई-इंडिया) के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गयी। पीएसआई इंडिया के इफत हामिद ने लैंगिक एकीकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला और आज इस पर चर्चा के उद्देश्य के बारे में भी बताया। कार्यशाला में स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के साथ ही शहरी समन्वय समिति के अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह ने संबंधित विभागों के बीच समन्वय से शहरी स्तर पर लैंगिक एकीकरण (जेंडर इंटीग्रेशन) पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम में जेंडर इंटीग्रेशन को शामिल करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम बिना किसी भेदभाव के स्वास्थ्य सेवाएं सभी तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें लिंग समानता आधारित व्यवहार को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण उद्देश्य है। पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि द्वारा जेंडर संबंधित गतिविधियों द्वारा प्रतिभागियों की समझ को और सुदृढ़ किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों के सवालों का समुचित जवाब भी दिया गया।कार्यशाला में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार, डॉ. विशाल और बेसिक शिक्षा विभाग से भारत भूषण, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल त्रिवेदी, आईएमए अमरोहा अध्यक्ष डा. शकील फारूक, डूडा से विशाल गर्ग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) से सुरेंद्र दुबे, जिला संयुक्त चिकित्सालय से जोगिंद्र कुमार, स्थानीय संस्था से मीनू गौतम, पीएसआई इंडिया से दीपक तिवारी, इफत हामिद, मोहम्मद रिजवान व डा. गीतिका, डीसीपीएम मुकर्रब हुसैन, सरिता कनौजिया, विपुल कुमार शहरी स्वास्थ इकाई के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## आर.एस. पी. इंटर कॉलेज में हुआ स्वच्छता पर कला प्रतियोगिता का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

स्योहारा। नगर के आर. एस. पी. इंटर कॉलेज में सोमवार को नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओ ने स्वच्छता पर अच्छे-अच्छे चित्र बनाएं। प्रतियोगिता में सफल होने वाले प्रतिभागियों को 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर सम्मानित किया जाएगा इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मधुबाला शर्मा,कला अध्यापक उपेश गौतम,प्रवक्ता डालचंद, मनोज कुमार दुबे, एनएसएस अधिकारी वीरेंद्र कुमार,वंदना देवी,मोहिता रस्तोगी,नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, अवर अभियंता सागर ,मुख्य लिपिक देवेंद्र सिंह,लिपिक अमित कुमार, मोहम्मद शान, हरिओम ,राम गोपाल सिंह जुवेशी हसन , पंकज कुमार आदि मौजूद रहे। इस मौके पर छात्राओं ने स्वच्छता की शपथ भी ली और एक मानव श्रृंखला भी बनाई जिसमें अपने द्वारा बनाई गई स्वच्छता की पेंटिग बना कर प्रदर्शन किया गया।आपको बताते चले कि चेयरमैन फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के दिशा निर्देशन और नेतृत्व में ह्वस्वच्छता ही सेवा अभियानह्व को स्योहारा में नगर पालिका परिषद स्योहारा ने युद्ध स्तर पर चला रखा है।

## विधायक के दरबार में हुआ संजय नगर रामलीला कमेटी का फैसला दोनों पक्षों में कराई सुलह

गाजियाबाद, प्रात : किरण



- संजीव चौधरी ने छोड़ी आयोजन की जिम्मेदारी अशोक चांदीवाल और मोहन सिंह रावत बने कार्यक्रम संयोजक
- विधायक अजीत पाल त्यागी ने दोनों पक्षों में कराई सुलह

संजय नगर रामलीला कमेटी के दोनों पक्षों के विवाद का फैसला मंगलवार को विधायक अजीत पाल त्यागी के आरडीसी कार्यालय पर जाकर समाप्त हुआ। श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के दोनों पक्षों का विवाद लगभग एक माह से सड़कों पर चल रहा है। चूंकि डिप्टी रजिस्ट्रार ने दोनों पक्षों के अध्यक्ष पद का चुनाव खारिज कर दिया था। परन्तु परम्परागत आयोजन को कराना भी जरूरी था। इसलिए अपनी विधानसभा क्षेत्र में होने और एक बड़ा धार्मिक आयोजन होने के कारण इसका संज्ञान विधायक अजीत पाल त्यागी ने लेते हुए दोनों पक्षों की बातों को सुना जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से कमेटी के सदस्य अशोक चांदीवाल और मोहन सिंह रावत को इस आयोजन का संयोजक बना दिया गया है। तथा कमेटी के दोनों पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र बाबू वर्मा और संजीव चौधरी दोनों को सभी के साथ मिलकर मोहन सिंह रावत का सहयोग करने के लिए कहा गया है। तथा कमेटी के दोनों पक्षों के सदस्यों को एक ही सूची में सम्मिलित करते हुए समान रूप से कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी दी जायेगी। इस समझोते पर दोनों पक्षों के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक अजीत पाल त्यागी का धन्यवाद दिया और कार्यक्रम संयोजक अशोक चांदीवाल और मोहन सिंह रावत को बधाई दी।

## जिलाधिकारी ने किया कृषक जागरूकता गोष्ठी का फीता काटकर उद्घाटन

### गोबर केचुवे की खाद और जीवामृत का प्रयोग कर किसान सुधारें मिट्टी की सेहत: डीएम

प्रात : किरण, संवाददाता

अमरोहा। कलेक्ट्रेट परिसर में कृषि विभाग द्वारा आयोजित पराली गन्ना पत्ती तथा अन्य फसल अवशेष प्रबंधन व जैविक / प्राकृतिक कृषि जागरूकता गोष्ठी का उद्घाटन जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम फीता काटकर कृषि विभाग ,गन्ना विभाग द्वारा लगाए गए गन्ना,बीज कीटनाशकों और कृषि यंत्र के कृषक जागरूकता संबंधी स्टालों का जिलाधिकारी ने एक-एक करके अवलोकन किया और आवश्यक बिंदुओं पर संबंधित अधिकारी से जानकारी ली ।

उपनिदेशक कृषि राम प्रवेश ने जिलाधिकारी महोदय को कृषि यंत्रों की उपयोगिता अनुदान कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लाभ बीज कीटनाशक नई फसलों की प्रजातियां के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एक-एक करके दी। जिलाधिकारी ने किसान बन्धुओ को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब लोग जैविक खेती/ प्राकृतिक खेती की और बढ़ें यह आपके जीवन और आने वाले पीढ़ी के लिए भी महत्वपूर्ण है।जीवन को बचाना है तो हमें प्राकृतिक खेती के प्रति आना होगा। कहा की खेती में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में केमिकल का प्रयोग किया जा रहा है जो जीवन के लिए हानिकारक है फसल का उत्पादन कम हो लेकिन हमें स्वच्छ शुद्ध अन्न इस प्रकार की खेती करें ।

यह केमिकल पत्तियां मृदा से पत्तियां और बाद में हमारे शरीर में आ जाता है जो नुकसान करता है। पहले के लोगों की आयु ज्यादा होती थी और आज हमारी आयु कम हो जा रही है । जिलाधिकारी ने कहा की जो गन्ने की 238 प्रजाति है उसमें काफी लागत भी आती है और रोग की ज्यादा संभावना है हम नई वैरायटी का प्रयोग करें।जिससे हमें रोग के लिए लगाए जाने वाले केमिकल की लागत से छुटकारा मिल सके और हमें अच्छी प्रजाति की गन्ना प्राप्त हो सके कहा कि यह प्रजाति सभी किसान बन्धुओ को विभाग द्वारा दी जाएगी। कहा हम गोबर की खाद जीवामृत और केचुवे की खाद का प्रयोग करें। कहा कि जो नए-नए शोध किया जा रहे हैं हमारे किसान बन्धु उनको अपने खेतों में प्रयोग करें।

सरकार द्वारा किसानों की आय दुगनी करने की जो बात कही है वह इन्ही सब के प्रयोग से हो सकेगी । कहा कि पराली और गन्ने की पत्ती को ना जलाएं उसको खेत में सड़ाकर खाद के रूप में प्रयोग करें इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी और आपको रासायनिक खाद का भी प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। खेत की मिट्टी भी मजबूत होगी।कहा कि हम उर्वरकों और रसायनों का प्रयोग करके खेती की उपजाऊ शक्ति को कमजोर कर रहे हैं । यह ऊपर से तो सही दिखती है लेकिन अंदर से इसके सभी पोषक तत्व की समाप्त हो गए है।

इस अवसर पर कृषक उत्पादक संगठनों व प्रगतिशील किसानों ने भी जैविक खेती पराली अपशिष्ट प्रबंधन, नवीन प्रजातियो जैविक खेती के लाभों के बारे में अपने संबोधन से किसानों को बताया।अंत में जिलाधिकारी जी ने कृषि विभाग के पराली ,गन्ना पत्ती अपशिष्ट प्रबंधन कृष्ण जागरूकता मोबाइल वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जिला कृषि अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला के वैज्ञानिक तथा अन्य संबंधित अधिकारी कृषक उत्पादक संगठन लाभार्थी तथा बड़ी संख्या में जनपद के किस बन्धु मौजूद रहे।

## डॉली शर्मा के चाचा मनोज भारद्वाज निकले देहात दौरे पर



गाजियाबाद, लायक हुसैन

धौलाना विधानसभा देहात दौरे पर निकले पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा के चाचा मनोज भारद्वाज, इस दौरान मनोज भारद्वाज कुशलिया गांव भी पहुंचे जहां उन्होंने कांग्रेस नेता हुमायूं मिर्जा के निवास पर आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की, बता दें कि कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व गाजियाबाद से लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा के चाचा मनोज भारद्वाज भी कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित हैं साथ ही पार्टी की तमाम विशेषताओं का व्याख्यान करते हुए लोगों में इस बात की भावना जाग्रत करते हैं, मनोज भारद्वाज ने फोन पर बात करते हुए हमारे संवाददाता को बताया कि गाजियाबाद शहर सीट पर उपचुनाव में गठबंधन प्रत्याशी की शत-प्रतिशत जीत सुनिश्चित होने जा रही है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सभी बड़े नेताओं का डेरा सबसे अधिक गाजियाबाद में पड़ा हुआ है इस बात से ये तो साफ हो गया है कि भाजपा को दहशत है कि अब उनके कारनामों की पोल खुल चुकी है और इसीलिए जनता को गुमराह करने के लिए भाजपाइयों द्वारा तरह-तरह के प्रलोभन देकर अपनी ओर आकर्षित करने के लिए तमाम कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन जनता अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं है।

## युवक ने मंदिर के पुजारी से किया अभद्र व्यवहार, केस दर्ज

प्रात : किरण, मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक युवक ने मंदिर के पुजारी अनुज चौधरी के साथ मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

पुजारी के मुताबिक, समुदाय विशेष के युवक ने मंदिर में ईंट भी फेंका। घटना की सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो आरोपी फरार हो चुका था। हिंदू संगठन के भी कई लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है।

पुजारी अनुज चौधरी ने घटना के संबंध में बताया, मैं रोज सुबह पांच बजे मंदिर साफ करता हूं। इस बीच, वो आया और मुझे पत्थर मारना शुरू कर दिया। इसके बाद मैंने खुद को मंदिर का गेट लगाकर बंद कर लिया, तो वह मंदिर के गेट पर लात मारने लगा। उसने मुझे धमकी दी कि अगर फिर तुम मंदिर में आए, तो हम तुम्हें मार देंगे। यह मंदिर हमारा है। मंदिर में फिर से मत आ जाना। हम तुम्हें मार देंगे। इसके बाद, वह मुझे धमकी देने लगा कि तू बाहर निकल। मैं अकेला था, इसलिए मैं बाहर नहीं गया।

पुजारी ने आगे कहा, हमने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करवा दी है। मैंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है, क्योंकि मैं यहां अकेला रहता हूं। इससे पहले यह बदमाश महिलाओं के साथ भी बदतमीजी कर चुका है। यह बाजारों में जाकर लोगों से मारपीट भी कर चुका है। पुजारी ने कहा, गौर करने वाली बात है कि आरोपी ने आज तक ऐसा व्यवहार से हिंदुओं के साथ ही करता है। इसके बारे में बताया जाता है कि यह पागल है, लेकिन यह कोई पागल नहीं है। यह सिर्फ लोगों को बेवकूफ बना रहा है। हम पुलिस से मांग करते हैं कि इसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि यह फिर कभी ऐसी कोई हरकत करने की हिम्मत ना जुटा सके। इस संबंध में थाना सर्कल भूषण ने बयान जारी किया। उन्होंने कहा, आज सुबह कस्बा राया में रेतिया बाजार में पुजारी के साथ एक युवक के द्वारा अभद्रता का मामला प्रकाश में आया। स्थानीय स्तर पर मिल रही जानकारी के मुताबिक, युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं बताई जा रही है। पुलिस में इस युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। युवक को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए जयंत चौधरी ने सीएम योगी को लिखा पत्र

लखनऊ। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता तथा शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र के जरिए अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने अपने पत्र में लिखा, मैंने पिछले दिनों ब्रज क्षेत्र के दौरे के समय कई गांवों का भ्रमण किया था। इस दौरान देखने में आया कि अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों को व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंचा है। उन्हें तत्काल राहत पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ ब्रज क्षेत्र के प्रभावित गांवों का भी प्राथमिकता के आधार पर जल्द सर्वे कराकर बाढ़ पीड़ित किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ के साथ-साथ उपयुक्त मुआवजे का भी लाभ प्रदान किया जाए। बता दें कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पिछले कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश की वजह से किसानों की फसलों को क्षति पहुंची है। किसानों की खरीफ के साथ-साथ ज्वार की फसलें भी बर्बाद हुई हैं। कुछ जिलों में लगातार बारिश होने की वजह से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो चुके हैं। कई जिलों में किसानों ने खुद सामने आकर अपनी फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार से मुआवजे की डिमांड की है। प्रशासन की ओर से भी किसानों को उचित आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। बता दें कि मध्य यूपी और ब्रज मंडल में तेज हवाओं के साथ-साथ बारिश ने इस बार काफी तबाही मचाई है। ब्रज मंडल में पिछले 16 घंटों से लगातार बारिश होने से किसानों की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है।

## वरिष्ठ समाज सेवी हाजी जमील की वालिदा का हुआ इंतेकाल

प्रात : किरण, संवाददाता

स्योहारा।वरिष्ठ समाज सेवी एवं प्रॉपर्टी डीलर हाजी जमील अहमद और हाजी अलीम अहमद उर्फ गुड्डू भाई की 80 वर्षीय वालिदा नियाजी बेगम के निधन पर जनप्रतिनिधियों,बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों ,पत्रकारों ने गहरे रंज-ओ - गम का इजहार किया। हाजी जमील अहमद की 80 वर्षीय वालिदा नियाजी बेगम का बीमारी के चलते निधन हो गया।

उनको बीमारी के चलते दो दिन पहले एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था सोमवार की रात लगभग 9 बजे उनका देहांत हो गया और मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे उनके निजी कब्रिस्तान में सैकड़ो लोगो ने उनकी नमाज ए जनाजा के बाद सुपुर्द खाक कर दिया। आपको बताते चले कि नियाजी बेगम एक दीन दार नमाजी परहेजगार और गरीब परवर महिला थी। वह गरीबो की बहुत मदद करती थी। और सबके सुख दुख में काम आने वाली महिला थी। उन्होंने अपने जीते जी अपने दोनों बेटों को गरीबो की दिल खोलकर मदद करने की हिदायत दे रखी थी।उनके जनाजे में शहर इमाम मौलाना कामिल अंसारी, मौलाना इम्तियाज कासमी, कारी जीशान,सपा नेता अमित चौहान, उमरी कलां चेयरमैन हाजी उस्मान, हाजी अनवर जमाल, डा. सुआलेह अहमद शब्बू, उबेद अख्तर, एडवोकेट फिरोज हैदर, रबीउद्दीन, बसपा नेता हाजी इल्यास चौधरी, चेयरमैन फैसल वारसी,अध्यक्ष प्रेस क्लब स्योहारा, वरिष्ठ समाज सेवी रईस मालदार, मोहम्मद शाकिर पूर्व इंस्पेक्टर पालिका, रियाज उर्फ प्रिंस,नादिर त्यागी, हाकिम फुरकान, जकी जैदी, नसीम पहलवान,बसपा नेता आमिर चौधरी, गौहर इल्यास, कासिम सलमानी, आरिफ जैदी, तनवीर सलमानी, ग्राम प्रधान यामीन शेख, डा.परवेज इरशाद, दानिश इकबाल, यूसुफ ठेकेदार, ग्राम प्रधान जाबिर शेख, जीशान मिर्जा, अमजद अली,बाबू खान, डा.फहाद अर्शी, आजम अली, कलीम अहमद, जमशेद अहमद, हाशिम सलमानी, अध्यापक बदरे आलम,अथर जमाल, एम क्यू गर्ल्स इंटर कालेज लिपिक अफजल अहमद, साजिद अहमद धामपुर, मुनीर अहमद, राजा, जाकिर बैटरी वाले, अशरफ अली, फैजान मिर्जा, मौलाना अनवर, मैनेजर मुस्लिम फंड शादाब अहमद, हारून जैदी, जकीउल्ला, आकिल चौधरी एल्फा आदि सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

महासभा | देश और विश्व के हिंदुओं का धर्म जिस प्रकार से भ्रष्ट करने का प्रयास किया है वह महापाप है अत्यंत निंदनीय है इसमें दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए...

## तिरुपति बालाजी के प्रसाद में जानवरों के चर्बी मिलाने वालों को हो फांसी की सजा, स्वामी चक्रपाणि महाराज

गाजियाबाद, प्रात : किरण





अखिल भारत हिंदू महासभा/ संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज देहरादून में बीजेपी के संस्थापक सदस्य तथा पूर्व राज्यसभा सदस्य आर.के सिन्हा बाबू जी के 74 में जन्म दिवस और संगत पंगत के कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए कहा की कार्य समाज सनातन धर्म की रीड की हड्डी है कई समाज कट्टर हिंदू सनातनी है वह अपने अधिकार के साथ सनातन की रक्षा और राष्ट्र की रक्षा को सबसे पहले रखता है आगे अपने संबोधन में स्वामी जी ने कहा कि तिरुपति बालाजी में जिस तरीके से जगन मोहन रेड्डी सरकार ने हिंदुओं के साथ धोखा देते हुए प्रसाद में गए सूअर और मछली के चर्बी मिलकर के देश और विश्व के हिंदुओं का धर्म जिस प्रकार से भ्रष्ट करने का प्रयास किया है वह महापाप है अत्यंत निंदनीय है इसमें दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए इसलिए स्वामी जी ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कई प्रस्ताव रखें जिसमें प्रमुख था आंध्र की पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के निंदा प्रस्ताव और प्रसाद में चर्बी मिलने वाले दोषियों को जांच कर फांसी की सजा देने की मांग दूसरी सभी न्यायालय में न्याय की देवता भगवान चित्र गुप्त महाराज के तस्वीर लगाने हेतु प्रस्ताव स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि हमें अपने समाज के साथ देश में हो रहे सनातन के खिलाफ डट के खड़े रहने की आवश्यकता है ज्ञात होगी इस अवसर पर बीजेपी के पूर्व राज्यसभा सदस्य बीजेपी के संस्थापक सदस्य आरके सिन्हा बाबूजी काजन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया स्वामी जी ने उन्हें माला पहनकर और देवी कपट का पहन कर मंगल कामना किया आरके सिन्हा ने अपने संबोधन मे स्वामी जी के दोनों प्रस्ताव को ओम ध्वनि के साथ पारित कराया और समर्थन दिया बाबूजी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी तरीके से हिंदू सनातन धर्म पर आज नहीं आने दी जाएगी उन्होंने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर आर.के सिन्हा, का फूल मालाओं एवं उपहार से स्वागत किया तथा केक भी काटा गया, स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि बाबू जी एक महान व्यक्तित्व है जो न सिर्फ संगत पगत के माध्यम से समाज को जोड़ने का काम किया है बल्कि हर क्षेत्र में बाबूजी का कार्य अविस्मरणीय है अवसर संस्था के माध्यम से सर्व समाज के गरीब बच्चों की जीवन बनाने का जो पुनीत कार्य बाबूजी ने किया है वह सबके लिए एक उदाहरण है, बाबूजी ने हर क्षेत्र में हर दिशा में सेवा का एक मिसाल कायम की है स्वामी जी ने कहा कि बाबूजी में हम प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और जयप्रकाश नारायण जैसे महान व्यक्तित्व एक साथ देखते है जिनके साथ बाबूजी का बहुत आत्मिकता भी रहा है उन महापुरुषों के दिए मंत्र पर ही बाबूजी आगे बढ़ रहे हैं हम सबको भी बाबूजी के विचारों को आगे गति देना है स्वामी जी ने कहा कि बाबूजी हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं बाबूजी को सभी वर्ग क्षेत्र और सभी राजनीतिक पार्टी के लोग सम्मान करते हैं,हम सब बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कि बाबू जी का सानिध्य और सभी को आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है, बाबू जी अनेकता में एकता के प्रतीक हैं सभी को एक साथ जोड़ने में बाबूजी को महारत हासिल है मिले मोटा अनाज के माध्यम से बाबू जी लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कर रहे हैं आने वाला भविष्य मोटा अनाज कई है, पूरे देश भर के अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्री मंत्रियों एवं केंद्रीय स्तर के लोगों का बाबू जी को बधाई आया है साथ ही देहरादून के कई पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान मंत्रियों ने बाबू जी को शुभकामनाएं दीं तथा उत्तर प्रदेश के वन मंत्री अरुण सक्सेना, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सुबोध कांत सहाय, केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर सुशील कुमार सिन्हा, अभय सक्सेना जी मिजार्पुर से मनोज श्रीवास्तव, और विपिन श्रीवास्तव, अलीगढ़ से मनोज सक्सेना, तथा चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर, दिल्ली प्रदेश के अखिल भारत हिंदू महासभा के अध्यक्ष विजय पांडे आदि विशिष्ट लोगों ने बाबू जी का अभिनंदन किया उनके स्वागत में कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ था जिसमें प्रसिद्ध बुद्धि नाथ मिश्र, संस्कृति मिश्र, रामायण धर द्विवेदी, डॉक्टर विष्णु सक्सेना , डॉ सुरेश श्रीवास्तव श्रीमती आराधना प्रसाद, डॉ राहुल अवस्थी, श्वेता सिंह जैसे बड़े कवियों ने अपने कविताओं से लोगों जोश भर दिया, वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक सृष्टि सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव आदि ने गाना गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया, स्वामी जी ने कलाकारों को साल और माला पहनाकर सम्मान किया बाबूजी ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए सबका आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम का सफल संचालन श्वेता सुरभि और रंजीत श्रीवास्तव ने किया तथा पूरे कार्यक्रम का सफल व्यवस्थापक मे श्रीमती रत्न ा सिन्हा, अनुरंजन श्रीवास्तव और राहुल कुदेशिया ने अपनी सेवाएं प्रदान की उक्त जानकारी अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रह्म ऋषि बीके शर्मा हनुमान जी ने दिया।

# 26 को जीडीए में एकत्र होंगे वेव सिटी के किसान, किसानो ने लिया फैसला

**गाजियाबाद, प्रात : किरण**

- भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र ने कहा कि हमे एक कमेटी गठित करनी चाहिए जो आने वाली 26 सितम्बर को वार्ता में हिस्सा लेगी।
- सभा में लोगों ने एक मत होकर प्राधिकरण ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की बात कही।



ग्राम बयाना में प्रमोद त्यागी के आवास पर भारतीय किसान संगठन के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे 21 सितम्बर को वेव सिटी बिल्डर व प्राधिकरण की जो मीटिंग हुई है। उसको लेकर चर्चा हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर प्रधान ने की। भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र ने कहा कि हमे एक कमेटी गठित करनी चाहिए जो आने वाली 26 सितम्बर को वार्ता में हिस्सा लेगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सम्मानित लोगो ने विभिन्न विभिन्न मत दिए। इंदर नागर ने कहा कि हमें एक मत होकर वार्ता करनी है।

भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश नागर ने कहा कि चाहे वार्ता के लिए हमे बुलावा प्रशासन की तरफ से आए या ना आए हमे हर हाल में 26 सितम्बर को गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण पहुचना हैं। सभा में उस्थित सभी लोगों ने एक मत होकर प्राधिकरण ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की बात कही।अनुज चौधरी ने कहा कि हमे वार्ता के लिए तैयार रहना चाहिए। सभा के अंत में सभा के अध्यक्ष बालेश्वर प्रधान ने कहा कि हम लोग वार्ता के लिए पहुचेंगे। गाजियाबाद प्राधिकरण वार्ता करे या न करे हम तय समय पर पहुचेंगे। अगर वार्ता नही होती तो आगे की रणनीती वही तैयार करेंगे।प्रत्येक गांव का प्रतिनिधि मण्डल वार्ता में शामिल होगा। सभा में वेव सिटी बिल्डर से पीड़ित सभी गांवों के सम्मानित लोगो उपस्थिति रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महाबोधि और सीमांचल एक्सप्रेस पर पत्थर मारने की घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज

प्रयागराज। नई दिल्ली से आ रही महाबोधि एक्सप्रेस और सीमांचल एक्सप्रेस पर सोमवार की शाम पत्थर मारने की घटना को गंभीरता से लेते हुए मिजार्पुर में आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को मिजार्पुर के पास एक गार्ड ने सूचना दी कि ट्रेन से कोई पत्थर टकराया है। हालांकि इस घटना में ना तो किसी को पत्थर लगा और ना ही किसी यात्री को कोई चोट आई। उन्होंने बताया कि महाबोधि एक्सप्रेस के मामले में आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटनास्थल पर आरपीएफ को कोई संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सोमवार को ही एक अन्य घटना दिल्ली से आई सीमांचल एक्सप्रेस में घटी। प्रयागराज में यमुना ब्रिज के पास एक यात्री ने सूचना दी कि उसे कहीं से एक पत्थर लगा है। ट्रेन के मिजार्पुर पहुंचने पर यात्री का प्राथमिक उपचार किया गया। इस मामले में भी आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### शाहजहांपुर : तमंचा दिखा कर छात्रा के साथ की गयी छेड़छाड़, एक आरोपी हिरासत में

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले के चौक थाना क्षेत्र में एक नर्सिंग कालेज में ठेकेदार ने अपने साथी के साथ मिलकर तमंचे के बल पर एक छात्रा के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और छेड़छाड़ से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और दूसरे की तलाश की जा रही है। नगर क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि चौक कोतवाली क्षेत्र में स्थित नर्सिंग कालेज में टाइल्स लगाने का काम करने वाले सुरेश कुमार (35) ने अपने साथी अनमोल के साथ मिलकर जलालाबाद थानाक्षेत्र की एक छात्रा को सोमवार को शौचालय में पकड़ कर उसके साथ छेड़छाड़ की। एएसपी ने बताया कि जब छात्रा ने विरोध करते हुए चिल्लाने की कोशिश की तो उसका मुंह दबाकर उसके ऊपर तमंचा तान दिया लेकिन छात्रा ने साहस दिखाकर अपने आप को बचाने के लिए आरोपी सुरेश कुमार के हाथ में काट लिया और चिल्लाते हुए बाहर की तरफ भागी। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार छात्रा के चिल्लाने की आवाज सुनकर नर्सिंग कालेज के कर्मी और अन्य छात्राएं मौके पर पहुंच गईं। कुमार ने बताया कि कर्मी और छात्राओं को देख सुरेश कुमार एवं उसका साथी अनमोल वहां से भागने लगे, लेकिन सभी ने मिलकर सुरेश कुमार को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर होगी ऑटोमेटिक कार्यवाही: नगर आयुक्त

- इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर बढ़ी रफ्तार
- निगम में पूर्ण हुई टेक्निकल बिड की प्रक्रिया, तीन कंपनियों ने दिया लाइव डेमो



**गाजियाबाद, प्रात : किरण**

इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में निविदा प्रक्रिया के क्रम में टेक्निकल बिड का कार्य पूर्ण हुआ, एफकॉन नोएडा की कंपनी, एमपी की कंपनी टेक्नोसिस, दिल्ली की कंपनी वैक्सी द्वारा टेक्निकल प्रक्रिया में भाग लिया गया जिनके द्वारा शहर के तीन प्रमुख चौराहों पर नजर रखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था का लाइव डेमो दिया गया, कमेटी के सदस्यों में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सिटी मजिस्ट्रेट डॉक्टर संतोष, सहायक पुलिस आयुक्त, मुख्य अभियंता निर्माण गाजियाबाद नगर निगम,विद्युत विभाग तथा पी.डब्ल्यू.डी. अधिकारी गण उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की योजना के लिए प्रक्रिया तेजी से चल रही है टेंडर प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले तीन बिडर्स जिनके द्वारा टेक्निकल बीड में हिस्सा लिया गया, हापुर चुंगी, बुद्ध चौक वसुंधरा, सेठ मुकुंदन लाल चौराहा की रेड लाइट पर डेमो के रूप में कार्य हुआ है, जिसका लाइव समिति द्वारा देखा गया है जिसमें किस प्रकार रेड लाइट प्रोसेस तथा चालान व अन्य कार्यवाही होगी दशार्या गया है, तीनों बिडर्स में जो बेहतर अंक प्राप्त करेगा उसको आगे बढ़ाया जाएगा जिसका निर्णय समिति द्वारा लिया जाएगा, आईटीएमएस का अंतिम स्टेज पर टेंडर प्रक्रिया हो रहा है लगभग 10 माह के भीतर समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के बाद योजना धरातल पर फलीभूत होगी जिसमें शहर हित में बेहतर कार्य होगा जिसके लिए तेजी से कार्यवाही चल रही है ' टेक्निकल प्रक्रिया के बाद निर्णय के आधार पर फाइनेंशियल बिड खोलने का कार्य 10 से 15 दिन में होगा।

यातायात नियमों का पालन करना हर वाहन चालक के लिए जरूरी है जिसके क्रम में विभागीय कार्यवाही गति पकड़ रही है नियमों का पालन करना तथा अपनी और अपने सह चालकों की जान जोखिम में ना डालते हुए वाहनों को चलाना बेहद जरूरी है जिस पर नजर बनाए रखने के लिए कार्यवाही चल रही है गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय की प्रांगण में ही इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम का कंट्रोल रूम भी तैयार हो रहा है जहां से ट्रैफिक विभाग द्वारा हर गाड़ी पर नजर बनाई जाएगी, चालान की प्रक्रिया भी ऑटोमेटिक होगी।

# संकल्प दिवस पर बहुजन जागरूकता मिशन ने किया बुद्ध वंदना एवं विचार गोष्ठी का आयोजन



**गाजियाबाद, प्रात : किरण**

गांव मंडावरा, सिकंदराबाद, जिला बुलंदशहर में भारतीय संविधान के निमार्ता, नारी के मुक्तिदाता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के संकल्प दिवस पर बहुजन जागरूकता मिशन के तत्वधान में बहुजन जागरूकता मिशन के संरक्षक हरबीर सिंह बौद्ध संगनी महारानी बौद्ध के नेतृत्व में उनके नवनिर्मित मकान में बुद्ध वंदना एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें बोधाचार्य सर्वेश गौतम द्वारा बुद्ध वंदना एवं धम्म देशना से सभी को अनुग्रहित किया। उसके पश्चात वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के संकल्प दिवस, शिक्षा, संवैधानिक अधिकार और सामाजिक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जिसमें काफी बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। वक्तगणो में राखी रावण, एड. अमर सिंह, जय सिंह कैन, एड. गंगाशरण (बबलू), घनश्याम बौद्ध, एड. राधेश्याम, वी. के वर्मा, जे. एस वर्मा आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आए सभी वक्ताओं एवं मीडिया बंधुओं का हरबीर सिंह बौद्ध द्वारा माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सभी का सम्मान किया और सभी का साधुवाद किया। कार्यक्रम के मंच संचालक इंजी एस.पी. गौतम ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों, पुरुष, महिलाओं, बच्चों और वक्तागणो सभी का आभार प्रकट करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रवेश कुमार बौद्ध (कोषाध्यक्ष) जुगनू गौतम (मीडिया), विजय राज (मीडिया), एड. राधेश्याम, मनोज कुमार, एड. योग सिंह, एड. मुकेश कुमार गौतम, रिटायर्ड एडीजी जे. एस. वर्मा, वी. के. वर्मा , हरेंद्र प्रेमी, अनिल कुमार, योगपाल, हरपाल, कंछिद सिंह, कृष्णवीर सिंह, जगपाल, रनवीर पटवारी, प्रत्यक्ष सिंह, पूनम सिंह, तृष्टा सिंह, कुसुम, बॉबी (दीदी) एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में मारे गये सुलतानपुर डकैती के आरोपी अनुज प्रताप सिंह का अंतिम संस्कार हुआ

अमेठी। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए सुलतानपुर डकैती के आरोपी अनुज प्रताप सिंह का अंतिम संस्कार मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच उसके पैतृक गांव में किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक लाख रुपये का इनामी बदमाश अनुज प्रताप सिंह 23 सितंबर की रात एसटीएफ के साथ उन्नाव जिले के अचलगंज थाना क्षेत्र के कोलुहागाडा के पास हुई एक मुठभेड़ में मारा गया था। सुलतानपुर के पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के मुताबिक, अनुज प्रताप सिंह 28 अगस्त को सुलतानपुर के ठठेरी बाजार में भरत सोनी के यहां हुई डकैती को अंजाम देने वाले पांच बदमाशों की टीम में शामिल था। अधिकारियों के अनुसार, अनुज प्रताप सिंह का शव सोमवार रात उनके पैतृक गांव अमेठी जिले के जनापुर लाया गया और मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। तनाव के बीच इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। अंतिम संस्कार पास के एक बाग में हुआ, जहां उसके पिता धर्मराज सिंह ने उसे मुखाग्नि दी। बेटे के मुठभेड़ में मारे जाने से दुखी पिता ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा था, ह्यअखिलेश यादव की इच्छा पूरी हो गई, एक ठाकुर का एनकाउंटर हो गया।

# इमारतों के बेसमेंट में लीक से हटकर गतिविधि,एक्शन ठंडे बस्ते में

- तीन छात्रों की मौत के हादसे के बाद जीडीए ने भी चलाया था सर्वे अभियान

**गाजियाबाद, प्रात : किरण**

किसी ने शायद सही ही कहा है कि केवल हादसे के वक्त लकीर पीटने काम किया जाता है। हाल में देश की राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर एरिया के बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर में बरसात का पानी भरने से तीन छात्रों की मौत के बाद देखा जाए इस बीच शासन का पफरमान प्राप्त होने के साथ दमकल विभाग और जीडीए के आला अधिकारी सडकों पर उतरे तथा उस वक्त लगा कि जैसे इमारतों के बेसमेंट में लीक से हटकर संचालित गतिविधियां पूरी तरह से बंद हो जाएगी। उस दौरान दावा किया गया कि इमारतों के बेसमेंट में लीक से हटकर गतिविधियां किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं की जाएगी,देखा जाए तो समय के साथ साथ इमारतों के बेसमेंट में संचालित गतिविधियों पर नियंत्रण का अभियान ठंडे बस्ते में समा कर रह गया है। देखा जाए तो जिस दौरान दिल्ली के राजेंद्र नगर एरिया में बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर में बरसात का पानी भरने से तीन छात्रों की मौत का हादसा हुआ,उस वक्त जीडीए के प्रवर्तन विभाग के अधिकारी सडकों पर उतरे तथा उस दौरान राजनगर एक्सटेंशन,आरडीसी आदि की बिल्डिंग के बेसमेंट की पडताल की गई। उस दौरान कई इमारतों के बेसमेंट में लीक से हटकर गतिविधियां संचालित होने का खुलासा हुआ। बाकायदा करीब दो सप्ताह तक प्राधिकरण सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एरिया की इमारतों की बिल्डिंग के बेसमेंट की पडताल का अभियान चला। इस बीच अनेक इमारतों के बेसमेंट में लीक से हटकर गतिविधियां पायी गई थीं। यहां तक उजागर हुआ था कि अनेक इमारतों के बेसमेंट में कोचिंग सेंटर तथा दूसरी गतिविधियां संचालित की जा रही है। जीडीए के द्वारा शासन को भी रिपोर्ट भेजी गई थीं।समय के साथ देखा जाए तो इमारतों के बेसमेंट में लीक से हटकर संचालित गतिविधियों पर एक्शन टलकर रह गया है।

# उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का संचालन निगम द्वारा किया जाए

- पुरबिया तथा पहाड़ी समाज ने उठायी मांग



**गाजियाबाद, प्रात : किरण**

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जहां गाजियाबाद नगर निगम की शहर हित में शासन की कई योजना फलीभूत हो रही है, इसी क्रम में पेंडिंग पड़े प्रोजेक्ट भी नगर आयुक्त के मॉनिटरिंग में पूर्ण हो रहे हैं, उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का भी निर्माण पूर्ण हो चुका है, आगामी त्योहारों से पूर्ण भावनाओं के तैयार होने पर पुरबिया समाज तथा पहाड़ी समाज ने नगर आयुक्त का पुष्प कुछ भेंट कर धन्यवाद जताया तथा निगम का आभार व्यक्त किया, साथ ही उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का संचालन निगम द्वारा किया जाए नगर आयुक्त को ज्ञापन भी सौंपा गया।

पुरबिया जन कल्याण परिषद, पर्वतीय भ्रात समाज उत्तराखंड समाज द्वारा उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन की शोभा को देखते हुए निगम का बहुत-बहुत धन्यवाद किया तथा संचालन की प्रक्रिया को करने से पूर्व अपने सुझाव नगर आयुक्त के समक्ष रखें जिसमें निगम द्वारा दोनों भवनों का संचालन किया जाए पत्र भी सोपा गया भवनों का इस्तेमाल समाज तथा शहर निवासियों के हित में हो निर्णय लेने के लिए विचार रखा गया, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उपस्थित उत्तराखंड समाज तथा पुरबिया समाज के सुझावों का सम्मान करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा, उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन के पीछे की भावनाओं का ध्यान रखा जाएगा उपस्थित जनों को बताया गया।

गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग करने के लिए उत्तरांचल तथा पूर्वांचल समाज के लोग एकजुट होकर आगे आ रहे हैं जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त के साथ बैठक हुई बैठक में उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन को निगम के द्वारा संचालित किया जाए चर्चा की गई, निगम अधिकारियों द्वारा उपस्थित जनों को अवगत कराते हुए बताया गया कि सर्वसम्मति से शहर हित तथा निगम हित में निर्णय लिया जाएगा साथ ही उत्तरांचल तथा पूर्वांचल समाज की भावनाओं को महत्व देते हुए ही कार्य किया जाएगा चर्चा की गई, आगामी त्योहारों के लिए उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन पूर्ण रूप से तैयार है आवश्यक नियम अनुसार कार्यवाही के क्रम में निर्णय लिया जाएगा, बैठक के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा भी उपस्थित रहे।

# रामलीला के आयोजन के नाम पर चंदा वसूली बनी विवाद का केंद्र

- संजय नगर राम लीला कमेटी के पदाधिकारियों की नजर अब चुनाव अधिकारी की प्रक्रिया पर

**गाजियाबाद, प्रात : किरण**

राजनगरराम लीला कमेटी का विवाद अभी शांत नहीं हुआ है।इस बीच संजयनगर राम लीला कमेटी का विवाद सडक पर आ गया है। कमेटी के एक पक्ष के द्वारा आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता रखी गई थीं कि इसी बीच दूसरे ग्रुप के लोग भी प्रेस वार्ता स्थल पर पहुंच गए और नारेबाजी की गई। सवाल ये उठ रहा है कि आखिर आयोजन के दौरान किस वजह से ये विवाद उत्पन्न होता है। जानकारों की मानें तो विवाद की वजह राम लीला के आयोजन के नाम पर चंदा वसूली है।

संजय नगर राम लीला कमेटी के कडी में सब रजिस्ट्रार कार्यालय के द्वारा जारी हाल के आदेश को देखा जाए तो सोसाइटी एक्ट के अनुसार नवीनीकरण 15 नबंवर 1984 मे कराया गया था। जो कि 11 नबंवर 2009 तक मान्य था। हैरत का पहलू ये हैकि एक लंबे समय के अंतराल के बाद वीरेंद्र बाबू के द्वारा स्वयं को कमेटी का अध्यक्ष दशार्ते हुए एक हजार रूपए का शुल्क जमा कराते हुए नवीनीकरण की अनुमति मांगी गई। इस बीच संजीव कुमार केद्वारा स्वयं को नव निर्वाचित अध्यक्ष दशार्ते हुए वीरेंद्र बाबू के द्वारा पेश दस्तावेजों को चुनौती दी गई। ये भी अनुरोध किया गया कि उनको सुने बिना संस्था का नवीनीकरण न किया जाए। मजे की बात ये है कि सब रजिस्ट्रार केद्वारा अब तमाम तथ्यों के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अध्ययन के बाद नए सिरे से चुनाव कराने के आदेश दिए है। बाकायदा अपर जिलाधिकारी स्तर से गठित पैनल के माध्यम से नए सिरे चुनाव कराने के आदेश दिए गए है। कार्यक्रम अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है। सब रजिस्ट्रार कार्यालय के आदेश के बाद राम लीला कमेटी के दोनों धडे आमने सामने आ गए है।

# बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले शिक्षक के खिलाफ राजू के खिलाफ मुरादनगर थाने मे मुकदमा दर्ज

- जनपद मे पोक्सो कमेटी गठित होने के बाद भी बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विभागीय स्तर से कमेटी का गठन ठंडे बस्ते मे डालने का किया था काम,बाल कल्याण समिति से बार-बार नोटिस जारी होने पर भी नही दे रहे थे जवाब
- ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन ने जनपद की समीक्षा बैठक लेने आए प्रभारी मंत्री असीम अरुण को प्रकरण से अवगत कराया था

**गाजियाबाद, प्रात : किरण**

ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन को समाचारपत्रों से जानकारी प्राप्त हुई की ग्राम मनौली विकास खंड मुरादनगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक राजू विद्यालय मे पढ़ने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करता है शिक्षक की हरकतों से परेशान अनेकों छात्राओं ने स्कूल आना बंद कर दिया है,गंभीर विषय होने के बाद भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद मे गठित पोक्सो कमेटी मे शिकायत करने के बजाए विभागीय स्तर से जाँच कमेटी गठन कर मामले को लटकाने का काम किया ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी ने बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जे. पी. भद्रदास से मिलकर शिकायत की शिकायत प्राप्त होने पर भद्रदास ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी किया नोटिस प्राप्ति के बाद कोई जवाब प्राप्त न होने पर उनके द्वारा अनुस्मारक भेजा गया किन्तु शिक्षा विभाग हर नोटिस को नजरअंदाज करता रहा तब ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन ने जनपद मे समीक्षा बैठक लेने आए प्रभारी मंत्री अरुण असीम को पूरी घटना से अवगत कराया तब प्रभारी मंत्री निर्देश पर शिक्षक राजू के खिलाफ थाना मुरादनगर मे मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### साथीं की मौत के चार दिन बाद भी आश्रित को मुआवजा नहीं

गाजियाबाद। यू तो सरकारी स्टाफ के डयूटी के दौरान किसी हादसे का शिकार होने पर तत्काल परिजनों को न केवल आर्थिक मदद उपलब्ध करायी जाती है,बल्कि मृतक आश्रित को नौकरी दी जाती है,लेकिन निगम के एक वाहन चालक का परिवार किसी तरह की आर्थिक मदद के लिए पिछले चार दिनों से निगम में ठोंकरे खा रहा है। निगम के संभव दिवस के दौरान वाहन चालकों के द्वारा मृतक आश्रित को मुआवजा दिए जाने की मांग उठायी गई। देखा जाए तो चार दिन पहले निगम का वाहन चालक अशोक शर्मा डयूटी से देरशाम को घर लौट रहा था।राजनगर एक्सटेंशन के निकट सडक हादसे में अशोक की मौत हो गई। निगम के वाहन चालक संघ के द्वारा एक लेटर के माध्यम से मृतक के परिजनों को पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता और मृतक आश्रित को नौकरी पर रखे जाने का आग्रह किया गया।

# भारत-बांग्लादेश के टेस्ट मैच के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम

**कानपुर, प्रात : किरण**

कानपुर के इंटरनेशनल ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से खेले जाने वाले दूसरे भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मैच के विरोध के तौर पर ग्रीन पार्क स्टेडियम के सामने निषेधाज्ञा की अवहेलना करते हुए सड़क अवरुद्ध कर हवन आयोजित करने तथा यातायात बाधित करने के आरोप में सोमवार को अखिल भारतीय हिंदू महासभा के 20 सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, भारत और बांग्लादेश की क्रिकेट टीमों के मंगलवार शाम तक कानपुर पहुंचने की संभावना है। अति विशिष्ट आगंतुकों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कानपुर के अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चंदर ने बताया कि मैच की सुरक्षा-व्यवस्था के इंतजाम के लिए वरिष्ठ अधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस बल की मांग की गई है। उन्होंने कहा, हम सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि हमें पर्याप्त पुलिस बल मिल जाएगा। अधिकारी ने कहा कि वह खुफिया ब्यूरो (आईबी) और राज्य खुफिया एजेंसियों सहित केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं ताकि हर खतरे से निपटने के लिए सूचनाएं साझा की जा सकें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रखने का फैसला किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि शांति भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति से सख्ती से निपटा जाएगा। ग्रीन पार्क स्टेडियम और होटल लैंड मार्क को सेक्टर, जोन और सब-जोन में विभाजित किया गया है और इसका नियंत्रण क्रमशः डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को दिया गया है। कानपुर पूर्वी के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रवण कुमार सिंह को पूरे आयोजन का नोडल अधिकारी बनाया गया है। एसीपी हरीश चंदर ने कहा कि कोतवाली पुलिस ने विरोध के तौर पर ग्रीन पार्क स्टेडियम के गेट नंबर 10 बी के सामने सड़क को अवरुद्ध कर हवन आयोजित करने के लिए अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राकेश मिश्रा समेत 20 सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की है।

**संपत्तिकर वसूली** | सदन बैठक की मिनटस जारी न होने से पार्षद मुश्किल में, डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर के बिल जारी किए है...

# डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर के बिल बने लोगों के लिए गले की फॉश

**गाजियाबाद, प्रात : किरण**

भले ही हाल में संपन्न हुई नगर निगम सदन की बैठक के दौरान निगम कार्यकारिणी के लिए छह सदस्यों का चुनाव संपन्न होने के साथ ही डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर वसूली के प्रस्ताव को एक सिरे से निरस्त करने का निर्णय लिया गया,लेकिन निगम सदन की बैठक से जुडी मिनटस जारी न होने के चलते दुविधा पूर्ण स्थिति बनी हुई है। दुविधा पूर्ण स्थिति उन लोगों के सामने है जिन्हें डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर के बिल जारी किए है,वह ये तय नहीं कर पा रहे है कि वह किस दर के आधार पर बिल का भुगतान करें। कुछ पार्षदों का मानना है कि निगम में अव्यवस्था पैदा होने की वजह निगम कार्यकारिणी और सदन की समय से बैठके न होना है। अब जब निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव संपन्न हो गया है,ऐसे में आवश्यक है कि जल्द बैठक

बुलाते न केवल निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष का चुनाव हो,बल्कि निगम कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाए,ताकि बैठक के माध्यम से अधिकारियों की जबाव देही तय की जा सकें।

देखा जाए तो 17 तारीख को निगम सदन की बैठक का आयोजन किया गया। यू तो बैठक निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों के चुनाव संपन्न कराने के लिए रखी गई। छह सदस्यों के निर्विरोध चुनाव संपन्न होने के साथ बैठक में डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति कर वसूली का प्रस्तावकुछ सदस्यों के द्वारा रखा गया। सर्व सम्मत्ति से डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर वसूली के प्रस्ताव को एक सिरे से निरस्त कर दिया गया। हालांकि निगम अधिकारी दोहराते रहे कि ये व्यवस्था निगम एक्ट के तहत लागू की गइ,लेकिन निगम अधिकारियों की दलील को नजर अंदाज कर दिया गया। हैरत का पहलू ये है कि अभी तक निगम सदन बैठक की




मिनटस ही जारी नहीं की गई है। ऐसे में वह तमाम लोग मुश्किल में है,जिन्हें निगम के संपत्तिकर विभाग के द्वारा डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्तिकर के बिल भेज दिए गए है।

निगम कार्यकारिणी के सदस्य अजय शर्मा ने कहा कि ये बडा ही दुर्भाग्य पूर्ण पहलू हैकि निगम कार्यकारिणी और सदन की बैठक समय से नहीं हो रही है। जिसका परिणाम ये है कि पार्षद उचित मंच पर वार्ड से संबंधित समस्याएं नहीं उठा पा रहे है। ऐसे में निगम में अव्यवस्थाएं बढ गई। संबंधित अधिकारियों पर दूर तक भी नियंत्रण नहीं रह गया है। कुछ पार्षदों का कहना है कि उन्हें ये समझ नहीं आ रहा है कि वार्ड से संबंधित समस्याओं को किस मंच पर उठाया जाए। कुछ पार्षदों ने इस बात को लेकर भी गहरी नाराजगी जतायी कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं रह गया है। वार्ड से संबंधित समस्याएं उठाने पर उन्हें नजर अंदाज कर दिया जा रहा है। इस पहलू को लेकर भी पार्षदों ने सवाल उठाए कि जब कूडा निस्तारण की व्यवस्था निजी हाथों में दे दी गई,ऐसे में निगम में दूर तक भी नगर स्वास्थ्य अधिकारी की आवश्यकता नहीं है। पूर्व पार्षदमनोज चैधरी का कहना है किजहां एक तरफ स्वच्छता अभियान चलाने के दावे किए जा रहे है,ठीक दूसरी तरफ रईसपुर रोड पर संरचना केंद्र के निकट नया डंपिंग ग्राउंड बना दिया गया है,जबकि निकट में केंद्रीय विद्यालय भी है। जिस वक्त क्षेत्र के किसान चारा लेने जाते है,उन्हें दुर्गंध का सामना करना पडता है। पूर्व पार्षद के द्वारा कूडा हटाए जाने की नगर आयुक्त से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति ये है कि जिन कंपनियों को शहर के विभिन्न हिस्सों से कूडा उठाते हुए डंपिंग ग्राउंड तक कूडा पहुंचाने का दायित्व दिया गया है,उनके वाहन हर रोज कितना कूडा लेकर जाते है,दूर तक भी देखने वाला कोई नहीं है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com






## अनिल अंबानी को मिलने वाला है 925 करोड़ का चेक!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारी कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी के अच्छे दिन आने वाले हैं उनकी कंपनियां तेजी से अपना कर्ज कम कर रही हैं। साथ ही अब उनकी कंपनियों को निवेशक भी मिलने लगे हैं। शेयर बाजार ऑपरेटर संजय डांगी और इक्विटी निवेशक संजय कोठारी अनिल अंबानी की पावर कंपनी रिलायंस पावर में 925 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए तैयार हैं। ये दोनों हाई नेटवर्थ इनवेस्टर्स हैं। कंपनी का शेयर लगातार पिछले चार दिनों से अपर सर्किट छू रहा है। साल 2008 में 11,560 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने वाली रिलायंस पावर अपने प्रमोटरों और चुनिंदा निवेशकों को नए इक्विटी शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी करके कुल 1,525 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। यह कदम रिलायंस पावर की कर्ज कम करने और अपनी ग्रीन एनर्जी इनिशिटिव्स को सपोर्ट करने की रणनीति का हिस्सा है। रिलायंस पावर की प्रमोटर रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी में 600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे कंपनी में उसकी हिस्सेदारी मौजूदा 23 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगी। जून 2024 की रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार रिलायंस पावर में रिलायंस इन्फ्रा की 80 प्रतिशत हिस्सेदारी अभी लॉक है। संजय डांगी ने इससे पहले रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस का अधिग्रहण किया था। उनकी इनवेस्टमेंट कंपनी ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर को 675 करोड़ रुपये के शेयर या परिवर्तनीय वारंट आवंटित किए जाएंगे। इससे रिलायंस पावर में संजय डांगी को रिलायंस पावर में 6 प्रतिशत की हिस्सेदारी मिलेगी। उनके पास अभी कंपनी में लगभग 2 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इएनएएम के पूर्व एग्जीक्यूटिव संजय कोठारी सनातन फाइनेंशियल एडवाइजरी सर्विसेज के माध्यम से रिलायंस पावर में 250 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। इससे उन्हें कंपनी में 1.7 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। रिलायंस पावर ने स्टॉक एक्सचेंजेज को बताया किया कि वह 33 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 46.2 करोड़ शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी करेगी। सोमवार को कंपनी के शेयर बीएसई पर 38 रुपये पर बंद हुए।

## बिहार सरकार ने 1261 करोड़ रुपये का दिया काम, सरकारी कंपनी के शेयरों में तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनबीसी लिमिटेड को बिहार की नीतीश कुमार की सरकार की तरफ से 1261 करोड़ रुपये का काम मिला है। इस काम के मिलने के बाद एनबीसीसी के शेयरों में 2.52 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। जिसकी वजह से शेयरों का भाव सोमवार को 178.50 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि दरभंगा में एम्स से जुड़े काम के लिए बिहार के स्वास्थ मंत्रालय की तरफ से 1261 करोड़ रुपये का काम मिला है। बता दें, इसी महीने की शुरुआत में कंपनी ने एमटीएनएल के साथ 1600 करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया है। सरकारी कंपनी एनबीसीसी के नेट प्रॉफिट में 38 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। कंपनी का प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान 107.20 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में एनबीसीसी लिमिटेड का प्रॉफिट 77.40 करोड़ रुपये रहा था। अप्रैल से जून के दौरान इस कंपनी की कुल कमाई 2197.80 करोड़ रुपये रहा था।

# टाटा को मिली बड़ी राहत, 1500 करोड़ के जीएसटी मामले से मिला छुटकारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा संस को टैक्स डिपार्टमेंट से बड़ी राहत मिली है। जीएसटी डिपार्टमेंट की ओर से समूह को भेजी गई 1,500 करोड़ रुपए की टैक्स डिमांड समाप्त कर दी गई है। टैक्स डिमांड का यह मामला डोकोमो के साथ हुई सेटलमेंट डील से जुड़ा हुआ था।

एक रिपोर्ट के अनुसार, डोकोमो के साथ सेटलमेंट डील से जुड़े इस मामले में जीएसटी डिपार्टमेंट की एडजुकेटिंग अथॉरिटी ने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस को राहत दी है। अथॉरिटी ने कंपनी के ऊपर जारी 1,500 करोड़ रुपए की टैक्स डिमांड को डिसमिस करने का फैसला किया है। मामले से जुड़े अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि एडजुकेटिंग अथॉरिटी का यह आदेश आर्बिट्रेशन से जुड़ी कंपनियों के लिए नजीर का काम करेगा। हालांकि अभी टाटा संस के खिलाफ यह मामला





पूरी तरह से समाप्त भी नहीं हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि जीएसटी डिपार्टमेंट एडजुकेटिंग अथॉरिटी के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट जा सकता है। दरअसल टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने समूह की दूरसंचार कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज और जापान की दूरसंचार कंपनी डोकोमो के बीच एक विवद को सुलटाने के लिए 1.27 बिलियन डॉलर का भुगतान किया था। यह भुगतान टाटा संस ने डोकोमो को किया था। जीएसटी डिपार्टमेंट का कहना था कि टाटा संस ने यह पेमेंट टाटा टेलीसर्विसेज की ओर से किया। ऐसे में इसे टाटा संस से टाटा टेलीसर्विसेज को मिले लोन के रूप में ट्रीट किया जाना चाहिए और इस कारण 18 फीसदी की दर से जीएसटी की देनदारी बनती है।

### टाटा संस का तर्क– इस कारण नहीं बनती देनदारी

टाटा संस ने जीएसटी सतर्कता महानिदेशालय के उक्त आदेश को चुनौती दी थी। डीजीजीआई का आदेश 2019 में आया था। टाटा संस का कहना था कि लंदन की एक अदालत में आर्बिट्रेशन की सुनवाई के बाद वह पेमेंट किया गया था। ऐसे में उसके ऊपर जीएसटी की कोई देनदारी नहीं बनती है। टाटा संस ने तर्क पेश किया कि आउट ऑफ कोर्ट सेटलमेंट में जीएसटी की देनदारी का सवाल ही नहीं उठता है।

## एफएंडओ में ट्रेड करने वाले 1.13 करोड़ निवेशकों ने 3 सालों में गंवाए 1.8 लाख करोड़



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने बताया कि इक्विटी फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस यानी एफएंडओ सेगमेंट में 10 में से 9 इंडिविजुअल ट्रेडर्स को लॉस हुआ है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने अपनी एक लेटेस्ट एनालिसिस रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। सेबी ने रिपोर्ट में बताया कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान 1.13 करोड़ एफएंडओ ट्रेडर्स ने 1.81 लाख करोड़ रुपए गंवा दिए। वित्त वर्ष 2023-24 में ही अकेले निवेशकों को 75000 करोड़ रुपए का नुकसान वायदा कारोबार में ट्रेडिंग करने के चलते हुआ है। शेयर बाजार के रेगुलेटर सेबी ने इक्विटी के डेरिवेटिव सेगमेंट में ट्रेड करने पर निवेशकों को हुआ नफा-नुकसान को लेकर एक रिपोर्ट जारी किया है। सेबी की लेटेस्ट रिपोर्ट में कहा गया है, इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव मार्केट्स में इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स की भागीदारी बढ़ी है। इस वजह से यह स्टडी एफवाय22 से एफवाय 24 के दौरान और सभी कैटेगरी के लिए एफएंडओ में इंडिविजुअल ट्रेडर्स के प्रॉफिट और लॉस पैटर्न का एनालिसिस करने के लिए की गई थी। इससे पहले सेबी ने जनवरी 2023 में एक स्टडी पब्लिश की थी।

## म्यूचुअल फंड स्कीम ने निवेशकों को किया मालामाल, 1 लाख के बने 3.4 करोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लंबी अवधि तक म्यूचुअल फंड योजना में निवेश करने से योजना के अंतिम वर्षों में पहले कुछ वर्षों की तुलना में बहुत ज्यादा रिटर्न मिलता है। यह इसलिए होता है क्योंकि पहले कुछ वर्षों में म्यूचुअल फंड द्वारा अर्जित रिटर्न को कोष में जोड़ा जाता है, जिससे योजना को अंतिम वर्षों में उच्च रिटर्न देने में मदद मिलती है।

आपको बता दें कि अगर किसी निवेशक ने इस स्कीम में एक साल पहले 1 लाख का निवेश किया होता, तो स्ब्ट की वेबसाइट पर मौजूद डेटा के अनुसार, 31 जुलाई 2024 तक यह बढ़कर 1.45 लाख हो गया होता। वहीं, तीन साल पहले किया गया निवेश 26.62 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2.03 लाख हो गया होता।

पांच साल की अवधि में यही निवेश बढ़कर 2.74 लाख रुपए हो गया होता। इसी तरह, अगर किसी निवेशक ने 31 मार्च, 1996 को इस स्कीम के लॉन्च के समय 1 लाख रुपए निवेश किया गया होता, तो वह अब बढ़कर 3.41 करोड़ रुपए हो गया होता।

यह स्कीम 31 मार्च, 1996 को लॉन्च हुआ था। इस स्कीम में टॉप 10 होल्डिंग्स आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, सिप्ला, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, स्टेट बैंक




ऑफ इंडिया, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज हैं। न्यूनतम एसआइपी 500 रुपए है। योजना की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 16,422 करोड़ हैं।

### ऐसे चुनें बेस्ट म्यूचुअल फंड स्कीम

म्यूचुअल फंड स्कीम का चुनाव ही आपको बंपर रिटर्न दिलाने की कुंजी है। अगर आप सही फंड चुनेंगे तो ही वह बंपर रिटर्न देगा। इसलिए किसी भी स्कीम में पैसा लगाने के लिए फंड का चुनाव करने में काफी सावधानी बरतें। आप अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम लेने की क्षमता को समझकर, ही फंड चुनें। म्यूचुअल फंड विभिन्न प्रकार के स्कीम उपलब्ध हैं, जिनमें इक्विटी फंड, डेट फंड, हाइब्रिड फंड और थीमैटिक फंड शामिल हैं। अपनी जरूरत के अनुसार फंड चुनें। इसके अलावा म्यूचुअल फंड के ऐतिहासिक प्रदर्शन को देखें। फंड मैनेजर और फंड हाउस के बारे में पता करें। फिर एक्सपेंस रेश्यो और एग्जिट लोड का आकलन करें।

## त्यौहारों का मजा किरकिरा कर सकता है तेल, 1 लाख टन पाम ऑयल के कॉन्ट्रैक्ट हुए कैंसिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस फैस्टिव सीजन में आपको खाद्य तेल के ज्यादा दाम चुकाने पड़ सकते हैं। भारत की रिफाइनरी तेजी से पाम ऑयल के कॉन्ट्रैक्ट कैंसिल कर रही है। इस पाम ऑयल की डिलीवरी अक्तूबर से दिसंबर के बीच होने वाली थी।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा पाम ऑयल इंपोर्टर है। भारत हर महीने करीब 7.50 लाख टन पाम ऑयल इंपोर्ट करता है। इसमें से करीब 1 लाख टन पाम ऑयल के कॉन्ट्रैक्ट अब तक कैंसिल हो चुके हैं, जो कुल इंपोर्ट का करीब 13 फीसदी है। केंद्र सरकार द्वारा इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने का असर अब दिखाई पड़ने लगा है। खाद्य तेलों में पाम ऑयल को मिक्स किया जाता है। ऐसे में इसकी कमी से खाद्य तेलों के दाम में उछाल आ सकता है।



### मलेशिया पाम ऑयल के रेट तेजी से बढ़ रहे

एक रिपोर्ट के अनुसार यह सभी कॉन्ट्रैक्ट पिछले 4 दिनों में कैंसिल हुए हैं। सोमवार को करीब 50,000 टन के इंपोर्ट ऑर्डर कैंसिल हुए हैं। मलेशिया पाम ऑयल फ्यूचर में आई जबरदस्त तेजी के चलते ऐसा हो रहा है।

भारत द्वारा ऑर्डर कैंसिल किए जाने से मलेशिया पाम ऑयल के रेट नीचे आ सकते हैं। साथ ही इससे सोया ऑयल उत्पादकों को भी फायदा हो सकता है। कई रिफाइनरी सोया ऑयल का रुख भी कर सकती हैं।

### क्रूड और रिफाइंड ऑयल पर इंपोर्ट टैक्स 20ल बढ़ा

भारत ने इस महीने की शुरूआत में क्रूड और रिफाइंड ऑयल पर इंपोर्ट टैक्स 20 फीसदी बढ़ा दिया था। इसके चलते अब पाम ऑयल पर इंपोर्ट ड्यूटी 5.5 फीसदी से बढ़कर 27.5 फीसदी हो गई है। अब स्थिति ये बन गई है कि ऑर्डर कैंसिल करने में रिफाइनरी को ज्यादा फायदा है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाम ऑयल बेचने वाले भी इससे खुश हैं। अब वह ज्यादा कीमत में नए सौदे कर सकते हैं। क्रूड पाम ऑयल फिलहाल 1080 डॉलर टन के रेट पर आ गया है। एक महीने पहले तक यह 980 से 1000 डॉलर पर था। भारत मलेशिया के अलावा इंडोनेशिया और थाईलैंड से पाम ऑयल इंपोर्ट करता है।

## अमेरिका में लोन हो गया है सस्ता, भारत के मार्केट में क्या होने वाला है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व (भारत में आरबीआई वैसी ही संस्था है) ने पिछले हफ्ते ब्याज दरों में कटौती के चक्र की शुरुआत कर दी, जिसका काफी समय से इंतजार था। उसने ब्याज दरों में आधा फीसदी की कमी की। मेरिका में मौद्रिक नीति में बदलाव क्यों आया फेडरल रिजर्व के दो दायित्व हैं। पहला, अधिकतम रोजगार के लायक हालात बने रहें। दूसरा, महंगाई दर एक दायरे में रहे। फेडरल रिजर्व ने बताया कि दोनों जिम्मेदारियों को लेकर अभी जो रिस्क है, वह करीब-करीब संतुलित है। महंगाई घट रही है, लेकिन रोजगार में कमी आ रही है।

**महंगाई और घटेगी:** दुनिया के शेयर बाजारों की नजर भी फेडरल रिजर्व पर रहती है। उसकी कमिटी के मेंबर जो आर्थिक अनुमान पेश करते हैं, वह उनके पिछले अनुमानों से कैसे अलग हैं, बाजार इसे देखकर अपना रास्ता तय करता है। तो इस बार इन मेंबरों ने जो अनुमान पेश किए हैं, उनमें 2024 और 2025 के लिए महंगाई दर के मौजूदा लेवल से नीचे रहने की बात कही गई है।

**बेरोजगारी बढ़ेगी :** दूसरी ओर, इस साल के अंत और अगले साल में बेरोजगारी दर बढ़ने की आशंका है। 2024 में उन्होंने बेरोजगारी दर का अनुमान 4.4 प्रतिशत का रखा है, जबकि अगले साल के लिए भी इसके 'सामान्य' से ऊपर रहने का डर है। अभी यह 4.2 प्रतिशत के करीब है। इसलिए इस साल के बचे हुए महीनों और अगले साल में ब्याज दरों में और कमी किए जाने की संभावना है।

**बाजार का रिएक्शन :** वित्तीय बाजार अक्सर भविष्य का अंदाजा लगाकर उसी हिसाब से अपनी चाल तय करते हैं। फेडरल रिजर्व ने पिछले हफ्ते ब्याज दरों में जो कमी की, उसका उसे पहले से अंदाजा था। इसलिए फेडरल रिजर्व के इस कदम के बाद अमेरिकी बॉन्ड यील्ड ऊपर गए, जबकि उन्हें नीचे आना चाहिए था।

## एसएंडपी ने भारत की विकास दर का अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार, अक्तूबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसके साथ रेटिंग एजेंसी ने उम्मीद जताई है कि आरबीआई अपनी अक्तूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू करेगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9 प्रतिशत पर बरकरार रखा है और कहा है कि भारत में ठोस वृद्धि से रिजर्व बैंक महंगाई दर को अपने निर्धारित दायरे में लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा।

एसएंडपी ने कहा, भारत में जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर धीमी रही, क्योंकि उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया, यह पूरे वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए हमारे 6.8 प्रतिशत जीडीपी के अनुमान के अनुरूप है।

पिछले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत बढ़ी थी।




एसएंडपी ने कहा कि जुलाई में पेश किए गए केंद्रीय बजट के अनुसार सरकार राजकोषीय समेकन और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सार्वजनिक व्यय करना जारी रखेगी। बजट में मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 11.11 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय निर्धारित किया गया है। एसएंडपी ने कहा कि आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) खाद्य मुद्रास्फीति को दरों में कटौती के लिए एक बाधा मानता है। उसका मानना है कि जब तक खाद्य कीमतों में वृद्धि की दर में स्थायी और सार्थक गिरावट नहीं आती, तब तक हेडलाइन मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर बनाए रखना मुश्किल होगा।

एसएंडपी ने कहा, हमारा दृष्टिकोण अपरिवर्तित बना हुआ है- हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और इस वित्तीय वर्ष (मार्च 2025 को समाप्त होने वाला वर्ष) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाई है। एसएंडपी को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5 प्रतिशत रहेगी। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक 7-9 अक्तूबर को होनी है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है।

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर रखने का निर्देश दिया है, जिसमें +/- 2 प्रतिशत की घट-बढ़ की गुंजाइश है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से अपनी बेंचमार्क ब्याज दर में 50 आधार अंकों की कटौती के बाद, ऐसी उम्मीदें जताई जा रही हैं कि आरबीआई अगले महीने की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती भी कर सकता है।

## भारत में फेल हुए तो अमेरिका का किया रुख, अब 64,325 करोड़ के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनोद खोसला सिलिकॉन वैली में एक जाना-माना नाम हैं। वह असफलता से सफलता तक के अपने सफर के लिए मशहूर हैं। पुणे में जन्मे खोसला को शुरुआती दिनों में अपने बिजनेस में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। उनके पहले दो बिजनेस कामयाब नहीं हो पाए। फिर उन्होंने अमेरिका का रुख किया। वहीं उनकी किस्मत बदल गई। आज विनोद खोसला सफल भारतीय-अमेरिकी वेंचर कैपिटलिस्ट हैं। उन्होंने अरबों का साम्राज्य खड़ा किया है। आइए, यहां विनोद खोसला की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

विनोद खोसला का जन्म पुणे में हुआ था। उनके पिता सैन्य अधिकारी थे। व्यवसाय या तकनीक से कोई नाता न होने के बावजूद खोसला ने हमेशा एक उद्यमी बनने का सपना देखा। 16 साल की उम्र में उन्होंने इंटेल की स्थापना और उसके प्रवासी संस्थापक के बारे में सुना। इसने उन्हें अपना खुद का व्यवसाय बनाने के लिए प्रेरित किया। खोसला ने सफल वेंचर स्थापित करने की दिशा में अपनी लंबी और कठिन यात्रा शुरू की। लेकिन, यह राह बाधाओं से भरी हुई थी। उनका पहला वेंचर



सोया दूध कंपनी थी। इसका उद्देश्य भारत में उन लोगों की समस्याओं को हल करना था जिनके पास रेफ्रिजरेटर नहीं थे। वैसे तो यह एक नेक विचार था, लेकिन खोसला इसे जमीन पर उतारने में नाकाम रहे। यह उद्यम फेल साबित हुआ। हालांकि, खोसला निराश नहीं हुए। हायर एजुकेशन के लिए वह अमेरिका चले गए। उन्होंने कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल की। बाद में उनकी उद्यमशीलता की महत्वाकांक्षाओं ने उन्हें सिलिकॉन वैली पहुंचाया जहां उन्होंने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए किया। खोसला का दूसरा वेंचर डेजी सिस्टम्स था। इसे कुछ हद तक सफलता मिली। आखिरकार 1982 में सन माइक्रोसिस्टम्स का निर्माण हुआ क्योंकि डेजी सॉफ्टवेयर को चलाने के लिए कस्टम कंप्यूटर हार्डवेयर की जरूरत थी। खोसला ने अपने लंबे समय के दोस्त जॉन डोएर के साथ मिलकर क्लेनर पर्किन्स कॉफील्ड एंड बायर्स की सह-स्थापना की।

खोसला 1986 में केपीसीबी में एक सामान्य भागीदार के रूप में शामिल हुए और चिप-निर्माण बाजार में इंटेल के एकाधिकार को चुनौती देने के लिए सेमीकंडक्टर फर्म नेक्स्टजेन के निर्माण में मदद की। नेक्स्टजेन को बाद में एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेस ने अधिग्रहित कर लिया- जो सेमीकंडक्टर बाजार में इंटेल की मुख्य प्रतियोगी है। लगभग दो दशकों तक कई अभूतपूर्व उपक्रमों में शामिल रहने के बाद 2004 में खोसला ने खोसला वेंचर्स की स्थापना की। यह एक वेंचर कैपिटलिस्ट फर्म है। इस इन्वेस्टमेंट फर्म ने उनकी कुल संपत्ति को आसमान पर पहुंचा दिया। वह करीब 64,325 करोड़ रुपये (7.7 अरब डॉलर) के मालिक हैं। खोसला सिलिकॉन वैली से उभरने वाली सबसे बड़ी सफलता की कहानियों में से एक हैं। उनके पास एक भव्य हवेली और प्राइवेट बीच (समुद्र तट) के साथ 53 एकड़ की प्रॉपर्टी है। खोसला आइआइटी दिल्ली के पूर्व छात्र हैं जहां उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। भारतीय-अमेरिकी बिजनेस मैग्नेट

## संक्षिप्त समाचार

### बदलापुर कांड के आरोपी को पुलिस ने गोलियों से भूना, शिवसेना ने बांटी मिठाइयां; भड़का है विपक्ष

**बदलापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में मौत पर सियासी घमासान शुरू हो गया है। एक तरफ विपक्ष ने घटना पर आश्चर्य जताते हुए मामले में न्यायिक जांच की मांग की तो शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार सुबह बदलापुर रेलवे स्टेशन पर मिठाइयां बांटी। कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर पोस्टर भी प्रदर्शित किए। पुलिस अधिकारियों का मामले में कहना था कि शिंदे को जब तलोजा जेल से बदलापुर लाया जा रहा था तो उसने पुलिस की रिवॉल्वर छीनी और गोली चला दी। जवाबी हमले में वो मारा गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्कूल में सफाईकर्मी के रूप में काम करने वाले अक्षय शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए एक अन्य मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जब तलोजा जेल से बदलापुर ले जाया जा रहा था तभी उसने पुलिसकर्मियों में से एक की रिवॉल्वर छीन ली और गोली चला दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद, उसे कालवा स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चोटों के चलते उसने दम तोड़ दिया।

शिवसेना ने बांटी मिठाइयां

बदलापुर यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से मौत के एक दिन बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ठाणे के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर पोस्टर प्रदर्शित किए और मिठाइयां बांटीं। उधर, मामले में विपक्षी दलों द्वारा न्यायिक जांच की मांग उठाई जा चुकी है। मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को आत्मरक्षा में गोली मारी। आरोपी की गोलीबारी में एक एएसआई घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर पीएमओ में हुआ हाई लेवल मंथन, पराली से लेकर ईवी तक सब पर हुई बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्दियों में हर साल दिल्ली-एनसीआर में होने वाले वायु प्रदूषण को लेकर अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी गंभीर रुख दिखाया है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को हुई एक हाई लेवल टास्क फोर्स की मीटिंग में वायु प्रदूषण से निपटने के विभिन्न उपायों पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान एनसीआर में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और चार्जिंग बुनियादी ढांचे को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया। वहीं, धान की पराली जलाने से रोकने के कदमों पर भी मंथन हुआ।

इस बैठक में सर्दियों के मौसम में दिल्ली-एनसीआर में खराब होती वायु गुणवत्ता के मुद्दे को संबोधित करने में हितधारकों की तत्परता का आकलन किया गया। इसके साथ ही धान की पराली जलाने, वाहनों से निकलने वाले धुएं, सड़क और निर्माण धूल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और डीजल जनरेटर (डीजी) सेट सहित विभिन्न स्रोतों से प्रदूषण से निपटने के लिए चल रहे प्रयासों का मूल्यांकन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. मिश्रा ने सर्दियों के महीनों के दौरान खराब होती वायु गुणवत्ता को कम करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के सख्त और समय पर कार्यान्वयन के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। ग्रैप, सर्दियों के दौरान लागू किया जाने वाला प्रदूषण-रोधी उपाय है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने आगामी धान की पराली उत्पादन पर विवरण पेश की, जिसमें पंजाब में 19.52 मिलियन टन और हरियाणा में 8.10 मिलियन टन पराली जलाने का अनुमान लगाया गया। वर्मा ने कहा कि दोनों राज्यों ने इस वर्ष पराली जलाना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। पंजाब ने अपने 11.5 मिलियन टन धान की पराली को इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के माध्यम से और शेष को एक्स-सीटू विधियों के माध्यम से प्रबंधित करने की योजना बनाई है। इसी तरह हरियाणा 3.3 मिलियन टन का इन-सीटू प्रबंधन करेगा और शेष के लिए एक्स-सीटू विधियों का उपयोग करेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब में 1.50 लाख से अधिक फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनें उपलब्ध होंगी, जिन्हें 24,736 कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) द्वारा समर्थित किया जाएगा, जबकि हरियाणा में 6,794 सीएचसी द्वारा समर्थित 90,945 सीआरएम मशीनें हैं।

## हिमाचल में मई जैसी गर्मी

# शिमला में तो टूट गया 30 साल का रिकॉर्ड; लेकिन दो दिनों में होगी भारी बारिश

**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मॉनसून धीमा हो गया है। इसके चलते दिन में चटक धूप खिलने की वजह से गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। मैदानी इलाकों में मई महीने की तरह गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर और ऊना में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सितंबर महीने के आखिरी दिनों में मौसम के गर्म मिजाज से लोग हैरान हैं। बादलों के न बरसने से हिल्स स्टेशनों में भी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है।



### शिमला में गर्मी ने तोड़ा 30 साल का रिकॉर्ड

राजधानी शिमला में सितंबर महीने में सोमवार को तीन दशक बाद दिन का पारा 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है। इससे पहले सितंबर 1994 में शिमला का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा था। अन्य ठंडे रहने वाले पहाड़ी इलाकों कल्पा, कुफरी, नारकंडा और डल्हौजी में भी अधिकतम तापमान में उछाल आया है। राज्य के सभी क्षेत्रों में मंगलवार को भी आसमान साफ है तथा पारे में और उछाल आएगा।

### दो दिन भारी बारिश का अलर्ट

हालांकि मौसम विभाग ने 26 सितंबर से मॉनसून की सक्रियता से बादलों के बरसने का अनुमान जताया है। 26 व 27 सितंबर को मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में भारी बारिश के साथ मेघ गर्जना व आसमानी बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर शेष 10 जिलों के लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

### 28 और 29 को भी हल्की बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मॉनसून अब अंतिम चरण में है और 26 व 27 सितंबर को इसका असर देखने को मिलेगा। राज्य के कई हिस्सों में इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। खासकर 26 सितंबर को भारी वर्षा होने की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि बादलों के बरसने से दिन के तापमान में कमी देखने को मिलेगी। 28 व 29 सितंबर को भी हल्की वर्षा होने के आसार हैं, हालांकि किसी तरह का अलर्ट नहीं रहेगा।

मॉनसून के धीमे पड़ने से राज्य के न्यूनतम तापमान में उछाल आया है और रातें गर्म हो गई हैं। सोमवार की रात 16 शहरों का न्यूनतम पारा सामान्य से अधिक दर्ज किया। शिमला में न्यूनतम पारा 18, सुंदरनगर में 21, भुंतर में 19.5, कल्पा में 12, धर्मशाला में 19.9, ऊना में 22.6, नाहन में 24.1, केलंग में 10.2, पालमपुर में 18, सोलन में 20.5, मनाली में 15.6, कांगड़ा में 20.6, मंडी में 22.7 और बिलासपुर में 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### नहीं खुलीं भूस्खलन से बंद 23 सड़कें

प्रदेश में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद भूस्खलन आने से 23 सड़कें अब भी बंद हैं। इसमें सबसे अधिक 10 सड़कें कांगड़ा जिले की हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक मंडी जिले में छह, कुल्लू में चार, शिमला में दो और सिरमौर में एक सड़क बंद है।

केंद्र के मुताबिक बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। इस बीच शिमला-बिलासपुर नेशनल हाइवे सोलन जिला के दाड़लाघाट के पास कराड़ा घाट में हुए भूस्खलन से बार-बार अवरुद्ध हो रही है। रविवार की रात हुए भूस्खलन से यह हाईवे बंद हुआ था।

सोमवार सुबह इसे बहाल कर लिया गया, लेकिन देर रात यह फिर हुए भूस्खलन से कई घंटे तक बाधित रही। मंगलवार सुबह से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से जारी है।

## अब तिरुपति के मंदिर के लड्डू में तंबाकू मिलने का दावा

### चर्बी के आरोपों के बीच एक और मामला

**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुपति स्थित मंदिर के प्रसाद में कथित तौर पर जानवर की चर्बी होने से विवाद जारी है। इसी बीच एक महिला की तरफ से दावा किया जा रहा है कि श्री वेंकटेश्वरा मंदिर में मिले लड्डू के अंदर तंबाकू की पुड़िया मिली है। हालांकि, इसे लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाए थे कि जगन मोहन रेड्डी की सरकार में तिरुपति मंदिर में बांटे जाने वाले लड्डुओं में जानवर की चर्बी पाई गई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, खम्मम जिले की रहने वालीं दोन्थु पद्मावति ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें प्रसाद के रूप में मिले लड्डू के अंदर कागज में तंबाकू था। वह 19 सितंबर को तिरुपति मंदिर गई थीं। उस दौरान वह परिवार और पड़ोसियों के लिए प्रसादम लेकर आई थीं।

चैनल से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह बांटने से पहले ही उन्हें लड्डू के अंदर तंबाकू मिल गया था। उन्होंने कहा, मैं लड्डू बांटने ही वाली थी कि अचानक एक छोटे से कागज के टुकड़े में तंबाकू के अंश मिलने से मैं घबरा घबरा गई। उन्होंने इस घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा, प्रसादम पवित्र होना चाहिए और ऐसी मिलावट का पता चलना दिल तोड़ने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा लड्डू में चर्बी का मामला

भारतीय जनता पार्टी के नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। उन्होंने अदालत की निगरानी में जांच किए जाने की अनुरोध किया है।

## टिकट बेचे जा रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी जय तीरथ दहिया का बड़ा आरोप, कांग्रेस से इस्तीफा



**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पूर्व विधायक जय तीरथ दहिया ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के साथ ही उन्होंने पार्टी पर कई आरोप भी लगाए हैं। जय तीरथ ने पार्टी पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया है। 2009 और 2014 में विधायक रह चुके दहिया को आगामी चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया गया। उनकी जगह पार्टी ने जय भगवान अंतिल को अपना उम्मीदवार बनाया है।

अनदेखी किए जाने पर निराशा जताते हुए जय तीरथ ने कहा, एक मजबूत दावेदार होने के बावजूद पार्टी ने मुझे टिकट न देकर अपमानित किया है। उन्होंने आगे कहा, इसीलिए मैंने पार्टी नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। यह सच है कि मैं भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थन के कारण विधायक बना था। जय तीरथ ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनावों में टिकट देने में धांधली हुई है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि इससे पार्टी की छवि को नुकसान होगा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी रहे जय तीरथ दहिया करीब तीन दशकों तक सोनीपत में वकील रह चुके हैं। वह पहले बार 2009 के विधानसभा चुनाव में राई विधानसभा सीट से जीते थे। इसके बाद 2014 में भी उन्होंने जीत दर्ज की थी जब उन्होंने इनेलो के इंद्रजीत को सिर्फ तीन वोटों से हराया था।

## अब मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर के लड्डुओं की शुद्धता पर उठे सवाल

**मुंबई, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित बालाजी मंदिर में लड्डुओं में पशु चर्बी मिलाने के खुलासे और हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचने के विवाद के बाद अब मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर के लड्डुओं की शुद्धता पर भी सवाल उठने लगे हैं। सिद्धिविनायक मंदिर के प्रसाद में चूहों के बच्चे मिले हैं। इसके बाद ये सवाल उठने लगे हैं कि प्रसाद साफ-सुथरे स्थल पर बनाकर नहीं रखे जा रहे हैं और वह अशुद्ध हैं। ये आरोप एक वीडियो के आधार पर लगाए जा रहे हैं, जिसमें सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को बांटे जाने वाले महाप्रसाद लड्डू के पैकेट में चूहे के बच्चे मिले हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज में प्रसाद के पैक्ट्स में



चूहे दिख रहे हैं। इस आरोप पर सिद्धिविनायक मंदिर मंदिर ट्रस्ट की सचिव वीणा पाटिल ने यह मानने से इनकार किया है कि फुटेज मंगदिर ट्रस्ट के अंदर की हैं। हालांकि उन्होंने कहा है कि वह उन तस्वीरों और वीडियो फुटेज की जांच कराएंगी। बता दें कि इस मंदिर में हर रोज 50 हजार के करीब लड्डू बनते हैं। प्रसाद के एक पैकेट में 50-50 ग्राम के दो लड्डू होते हैं। त्योहार के समय में प्रसाद की मांग बढ़ जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित होने से पहले फूड एंड ड्रग्स डिपार्टमेंट के अधिकारी इन लड्डू में इस्तेमाल होने वाली चीजों की नियमित जांच करते हैं और उसे सर्टिफाइड करते हैं। लैब टेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, इन लड्डुओं को सात-आठ दिन तक सहेजकर रखा जा सकता है, वे खराब नहीं होते लेकिन लड्डुओं में चूहे के बच्चे पाए जाने की तस्वीरें सामने आने के बाद मंदिर के भीतर साफ-सफाई और प्रसाद की शुद्धता को लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

उधर, तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में पशु चर्बी के मामले में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगें थे और उनका परीक्षण किया था।

## दिल्ली में ड्रग्स स्मगलर्स पर मंडराया बुलडोजर वाला खतरा, 100 लोगों की लिस्ट तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में ड्रग्स माफियाओं के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की तैयारी हो रही है। यह जानकारी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम ने बीते दिनों आयोजित बैठक में दी गई है। दिल्ली पुलिस ने अपने सर्वे में ड्रग्स स्मगलिंग में लिप्त ऐसे 100 लोगों की संपत्ति को चिह्नित किया है, जिन पर अवैध निर्माण किया गया है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस की ओर से समय-समय पर ड्रग्स स्मगलिंग करने वाले गैंग पर कार्रवाई की जाती है। पुलिस तस्करों को गिरफ्तार भी करती है, लेकिन कई बार जल्द जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आ जाते हैं। बाहर आते ही फिर स्मगलिंग में जुट जाते हैं। दिल्ली पुलिस ने ऐसे तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है ताकि उन पर शिकंजा कसा जा सके। उन पर न केवल पुलिस बल्कि अन्य एजेंसियों के माध्यम से भी कार्रवाई करनी होगी। दिल्ली पुलिस ने अपने सर्वे में तस्करी में लिप्त 100 लोगों की संपत्ति को चिह्नित किया है।

## न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ खालिस्तानियों की चाल नाकाम, पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय समुदाय के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को खालिस्तान समर्थकों द्वारा बाधित करने की कोशिश नाकाम कर दी गई। न्यूयॉर्क पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के पास एक खालिस्तानी प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार कर लिया और अन्य प्रदर्शनकारियों को भी वहां से हटा दिया। उन्होंने खालिस्तान समर्थकों की प्रदर्शन सामग्री को भी जब्त कर लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को न्यूयॉर्क के नासाउ कोलिजियम में भारतीय-अमेरिकियों की एक बड़ी सभा को संबोधित किया। इस सभा के विरोध में खालिस्तान समर्थक वहां प्रदर्शन करने पहुंचे थे। पुलिस ने उन्हें कार्यक्रम स्थल के बाहर फ्री स्पीच ज़ोन में ही प्रदर्शन की अनुमति दी थी, लेकिन कुछ प्रदर्शनकारियों ने इसका उल्लंघन किया, जिसके चलते



एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।

इसके अलावा, पुलिस ने खालिस्तानी समर्थकों द्वारा लगाए गए भड़काऊ बैनरों और अन्य प्रचार सामग्री को भी हटाया। इस विरोध की योजना सिख फॉर जस्टिस नामक संगठन ने बनाई थी, जिसका नेतृत्व चरमपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू करता है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका की सरकार इस प्रकार के विरोध प्रदर्शनों को लेकर सतर्क है, खासकर जब यह भारत-अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है।

## सीरिया में नई सरकार का गठन, राष्ट्रपति असद ने दी मंजूरी

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने सोमवार को एक आदेश में नई सरकार के गठन की घोषणा की। आदेश के तहत पूर्व उप विदेश मंत्री बासम अल-सब्बाग को फैसल मेकदाद के स्थान पर विदेश मंत्री बनाया गया। मेकडैड को उपराष्ट्रपति नियुक्त किया गया। जिसे राष्ट्रपति के निर्देशों के तहत विदेश और मीडिया नीति को लागू करने का काम सौंपा गया। सीरिया के सबसे बड़े प्रिंट मीडिया प्रकाशकों में से एक, अल-वहदा प्रिंटिंग एंड पब्लिशिंग ऑर्गनाइजेशन के पूर्व महानिदेशक ज़ियाद घोसौं को नया सूचना मंत्री नामित किया गया। नई सरकार का



गठन शनिवार को अल-असद द्वारा जारी एक आदेश के बाद हुआ है। इसमें उन्होंने पूर्व संचार मंत्री मोहम्मद गाजी जलाली को नए प्रधान मंत्री के रूप में नामित किया। उन्हें जुलाई के संसदीय चुनावों के बाद सरकार बनाने का काम सौंपा था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 55 वर्षीय जलाली अक्टूबर 2014 से यूरोपीय संघ ने प्रतिबंध लगा रखा है।

# लेबनान में 1600 जगहों पर इजराइली हमले: अब तक 492 की मौत, 1645 घायल

**बेरूत, एजेंसी।** इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने सोमवार को हिजबुल्लाह के 1600 टारगेट को निशाना बनाते हुए लेबनान में एयर स्ट्राइक की हैं। इनमें 10 हजार रॉकेट्स बर्बाद करने का दावा किया है। वहीं, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में अब तक 492 लोगों की मौत हुई है। इनमें 58 महिलाएं और 35 बच्चे हैं। 1,645 लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक, 2006 में इजराइल-लेबनान जंग के बाद लेबनान पर हुआ यह सबसे बड़ा हमला है। लेबनान में बुधवार, 25 सितंबर तक के लिए स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है।

इजराइल ने लेबनान में चलाए जा रहे ऑपरेशन को नॉर्दर्न एरोज नाम दिया है। आईडीएफ का दावा है कि हिजबुल्लाह दक्षिणी लेबनान में घरों में मिसाइलें छुपाकर रखता है जिन्हें लगभग एक साल से इजराइल में दागा जा रहा है। वहीं, ह चीफ एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वे नहीं चाहते लेबनान दूसरा गाजा बन जाए। दूसरी तरफ

नेतन्याहू बोले- लोग बीच में न आएं हमारी जंग हिजबुल्लाह से



लेबनान से पलटवार की आशंकाओं के बीच इजराइल में एक हफ्ते की इमरजेंसी लगाई गई है। रक्षा मंत्री योव गलांट के कहने पर इमरजेंसी पर कैबिनेट के मंत्रियों ने फोन से वोटिंग की। इजराइल ने पहले मैसेज भेजा, फिर हमले किए इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह के ठिकाने के करीब रहने वाले लोगों को तुरंत अपने घरों को छोड़ने की चेतावनी दी थी। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, आईडीएफ प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था। हगारी ने लेबनान के नागरिकों को खतरे वाले इलाके से दूर चले जाने को कहा था। उन्होंने कहा था, इजराइली सेना हिजबुल्लाह के खिलाफ और घातक हमले करने जा रही है। हिजबुल्लाह ने घरों और इमारतों में हथियार जमा कर रखे हैं। आप ऐसी इमारत में हैं जहां हथियार हैं तो जल्द से जल्द उसको छोड़ दें। इस मैसेज को लेबनान के सभी नेटवर्क और प्लेटफॉर्म पर अरबी में भेजा जा रहा है।

**नेतन्याहू की लेबनान के लोगों से फिर अपील:** हमलों के कुछ घंटों बाद, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनानी लोगों से संपर्क किया और उनसे हिजबुल्लाह के लिए मानव ढाल न बनने का अनुरोध किया। नेतन्याहू ने अपने संदेश में कहा कि उनका निशाना हिजबुल्लाह हैं क्योंकि उसने हमारी उत्तरी सीमा में लगातार हमलों से इजरायली लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। उत्तरी सीमा पर रह रहे लोग लगातार पलायन कर रहे हैं। हमारा काम उन्हें फिर से उनका घर देना है। इसके लिए हिजबुल्लाह को मिटाना जरूरी है।

**इजरायल में भी इमरजेंसी:** हिजबुल्लाह के तेज होते संघर्ष को देखते हुए इजरायल सरकार ने भी देशभर में हफ्तेभर की इमरजेंसी घोषित कर दी है। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के प्रस्ताव के बाद सोमवार शाम को यह घोषणा की गई। इस निर्णय को होम फ्रंट कमांड को बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर जारी किया गया है। इमरजेंसी आगामी 30 सितंबर तक जारी की गई है। घोषणा में कहा गया है, संघर्ष में हाल के घटनाक्रमों और पूरे देश में नागरिकों पर हमलों की उच्च संभावना के कारण यह निर्णय लिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129